सुप्रभात
रांची, शनिवार
24.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 161



12 फिर सामने आया पूनम पांडेय का बोल्ड अवतार

### 1932 आधारित स्थानीयता, ओबीसी आरक्षण के सवाल पर सदन में बोले संसदीय कार्य मंत्री
# 9वीं अनुसूची में शामिल विधेयकों की शीर्ष कोर्ट नहीं कर सकता समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन 1932 आधारित स्थानीयता और ओबीसी आरक्षण बिल संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नवीं अनुसूची में शामिल विधेयकों को न्यायिक समीक्षा से संरक्षण प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट इसकी समीक्षा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि स्थानीयता और आरक्षण में संशोधन से संबंधित दोनों विधेयक को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के बाद लागू करने का प्रस्ताव है। इसके लिए दोनों को संसद से पारित कराना आवश्यक होगा। श्री आलम ने कहा कि 1973 के बाद शामिल किये गये विधेयकों की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। संसदीय कार्य मंत्री सदन में इस मुद्दे पर भाजपा विधायक अमित मंडल के सवाल का जवाब दे रहे थे।



शुकरार को श्री आलम सदन में भाजपा विधायक विधायक अमित मंडल की ओर से 1932 आधारित स्थानीयता और ओबीसी आरक्षण बिल पर उठाये गये सवाल का जवाब दे रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि दोनों विधेयक और प्रस्ताव को भी संसद से पारित करा कर नवीं अनुसूची में शामिल करा कर इसे लागू किया जा सकता है। श्री आलम ने कहा कि 1973 के बाद शामिल किये गये विधेयकों की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है, लेकिन उनमें सिर्फ संविधान के मूल ढांचे यानी बेसिक स्ट्रक्चर जैसे संसदीय लोकतंत्र, संघवाद, धर्मनिरपेक्षता में उल्लंघन और अनुच्छेद 14, 19 और 21 में प्रदान किये गये अधिकारों के उल्लंघन तक ही न्यायिक समीक्षा सीमित रहेगी। वर्तमान में नवीं अनुसूची में 284 कानून शामिल है, जिन्हें यह सुरक्षा कवच प्राप्त है।

**सरकार ने बताये कारण :** श्री आलम ने कहा, दोनों ही विधेयक का संबंध संविधान के अनुच्छेद 16 से है और संविधान विशेषज्ञों के अनुसार नवीं अनुसूची में इसे शामिल कर दिये जाने से दोनों विधेयकों की न्यायिक समीक्षा नहीं की जा सकेगी। (शेष पेज 11 पर)

## राजभवन से वापस तीन विधेयक फिर सदन से पास

**रांची।** शुक्रवार को राज्य सरकार ने राज्यपाल द्वारा वापस किये गये तीन विधेयकों को सदन से पारित कर दिया। राज्यपाल ने झारखंड वित्त विधेयक 2021 को राज्यपाल ने वापस कर दिया था। इसके बाद सरकार ने पहले इस विधेयक को सदन से वापस लिया और दोबारा सदन में लाया। माले विधायक बिनोद सिंह और आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया। बिनोद सिंह ने कहा कि सदस्यों को विधेयक की कॉपी एक दिन पहले सदस्यों को दी है, जबकि इस विधेयक में 64 बिंदु हैं। उन्होंने कहा कि नियमावली में इस बात का जिक्र है कि सदस्यों को विधेयक की कॉपी सात दिन पहले मिले। ऐसे में बिना अध्ययन किये फिर यह विधेयक पारित हो जायेगा। विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि यह गंभीर विषय है कि आखिर क्यों राज्यपाल ने विधेयक को वापस किया है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से हिंदी और अंग्रेजी शब्द में कुछ गड़बड़ी पर आपत्ति की गयी थी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक की आवश्यकता है। इसमें कई प्रस्ताव लाये गये हैं।

सदन में चर्चा के बाद झारखंड वित्त विधेयक 2022 झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 और झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन संवर्धन और सुविधा विधेयक 2022 ध्वनिमत से पारित हुआ। इससे पहले कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक में कई तरह की त्रुटियों का हवाला देते हुए विधायक मनीष जयसवाल, नवीन जयसवाल, बिनोद सिंह सहित अन्य ने प्रवर समिति में भेजने का आग्रह किया। विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 में जो बिल भारत सरकार ने लाया था। (शेष पेज 11 पर)

### सत्र छोटा था पर कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा : सीएम
# नियोजन नीति विपक्ष की साजिश से खारिज

## झारखंडियों के हित में बनायी थी नीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सत्र तो छोटा था, लेकिन कई विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि नियोजन नीति झारखंडियों के हित में बनायी थी, लेकिन, विपक्ष ने एक आदिवासी नेता को आगे कर हाइकोर्ट से रद्द करवा दिया। सीएम ने कहा कि वह नौजवानों के लिए जल्द ही कोई अच्छा रास्ता निकालेंगे। चपरासी के पद पर ग्रैजुएट लड़के फॉर्म भर रहे हैं। चिंता की बात नहीं है, हम इसका रास्ता निकलेंगे। झारखंड के नौजवान को चिंता करने की जरूरत नहीं है। 20 साल के वातावरण में बदलाव हो रहा है।



कई नीतियां बनायीं, कई उद्योग शुरू हुए। हमारी नीति से बड़े-बड़े उद्योग घराने खुश थे। इसके साथ ही शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया।

**रास्ता तो जरूर निकालेंगे :** सीएम ने कहा कि झारखंडियों के हित बनी नीति को रद्द कराने के चाल में भाजपा सफल रही। उसे गरीबों की कोई चिंता नहीं है।

हो भी कैसे, जिसने 20 वर्षों तक मखमल पर समय गुजारा है। भाजपा के समय में भूख से मौत, सरकारी कर्मियों पर लाठीचार्ज समेत कई अन्य कार्य हुए। वर्तमान समय में सरकार के समक्ष कई चुनौतियां आयीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस विपक्ष के पास ना नेता हो, मुद्दा हो, ना कोई दिशा, उनके साथ कैसे हम सामंजस्य स्थापित करें। षड्यंत्र के साथ नेता नहीं बना रहे हैं। ये नेता बना सकते थे। बाबूलाल को मुखौटा के तहत नेता बनाया है। इन्हें लगता है कि आदिवासी, मूलवासी इनकी चिकनी चुपड़ी बातों में आ जायेंगे। भाजपा की चतुराई को अब हमलोग समझ गये हैं। उन्होंने कहा कि सदन से सरना कोड पारित हुआ। (शेष पेज 11 पर)

## गागर में सागर भरने जैसा रहा सत्र : स्पीकर



**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि इस सत्र में विनियोग विधेयक को छोड़ कर कुल 9 विधेयक सरकार द्वारा लाये गये। इसमें से 8 विधेयकों को विधानसभा द्वारा पारित कर राज्यपाल की सहमति के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सत्र समयावधि के हिसाब से एक छोटा सत्र था, परंतु विधायी कार्यों की उपयोगिता के लिहाज से अत्यंत ही महत्वपूर्ण था। यह सत्र गागर में सागर भरने जैसा रहा। कुल पांच कार्य दिवसों में निर्धारित 17 घंटों तक सदन की कार्यवाही चली, जो कि निर्धारित अवधि का 100 प्रतिशत से भी अधिक है। स्पीकर शुक्रवार को शीतकालीन सत्र में समापन भाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सदस्यों के कुल 326 प्रश्न प्राप्त हुआ। इसमें से 230 प्रश्न स्वीकृत किये गये। इनमें से 174 प्रश्न अल्पसूचित हैं एवं 56 प्रश्न तारांकित हैं। इन 230 प्रश्नों में से 192 प्रश्नों का उत्तर ऑनलाइन प्रश्नोत्तर प्रणाली से प्राप्त हुआ।

### कोरोना : केंद्र की नयी गाइडलाइन, राज्यों को अलर्ट
# बचाव का दिया छह मंत्र टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट और टीका

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चीन में लगातार बढ़ रहे कोरोना के खतरे के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट रहने कहा है। साथ ही केंद्र सरकार ने राज्यों को कोरोना से निपटने के 6 मंत्र टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट, बूस्टर डोज और मास्क दिया है। साथ ही गाइडलाइन का पालन करने का निर्देश दिया है। राज्यों सरकार को मशविरा दिया गया है कि वे मार्केट यूनियन, रेजिडेंशियल सोसयटी और नागरिक संगठनों के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को मास्क पहनने की सलाह दें।

उन्होंने यह भी बताया कि घबराने की बात नहीं है, पॉजिटिविटी दर देश में हर हफ्ते घट रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों निर्देश दिया है कि



आने वाले त्योहारों और नये साल के जश्न को ध्यान में रखते हुए 'टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट एंड वैक्सीनेशन पर ध्यान केंद्रित करें। मास्क पहनने, हाथ की स्वच्छता और शारीरिक दूरी बनाये रखने के लिए कोविड-19 के उचित व्यवहार का पालन करायें। डॉ. मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को कोविड-19 के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और टीकाकरण की प्रगति की राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने राज्यों को सभी तैयारियां रखने की सलाह दी। (शेष पेज 11 पर)

## बन्ना गुप्ता ने मांगे बकाया 110 करोड़

कोरोना पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो रहे बातचीत के दौरान झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कोरोना काल का बकाया 110 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की। विधानसभा परिसर के अपने कार्यालय कक्ष में डॉ मनसुख मांडविया के साथ हुए वीडियो कॉन्फ्रेंस में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रदेश की तैयारियों पर विस्तृत जानकारी दी। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक दौरान के दौरान नये वेरिएंट ओमिक्रोन बीएफ 7 के लक्षणों के बारे में जानकारी मांगी, इसके लक्षण और ट्रीटमेंट सम्बंधित जानकारी भी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की।

# सैन्य वाहन खाई में गिरा, 16 जवान शहीद

## 4 घायल जवान एयरलिफ्ट

**एजेंसी**

**गंगटोक।** सिक्किम के जेमा में शुक्रवार को आर्मी का ट्रक खाई में गिर गया। हादसे में 16 जवान शहीद हो गये। सेना ने बताया कि वाहन एक तीखे मोड़ पर फिसल गया और सीधे खाई में जा गिरा। इस वाहन के साथ आर्मी की दो वैन और थी। तीनों वाहन सुबह चटन से थंगू के लिए निकले थे। सेना की रेस्क्यू टीम ने 4 घायल जवानों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल में भर्ती कराया है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ,पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की है। पीएमने जान गंवाने वाले जवानों के परिवार को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की। (शेष पेज 11 पर)

## घायल बीएसएफ जवान की मौत

**चक्रधरपुर।** जम्मू कश्मीर में बीएसएफ 32 बटालियन में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर तैनात जवान महावीर बरही की तबीयत बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गयी। शुक्रवार को जवान को चक्रधरपुर के असंतलिया में परंपरा के तहत अंतिम विदाई दी गयी। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर असंतलिया राखा निवासी महावीर की अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी 21 दिसंबर की रात मौत हो गयी। बीएसएफ जम्मू कश्मीर से रांची लाया गया, जहां से सड़क मार्ग से शुक्रवार की सुबह चक्रधरपुर थाना में लाया गया।

## आर्चबिशप को सीएम ने दी क्रिसमस की बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीएम ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी श्री सोरेन को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री सोरेन ने आर्चबिशप हाउस परिसर में उपस्थित प्रेस-मीडिया के प्रतिनिधियों को कहा कि क्रिसमस का पर्व हमसभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का दिन होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों के बीच क्रिसमस को लेकर काफी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। सभी के चेहरे पर मुस्कान है। सभी को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। मैं क्रिसमस के मौके पर पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई देता हूं।

## पांच नन फंक्शनल उपक्रमों को बंद करने की अनुशंसा

**रांची।** विधानसभा की सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति ने राज्य के पांच नन फंक्शनल उपक्रमों को बंद करने की अनुसंशा की है। इनमें झारखंड शहरी परिवहन विकास निगम, झालको, पतरातू एनर्जी लिमिटेड, ग्रेटर रांची विकास एजेंसी (जीआरडीए) शामिल हैं। समिति ने कहा है कि इन कंपनियों का क्लोजर करते हुए उसे बेचकर इन्वेस्टमेंट की राशि सरकार वापस ले। समिति ने कहा कि जीआरडीए को रांची का परिधीय विस्तार और विकास करना था, लेकिन उसने रांची को कोर कैपिटल एरिया में 20 साल में झारखंड विधानसभा, हाईकोर्ट और उसमें सिवरेज और वाटर सप्लाई के अलावा कोई काम नहीं किया है।

# सैम करन ने तोड़ा रिकार्ड, 18.5 करोड़ में बिके
### निकोलस (16 करोड़) सबसे महंगे विकेट कीपर, इशान का तोड़ा रिकार्ड




**एजेंसी**

**कोच्चि।** यहां जारी आइपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर सैम करन आइपीएल इतिहास के महंगे खिलाड़ी बन गये। पंजाब किंग्स ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए उन्हें 18.50 करोड़ रुपये में खरीद। 24 साल के कुरेन की बेस प्राइस 2 करोड़ थी, लेकिन उन्हें 9 गुना से ज्यादा कीमत मिली। पहले वे चेन्नई की टीम में थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन आइपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। उन्हें मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपये में खरीदा। विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में वेस्ट इंडीज के निकोलस पूरन ने इशान किशन का रिकार्ड तोड़ दिया। पूरन पर 16 करोड़ में लगी जो एक नया रिकॉर्ड है। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ था। पूरन से पहले 2022 की नीलामी में ईशान किशन को मुंबई इंडियंस ने 15.25 करोड़ में खरीदा था। तब ईशान आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे विकेटकीपर बने थे।

**405 खिलाड़ियों पर बोली लगी:** गुरुवार को मिनी नीलामी में में 405 खिलाड़ियों पर बोली लगी। इनमें 273 भारतीय और 132 विदेशी खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर सैम करन आईपीएल इतिहास के महंगे खिलाड़ी बन गये। पंजाब किंग्स ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 18.50 करोड़ रुपये में खरीद। वहीं ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ रुपये में खरीदा। बेन स्टोक्स को उतनी रकम नहीं मिली, जितनी उम्मीद थी, फिर भी वह 16.25 करोड़ रुपये में मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## आइपीएल में धन की बरसात

सैम करन- 18.50 करोड़(पंजाब), कैमरन ग्रीन - 17.50 करोड़ (मुंबई इंडियंस), बेन स्टोक्स-16.25 करोड़ (चेन्नई सुपर किंग्स), निकोलस पूरन-16 करोड़ (लखनऊ सुपर जायंट्स), हैरी ब्रूक - 13.25 करोड़ (सनराइजर्स हैदराबाद), मयंक अग्रवाल 8.25 करोड़ (सनराइजर्स हैदराबाद)।

### शिल्पी नेहा तिर्की के खुलासे से अजीब स्थिति
# सवाल पूछने से रोकते हैं अधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन सदन में उस वक्त अजीब स्थिति पैदा हो गयी जब सत्तापक्ष की विधायक ने नाम लिये बगैर एक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पहली पाली के दौरान ज्यादा वक्त अपनी सीट के पास खड़ी रहीं। वह सदन को कुछ बताना चाह रही थीं, लेकिन उन्हें वक्त नहीं मिल रहा है। जब मौका मिला तो शिल्पी ने कहा कि उन्हें सवाल पूछने से साजिशन रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी भयावह है कि सदन से जिस संबंधित अधिकारी के बारे में सवाल पूछती हूं, वो अधिकारी फोन कर संपर्क करने लगते हैं। फोन के जरिये सवाल नहीं पूछने की बात करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन में उठाये मुद्दे का खुलासा मीडिया से बातचीत में किया। शिल्पी ने कहा कि बरही प्रखंड का सीइओ फोन कर सवाल पूछने से मना करता है। मैं रुकने वाली नहीं हूं, सवाल करती रहूंगी।

**ऑडिट रिपोर्ट पेश :** इधर सरकार की ओर से प्रथम पाली में आडिट रिपोर्ट (भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक) पेश किया गया। इसे प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने प्रस्तुत किया। इसके बाद भोजनावकाश के लिये अपराह्न दो बजे तक सदन स्थगित कर दिया गया।

## न्यूज डायरी

### सरकारी स्कूलों में 26 से सर्दी की छुट्टी

**रांची।** राजधानी रांची जिले के सरकारी स्कूलों में 26 दिसंबर जाड़े की छुट्टी की घोषणा कर दी गयी। इस संबंध में रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि जिले के विभिन्न शिक्षक संघों के अनुरोध पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में राज्य में अवकाश संबंधी विरोधाभाष को समाप्त करना है। इसके निमित्त 26 दिसंबर से 31 दिसंबर, 2022 तक जिले के माध्यमिक एवं +2 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाता है।

### सड़क हादसे में तीन जवान घायल

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के सतपुलिया के पास दो बाइक की आपस में जोरदार टक्कर में पुलिस के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना बीती रात की है। घायलों की पहचान झुमरीतिलैया निवासी दयानंद मंडल (40), राजकुमार तुरी (32), अर्जुन यादव (34) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बाइक से तिलैया की तरफ जाने के दौरान सतपुलिया के पास दो बाइक के जोरदार टक्कर होने से दोनों बाइक में सवार 3 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। दो जवानों को रिम्स रेफर किया गया है।

### बंगाल में चलेगी 7वीं वंदे भारत एक्सप्रेस

**नयी दिल्ली।** देश की सातवीं एवं पूर्वी भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस कोलकाता से न्यूजलपाईगुड़ी के बीच चलेगी। अगले सप्ताह 30 दिसंबर को हावड़ा से इस गाड़ी को हरी झंडी दिखायी जायेगी और करीब 565 किलोमीटर की दूरी सात घंटे 50 मिनट में तय करेगी। संभवतः इस गाड़ी का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### संसद अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। सत्र के दौरान दोनों सदनों लोकसभा एवं राज्यसभा में सीमा पर चीन के अतिक्रमण का मुद्दा छाया रहा और कांग्रेस के सदस्यों ने इसको लेकर कई बार बहिर्गमन किया। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने सत्र के अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की अलग-अलग घोषणा की। संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसम्बर से शुरू हुआ था। इस दौरान 17 दिनों में कुल 13 बैठकें हुईं। यह सत्र 29 दिसंबर तक प्रस्तावित था।

### नामकुम में सड़क हादसा, दो की मौत

**रांची।** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के रांची-टाटा रोड स्थित पुराना रामपुर के पास शुक्रवार को एक बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में दो बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दोनों मृतक रामपुर पंचायत के ग्राम सिंजुसेरेंग निवासी बताये जा रहे हैं। पुलिस ने बस को पकड़ने के लिए आगे के थाने से संपर्क में है। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,500 रु./प्रति किलो |

# कांग्रेस विधायक कैशकांड : इडी दफ्तर में अनूप सिंह से पूछताछ आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार गिराने की साजिश रचने और कांग्रेस विधायक कैशकांड के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कराने वाले अनूप सिंह से ईडी शनिवार को पूछताछ करेगी। पूछताछ के लिए ईडी ने 16 दिसंबर को अनूप सिंह को समन जारी किया था और 24 दिसंबर को ईडी ऑफिस बुलाया था।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल 30 जुलाई को कोलकाता में झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को 48 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में अनूप सिंह के बयान पर रांची के अरगोड़ा थाना में जीरो एफआईआर 31 जुलाई को दर्ज किया गया था। जिसके बाद तीनों विधायकों को बंगाल पुलिस ने जेल भेज दिया था। इसके बाद इस मामले में कोलकाता पुलिस की सीआईडी मामले की जांच कर रही थी।

## मामले में उप मुखिया समेत अन्य पर कई आरोप

# सीएम ने सहायक अभियंता के विरुद्ध दी अभियोजन स्वीकृति

### आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी करते हुए वित्तीय अनियमितता का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला-खरसावां के चांडिल थाना कांड संख्या 47/2019 के अभियुक्त तत्कालीन पुनर्वास पदाधिकारी सुरेश राम (वर्तमान सहायक अभियंता विशेष प्रमंडल) गुमला के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है। इस मामले में सहायक अभियंता के अतिरिक्त प्राथमिकी युदपति गोप, तत्कालिन उप मुखियाए मैसेड़ा, थाना-ईचागढ़ एवं अप्राथमिकी अभियुक्त विरेन प्रमाणिक, तत्कालीन मापक मैसाड़ा पंचायत, पुर्नवास कार्यालय संख सुवर्णरेखा परियोजना चांडिल, तत्कालीन पुनर्वास पदाधिकारी सुरेश राम, पुनर्वास कार्यालय संख्या दो, सुवर्णरेखा परियोजना चांडिल एवं सारती गोप के विरूद्ध सत्य पाया गया है।

**क्या है मामला :** वर्ष 2013-2015 की अवधि में यदुपति गोपए तत्कालीन उप मुखिया, ग्राम-मैसेड़ा, प्रखंड-ईचागढ़, जिला सरायकेला-खरसावां द्वारा सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में विस्थापितों को सरकार द्वारा दी जानेवाली विकास पुस्तिका सं. 4053, ग्राम मैसड़ा के पुनर्वास अनुदान की राशि के भुगतान में साजिश के तहत फर्जीवाड़ा, जालसाजी एवं सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करते हुए सरकारी राशि का गबन किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित प्राथमिकी अभियुक्त द्वारा सरकारी पद का दुरूपयोग, अपराधिक षड्यंत्र, धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सुनियोजित ढंग से वित्तीय अनियमितता करते हुए सरकारी राशि गबन करने का आरोप गठित किया गया है।

## सत्ता पक्ष पर जमकर बरसे बाबूलाल मरांडी

# राज्य में विकास कार्य ठप, आवाज उठाने के बाद भी कोई सुधार नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** शीतकालीन सत्र का अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है। इसको लेकर कई बार सदन में आवाज उठा चुके हैं, बावजूद राज्य की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से सत्तारूढ़ दल के विधायक भी अब सरकार से नाराज चल रहे हैं और धरना पर बैठ रहे हैं। विपक्ष जब सरकार के काम काज पर सवाल उठाती है तो राजनीति करने का आरोप लगाया जाता है लेकिन हकीकत यह है कि कानून व्यवस्था से लेकर राज्य सरकार की सारी योजनाएं पूरी तरह से ठप हैं। जिसका खामियाजा राज्य की जनता भुगत रही है। वहीं, भाजपा विधायक सीपी सिंह कमल निशान का मास्क लगा कर विस पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कोरोना प्रबंधन में फेल रही है। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरायी हुई है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह से कोरोना वायरस तेजी से फिर फैल रहा है। उससे बचाव के लिए मास्क लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ और भारत सरकार का भी गाइडलाइन आ गयी है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि बहुत सारे लोग आज भी वैक्सीन का दूसरा डोज और बूस्टर डोज नहीं लगाये हैं।

## कुड़मी को एसटी में शामिल करे सरकार

**रांची।** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने शीतकालीन सत्र के चौथे व अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लाकर कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए सदन के माध्यम से सरकार से मांग की। कुड़मी जनजाति समुदाय के द्वारा जंगल साफ करके गांव बसा कर खेती कर जीवन निर्वहन करते हुए पुरखों द्वारा गढ़े गए सांस्कृतिक एवं सामाजिक परंपराओं के अधीन यह समुदाय संचालित है। कुड़मी समुदाय की सांस्कृतिक एवं सामाजिक विशेषता एवं समुदाय की पारंपरिक व्यवस्था ही उसे समुदायों से भिन्न पहचान कराती है। कुड़मी समुदाय की सामाजिक संरचना गांव परगना एवं देश मंडल देश मंडल स्तर पर बनी होती है। जिसमें महातअ, गढ़इत, पटवइ, परग नेइत , मडल तथा देसमडल आदि परंपरागत पदधारी लोग होते हैं। कुड़मी समुदाय की जन्म संस्कार परिवारिक जनों तथा पुरखो द्वारा धारित विधियों से संपन्न होते हैं।

## पंकज मिश्रा समेत तीन के खिलाफ आरोप गठन पांच जनवरी को होगा

**रांची।** ₹1000 करोड़ की मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पंकज मिश्रा समेत तीन आरोपियों के आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई अब 5 जनवरी को होगी। मामले में पंकज मिश्रा के साथ प्रेम प्रकाश एवं बच्चू यादव ट्रायल फेस कर रहा है। तीनों आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि भी 5 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। मामले के आरोपी प्रेम प्रकाश एवं बच्चू यादव की आरोप मुक्त अर्जी कोर्ट से खारिज है जबकि पंकज मिश्रा अब तक आरोप मुक्त अर्जी दाखिल नहीं की है। पंकज मिश्रा 19 जुलाई से बच्चू यादव चार अगस्त से एवं पीपी 25 अगस्त से जेल में हैं।

## पूजा सिंघल और पति के खिलाफ आरोप गठन चार जनवरी को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल एवं उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई अब चार जनवरी को होगी। ईडी कोर्ट में शुक्रवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी। लेकिन कोर्ट के नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। साथ ही, मामले में अगली तारीख चार जनवरी तय की गई है। उक्त दोनों आरोपियों के साथ जेल में बंद बर्खास्त कनीय अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा की न्यायिक हिरासत अवधि 12 दिनों तक बढ़ा दी गई है। अगली पेशी की तारीख चार जनवरी निर्धारित की गई है।

# बांग्लादेशी घुसपैठिये के मामले पर सदन गरमाया, लाल हुए बैद्यनाथ

### भाजपा विधायक अनंत ओझा और कांग्रेस विधायक दीपिका व प्रदीप यादव के बीच तीखी नोकझोंक

**उदय चौहान**



**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से भाजपा विधायक अनंत ओझा ने बांग्लादेशी घुसपैठिये का मामला उठाया। बांग्लादेशी घुसपैठिये के मामले को लेकर सदन खूब गरमाया। इस मामले पर सदन में विधायक अनंत ओझा, कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव एक-दूसरे से गुत्थमगुत्था हो गये। कुछ देर के लिये सदन में अराजक स्थिति उत्पन्न हो गयी। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह और प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और विधायक अनंत ओझा पर बांग्लादेशी मैनिया छाया हुआ है। इनके सांसद दिल्ली में हायतौबा मचाते हैं और ये रांची में विरोधी सुर अलाप रहे हैं। दरअसल, विधायक अनंत ओझा ने कहा कि यह समझ मे नहीं आता कि जब भी बांग्लादेशी घुसपैठियों का नाम आता है तो कांग्रेस के लोगों को मिर्ची क्यों लगने लगती है। उन्होंने कहा कि संथालपरगना में साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका तथा जामताड़ा जिला में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण यहां के डेमोग्राफी में अमूल चूक परिवर्तन हुए हैं। जिससे इन क्षेत्रों जन सांख्यिकी असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। उन्होंने सरकार से राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टार तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संथाल में आदिवासी और हिन्दू की संख्या घट रही है। इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि घुसपैठियों के रोकथाम के लिए राज्य सरकार सक्षम है। कहीं इस तरह की घटना होती है तो सरकार संज्ञान में लेती है। उन्होंने कहा कि संथाल का एक भी जिला बांग्लादेश से नहीं जुड़ता है। हालांकि, विधायक अनंत ओझा का गैर सरकारी संकल्प वोटिंग से गिरा। स्पीकर लगातार अनंत ओझा से गैर सरकारी संकल्प वापस लेने का आग्रह किया लेकिन वह वापस लेने के लिए तैयार नहीं हुये। अंत में स्पीकर ने इस गैर सरकारी संकल्प पर सदन में वोटिंग कराया। इसके तहत अनंत ओझा का प्रस्ताव खारिज हुआ।

### अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना दिया राम ने

अपनी ही सरकार के खिलाफ झामुमो विधायक बैजनाथ राम ने सदन के बाहर और अंदर जमकर बवाल काटा। बालूमाथ में अस्पताल नहीं बनने से विधायक श्री राम लाल थे। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा मुख्य द्वार पर धरना दिया और भोजनावकाश के बाद सदन में ही धरने पर बैठ गये।उनको धरना से उठाने के लिये संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और विधायक सुदिव्या सोनू ने कोशिश की। स्पीकर ने उनसे आसन पर जाकर अपनी बात रखने की नसीहत दी। श्री राम ने कहा की बालूमाथ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का वादा किया गया था। पैसा निकल गया एक ईट नहीं जुड़ा। घोटालेबाज पर कार्रवाई नहीं हुईए । बालूमाथ में पैसे का बंदरबाट हुआ है। इस पर स्वस्थ मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि ये 2015-16 का मामला है। रघुवर दास के सरकार का मामला था। श्री राम ने कहा की सरकार बनी थी, तब ही कहा था कि कार्रवाई करेंगे। लेकिन, दो माह का वादा कर तीन साल बीता दिया। अस्पताल नया बनेगा या नहीं, कुछ तो बतायें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हर चीज हठधर्मिता से नहीं होता है। श्री राम बाहर धरना पर बैठे। अब, सदन में धरना पर बैठ गये। ये सरकार में रह कर सरकार पर अविश्वास कर रहे हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या– 13/2022-23/RWD/CHATRA दिनांक– 23.12.2022

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/CHATRA/ 2022-23 | वार्ड सं॰–01 में पोस्ट ऑफिस से कब्रिस्तान तक भाया मजिस्ट्रेट कॉलोनी तक कालीकृत पथ एवं नाली निर्माण कार्य | 96,98,400.00 | छियानवें लाख अन्ठानबे हजार चार सौ | 06 माह |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– **26.12.2022**
3. ई– पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **31.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग एवं (3) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :– **02.01.2023 पूर्वाह्न 10. 00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।**
5. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **03.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।**
6. ई– पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **8084225903**
8. ई– पुनर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउन्ट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।''

9- UCAN Registration की Photocopy Upload करना अनिवार्य है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 285803 Rural Work Department(22-23)#D

## ऊर्जा विभाग
## झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
## विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, राँची

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/65/2022-23 दिनांक– 23/12/2022

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हुसैनाबाद, पलामू के वर्कशॉप भवन में विद्युत अधिष्ठापन एवं परिसर में सुरक्षा लाईट एवं हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 65,22,649=00 | 10,000=00 | 1,31,000=00 | 30 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.12.2022 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 31.12.2022 के 10.30 बजे अपराह्न से 05.01.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 06.01.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 285797 (Energy)22-23*D

## कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कर्रा

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना वर्षः–2022–23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15 वें वित्त आयोग योजना अन्तर्गत पंचायत समिति/ग्राम पंचायत कर्रा से निम्न योजनाओं के लिए अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जा रही है। जिसका विवरण निम्न है :–

| क्र० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा प्रकाशन की तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि/समय | निविदा खोलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड कर्रा के प्रखण्ड–सह–अंचल परिसर में मुख्य द्वार से कर्मियों के नये भवन तक पीसीसी पथ निर्माण | 699740 | 20000 | 24.12.22 | 30.12.22 Till 03:00 PM | 31.12.22 11:00 AM | कार्यालय प्र0 वि0 पदा0 कर्रा |

नोट :–निविदा के नियम एवं शर्तों की जानकारी प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कर्रा

PR 285815 District(22-23)#D

## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – 21/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 30.12.2022 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 31.12.2022 को (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 31.12.2022 को 05:00 बजे अपराह्न तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी
7. कार्यो का विस्तृत विवरणी :

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | खूँटी–कर्रा मुख्य पथ से Agriculture Park तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2499600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह |

नोट :1. विस्तृत निविदा सूचना एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. जिला परिषद, खूँटी के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।

ह०/– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।

PR 285859 (District) 22-23 (D)

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
## झारखण्ड, सरकार
## कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग

### सामयिक सूचना अंक – 03 / वर्ष 2022 – 23

प्रिय किसान मित्रों,

फसल कटाई के उपरांत सुरक्षित अन्न भंडारण अत्यंत आवश्यक है। भंडारण की सुरक्षा और गुणवत्ता को हानि पहुँचाने वाले कारकों में सबसे प्रमुख है कीड़ो का प्रकोप। इसके अतिरिक्त नमी, चूहे, भंडारण के पात्र या बोरे, अनाज में संक्रमण होने के कारक हैं। भण्डारण की सही जानकारी न होने पर 20 – 25 प्रतिशत तक अनाज नष्ट हो जाते हैं। इसलिए अनाज को लबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए वैज्ञानिक विधि साझा किए जा रहे है। आप सभी को इनका पालन करने की सलाह दी जाती हैं।

- भण्डारण से पूर्व अनाज को अच्छी तरह सूखा ले 10 – 12 प्रतिशत से अधिक नमी न रहे। इसकी जाँच के लिए दाँतो से अनाज के दाने काटने पर कट की आवाज आनी चाहिए।
- पक्के एवं हवादार भण्डार गृह का चयन करना चाहिए। भण्डार गृह के नजदीक पानी का स्रोत नहीं हो एवं बारिश की स्थिति में खिड़की, रोशनदानों से पानी अंदर न जाए।
- भण्डार से पुर्व भण्डार गृह एवं धातु के पात्रों को साफ सुथरा कर लेना चाहिए। फर्श व दिवारों पर पड़ी दरारों को अच्छी तरह बन्द कर दें। कीटमुक्त करने के लिए मालाथियन 50 EC का पानी में 1:100 में बने घोल को दीवारों एवं फर्श पर छिड़काव करे।
- पुराने एवं नए अनाज को न मिलाएँ, अलग – अलग भण्डार करें। खाने वाले अनाज एवं बीज के लिए प्रयोग वाली अनाज को अलग – अलग भडारण करे। पुरानी बोरियो के इस्तेमाल से पहले उन्हे 1% मालाथियन घोल में 3 – 4 मिनट तक उबाल कर धूप में सूखाएँ।
- अनाज से भरे बोरे को भण्डार गृह में रखने के लिए फर्श से 20–25 cm की ऊँचाई पर बाँस या लकड़ी के तख्ते का प्रयोग करें जो दीवार से कम से कम 30cm की दूरी पर हो। बोरियों के छल्लियों के बीच 75cm खाली स्थान रखें। एक बोरियों का ढेर 3m से ज्यादा ऊँचा न रखें, छत से 60cm की दूरी बनाकर रखे ताकि हवा का संचार हो एवं समय – समय पर निरीक्षण करने में सुविधा हो।
- खाने वाले अनाज में कीटनाशी न डाले। नीम की पत्तियों को छाया में सूखाकर अनाज के बीच में डाले या पतले सूती के कपड़े में नीम की पत्तियों को डाल कर अनाज के बीच में रख सकते है।
- चूहों से नियंत्रण के लिए 2-3% जिंक फॉस्फाइड युक्त चूहा विष आहार बनाए एवं चूहों के आवाजाही के रास्ते में रख दे।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 285780 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23).D

## कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग

जिला स्कूल के नजदीक, झील रोड, हजारीबाग (झारखंड)
पिन- 825301
email-rtahaz.02@gmail.com/
ncrta-hazaribag@jharkhandmail.gov.in

### -:आवश्यक-सूचना:-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक, जो दिनांक 17.01.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के सभा–कक्ष में निर्धारित थी, अपरिहार्य कारणवश स्थगित करते हुए अब दिनांक 31.01.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे निर्धारित की जाती है। आवेदन समर्पित करने एवं अन्य तिथि निम्न रूप से निर्धारित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **Online** आवेदन करने की अंतिम तिथि | 26.12.2022 तक |
| समय–सारिणी का प्रकाशन **spermit.jharkhand.gov.in** पर | 27.12.2022 को |
| **Online** आपत्ति समर्पित करने की अंतिम तिथि | 03.01.2023 तक |
| प्राधिकार की बैठक की तिथि | 31.01.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से |

शेष बिंदु यथावत् रहेगें।
आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 285612 Transport (22-23)_D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## RAMGARH MUNICIPAL COUNCIL

NIT No.: RGH/NP/06/2022-23 (RE-TENDER)
[VERY URGENT TENDER]
REQUEST FOR PROPOSAL

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Selection of Chartered Accountant/ Cost Accountant Firms for Internal Audit of Ramgarh Municipal Council, |
| 2 | Descriptions and Objectives of the Assignments | Internal Audit to assist in improving the accountability of use, Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement. |
| 3 | Language of Documentation | English |
| 4 | Mode of submission of bids | Offline |
| 5 | Tender Document Fees | 10,000 |
| 6 | Earnest Money Deposit | 50,000/- |
| 7 | EMD Exemption Allowed | No |
| 8 | EMD Payable to | Executive Officer, Nagar Parishad Ramgarh payable at Ramgarh |
| 9 | Method of Selection | "QCBS (Quality Cost Based Selection method) |
| 10 | Total time Period | 3 Years |
| 11 | Date of starting of Sale of Tender. | 24.12.2022 |
| 12 | Last date of Sale of Tender | 28.12.2022 |
| 13 | Last date for submission of Bid Security, and hard copy of Tender | 03.01-2023 |
| 14 | No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package. | 1 copy of Technical Proposal<br>1 copy of Financial proposal |
| 15 | Date of Technical Bid Opening | 05.01.2023 |
| 16 | Bid Sale/ Submission address | Nagar Parishad Ramgarh |
| 17 | Helpline no. | 9135014455 |

Note:- Terms and Conditions may be Displayed on the Notice board of Nagar Parishad Ramgarh.

Sd/-
Executive Officer
Ramgarh Municipal Council

PR 285818 District(22-23).D

## न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह- वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

### निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.01.2023 को 01:30 बजे अपराहन् तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 02:30 बजे अपराहन् में खोली जायेगी।

निलामी हेतु सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध उनके द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो दिनांक 05.01.2023 तक इसकी लिखित सूचना इस न्यायालय में दें जिससे कि उक्त वाहन की निलामी नहीं की जा सके।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्त्तो से संवंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

वाहनों की सूची

| क्रम सं0 | वाहन का प्रकार एंव निबंधन संख्या | स्थान जहां वाहन अवस्थित है |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईजन नं0 TD 10953 ट्रेलर सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 2 | टाटा 407 निबंधन संख्या BR-13BG-0051 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 3 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईजन नं0 JH-02AX-4136 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 4 | हुण्डई कार निबंधन संख्या– JH-01L-0573 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 5 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ईजन नं0 NDH 27218 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 6 | ट्रैक्टर ईजन नं0 PY 3029 D138469 Ch. No. PY5103 BO/0927 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 7 | ट्रैक्टर ईजन नं0 E3179/11266E Ch. No.3458149 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 8 | ट्रक निबंधन संख्या– BEN 3471 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 9 | बोलोरो पिकअप निबंधन संख्या– BR-28G-8910 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 10 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 डी0आई0 ईजन नं0 RDT 4952 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 11 | ब्लू रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर 434 डी0आई0 ईजन नं0 E3031144 Ch. No. B3028867 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 12 | ब्लू रंग का पावर ट्रैक ट्रैक्टर 343 डी0आई0 ईजन नं0 E3093673 Ch. No. B3085072 डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 13 | लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर 275 डी0आई0 ईजन एवं चेसिस नं0 अस्पष्ट डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 14 | लाल रंग का महिन्द्रा ट्रैक्टर 275 डी0आई0 ईजन एवं चेसिस नं0 अस्पष्ट डाला सहित | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 15 | हौण्डा OPTIMAX 125 मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02Q-5772 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 16 | एच0एम0टी0 ट्रैक्टर मॉडल 3522 EDI | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 17 | मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-01R-9150 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 18 | मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02F-0302 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 19 | मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-01AF-3926 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 20 | मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02B-2679 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 21 | मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02P-1135 | मुफ्फसिल थाना परिसर |
| 22 | मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02AG-6063 | मुफ्फसिल थाना परिसर |

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR.NO.285604 Forest, Environment and Climate Changes(22-23):D

### कोरोना वायरस के संक्रमण की आशंका के मद्देनजर तैयारी बैठक

# डीडीसी ने एंबुलेंस, ऑक्सीजन और बेड की उपलब्धता की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कोविड-19 के संक्रमण की आशंका के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। उपायुक्त के निर्देशानुसार शुक्रवार को उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में कोविड-19 से संबंधित तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त ने कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं इलाज से संबंधित तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। श्री यादव ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि कोविड-19 संक्रमण के पिछले फेज में हमें जो अनुभव मिले हैं वह महत्वपूर्ण हैं, समय रहते तैयारियां पूरी करनी है ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे।

**कोविड-19 स्क्रीनिंग की होगी व्यवस्था** : कोविड-19 संक्रमण के बढ़ने की आशंका को देखते हुए एयरपोर्ट, बस स्टैंड इत्यादि जगहों पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को कहा। इस संबंध में तैयारी पूरी रखने का निर्देश दिया है।

**एंबुलेंस और ऑक्सीजन की उपलब्धता की ली जानकारी** : उप विकास आयुक्त ने सदर अस्पताल सहित जिले में एंबुलेंस और ऑक्सीजन की उपलब्धता के संबंध में सिविल सर्जन से जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस है। सदर अस्पताल में ऑक्सीजन की भी पर्याप्त उपलब्धता है। सदर अस्पताल में पीएसए प्लांट, एलमोओ टैंक, जंबो सिलेंडर इत्यादि की जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि पिछले लहर से ही अस्पताल में ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि जिले में जितने भी प्राइमरी हेल्थ सेंटर और सीएचसी हैं, वहां भी ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था है। उप विकास आयुक्त ने मेंटेनेंस सर्विसिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल इक्विपमेंट्स पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। रेगुलेटर, फ्लोमीटर इत्यादि की कमी नहीं होनी चाहिए। डीडीसी ने क्वारेंटाइन सेंटर और मैन पावर संबंधी जानकारी भी ली। उन्होंने वैक्सीनेशन के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार करें। स्कूली बच्चों को स्कूलों के साथ समन्वय स्थापित कर वैक्सीनेट करने का निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा दिया गया।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर क्रिसमस में आतिशबाजी न करने की अपील

# गरीब, अभावग्रस्त और बीमार लोगों के साथ मनायें क्रिसमस : आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और दैनिक जीवन के हर कदम पर समस्याओं के मौजूदा समय में सभी मसीहियों के लिए यह जरुरी हो गया है कि वे इस साल का क्रिसमस सादगी से मनायें। तामझाम और बाहरी चमक या फिलूजलखर्ची से परहेज करें। इस साल क्रिसमस में प्रत्येक ख्रीस्तीय अनुयायी गरीब, जरुरतमंद, अभावग्रस्त, बीमार व असहाय लोगों को भोजन खिलाकर, कपड़े पहनाकर, दवा देकर या अन्य तरीके से मदद कर उनके साथ खुशियां साझा करें। शांति के राजकुमार येसु मसीह के अनुसार क्रिसमस का सच्चा आनंद और खुशी उसी में है। उक्त बातें रांची आर्चडायसिस के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने शुक्रवार को डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित आर्चबिशप हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही।

इस अवसर पर उनके साथ आर्चडायसिस रांची के ऑक्जिलियरी बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स भी शामिल थे। धर्माध्यक्षद्वय फेलिक्स टोप्पो एसजे व बिशप थियोडोर मसकरेन्हस ने प्रेस को बताया कि वर्तमान में पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध से प्रभावित है। ऐसे में क्रिसमस के मौके पर हम सभी मसीही विश्वासियों को चाहिए कि वे इस साल का क्रिसमस सादगी के साथ मनाएं। चर्च में, अपने घरों और मुहल्लों को बालक येसु मसीह के जन्म के दृश्य को दर्शाने वाले चरनी या क्रिब सजाएं क्योंकि हम मसीहियों के लिए महत्वपूर्ण और क्रिसमस का प्रतीक चिन्ह है। क्रिब का थीम छोटानागपुर के प्रेरित ईश्वर के सेवक फादर कॉन्स्टेंट लीवंस एसजे का वह जमगाईं गांव है, जहां इमली के पेड़ के नीचे कोंन्सटेंट लीवंस ने ईश वचनों का प्रचार प्रसार आरंभ किया था।

### इस क्रिसमस में उपहार लेन-देन करने से करें परहेज, गरीबों का भी रखें ध्यान

इस साल आर्चबिशप हाउस से सभी धर्मसमाजी सिस्टर्स, ब्रदर्स, सुपीरियर्स और प्रोविंशियल्स को यह विशेष निर्देश दिया गया है कि क्रिसमस के मौके पर वे आर्चबिशप हाउस में केक, पुष्पगुच्छ या अन्य कोई भी उपहार लेकर न आएं बल्कि उस पैसे को गरीब, लाचार, बीमार की सेवा में दें। बिशपों ने बताया कि इस बार युवाओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रख पर्व पर किसी भी तरह की आतिशबाजी से परहेज करें। बिशप फेलिक्स व बिशप मसकरेन्हस ने संयुक्त रुप से बताया कि इस साल उदार नागरिकों से प्राप्त आर्थिक सहयोग से कुल 2000 कंबल वितरित किया जा रहा है। जिसमें क्रिसमस से पूर्व एक हजार कंबल वितरित किया गया और क्रिसमस के बाद शेष एक हजार कंबल का वितरण होगा। इसके अलावा गरीब व जरुरतमंद विद्यार्थियों के बीच कुल 2000 एजुकेशनल किट्स का भी वितरण किया जाएगा। बिशपद्वय ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन का भी विशेष शुक्रिया अदा करते हुए प्रेस को बताया कि कई वर्षों बाद सीएम हेमंत सोरेन के सार्थक प्रयास से माइनोरिटी स्कूल्स में अप्रूव्ड पोस्ट पर शिक्षक मिले हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रस्ताव है कि हम मसीही तथा उनके तमाम शिक्षण संस्थान अपनी समर्पित सेवा से प्रेम शांति और सौहार्द्र की संस्कृति विकसित करें। इसके लिए हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि दूसरे धर्म व समुदाय के लोगों के साथ हम संवाद कर आपसी भाईचारगी और प्रेम को बढाएं तथा देश की ताकत युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में काम करे। मौके पर उनके साथ फादर फिलमोन लकड़ा भी शामिल थे।

## भारत जोड़ो यात्रा की तरह प्रदेश में होगा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता के लिए शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे शामिल हुए। प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान के विस्तार के रूप में एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत झारखंड में 26 जनवरी 2023 से प्रारंभ होकर दो महीने तक चलेगा। इसके तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जो ग्राम पंचायतों/गांव, मतदान केन्द्रों को कवर करेगा। गांव-गांव में कांग्रेस का झंडा लेकर यात्रा शुरू किया जाएगा। वहीं यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई पूरे प्रखंड में बाइक रैली आयोजन करेगी। इसके साथ ही साथ जिला स्तर पर हर जिला मुख्यालय में कार्यकर्ता मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल नेता, मंत्री, विधायक गण के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी भाग लेंगे और संबोधित करेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज्य के सभी जिलों में संपन्न हुए भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के विषय में शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया।

### भानू प्रताप बड़ाईक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी से मिले

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाईक शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कांग्रेस भवन में झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से मुलाकात कर संगठन के बारे में चर्चा की। इस दरम्यान बड़ाईक ने कहा कि झारखंड में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा सफलता पूर्वक संपन्न हई है। सभी जिलों में कांग्रेसजनों का भारी तदाद में भागीदारी रही। आपके मार्गदर्शन में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया गया, जिससे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बहुत ही खुश हैं। इससे पार्टी संगठन झारखंड में काफी मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं के अंदर ऊर्जा का संचार होगा।

## असंतुष्ट कांग्रेसियों ने कांग्रेस मुख्यालय में दिया धरना, संगठन से जुड़े नेताओं ने भगाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी से असंतुष्ट कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में धरना दिया। धरना पर बैठे रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता रमेश उरांव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के इशारे पर बाहरी लोगों ने कांग्रेस भवन में घुसकर आदिवासी नेताओं को टारगेट किया एवं धक्का देकर बाहर निकाला। इस कृत्य से आदिवासी समाज काफी मर्माहत है, इसका खामियाजा 2024 में पार्टी को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा आरपीएन सिंह के इशारे पर पार्टी को कमजोर कर रहे प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने के लिए हम अपने कार्यालय में बैठे हुए थे। इस मौके पर असामाजिक तत्वों को बाहर से बुलाकर हमलोगों के साथ धक्का मुक्की की गयी और हमलोगों को हटाया गया।

विरोध प्रदर्शन में रमेश उरांव, टींकू वर्मा कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना, शिव उरांव, राजेश चन्द्र राजू, टींकू वर्मा, प्रेमनाथ मुण्डा, राजेश कुमार नायक, ग्राम प्रधान सुखराम पाहन, सोनी नायक, शमीम अख्तर अंसारी, बबलू कुमार, मो.सैफ, मैना उरांव, लंकेश्वर उरांव, बेसा उरांव, गंदुर राम मुख्य रूप से शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### विधायकों के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामलों की क्या है वर्तमान स्थिति : हाइकोर्ट

**रांची।** 2014 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में निर्वाचित विधायकों द्वारा नामांकन के समय दिए गए आपराधिक केस की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने एवं इसकी जल्द सुनवाई पूरी करने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि माननीयों के खिलाफ जो मामले चल रहे हैं, उसकी वर्तमान स्थिति क्या है। कितने केस को निष्पादित किया जा चुका है और कितने केस अभी स्पेशल कोर्ट में पेंडिंग है। कितने में अभी गवाही चल रही है। इन सारे बिंदु पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई 11 जनवरी को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की।

### एडीजी अनुराग गुप्ता मामले में हुई सुनवाई

**रास चुनाव 2016 खरीद-फरोख्त मामला**

**रांची।** राज्यसभा चुनाव 2016 में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को लालच देने के मामले में आरोपी सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता के खिलाफ सीबीआई जांच का आग्रह करने वाले दुर्गा उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अनुराग गुप्ता के खिलाफ पीसी एक्ट लगाया जाना था, लेकिन पैरवी से उसे हटा दिया गया, साथ ही उन्हें प्रमोशन भी दे दिया गया है। कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग के पत्र का अवलोकन किया। इसके बाद मामले की सुनवाई 23 जनवरी 2023 निर्धारित की गई।

### डीएनए टेस्ट के आदेश से निजता भंग संभव : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि डीएनए कराने का आदेश स्वाभाविक रूप से पारित नहीं किया जा सकता है क्योंकि ऐसा करना किसी व्यक्ति की निजता और शारीरिक स्वायत्तता पर कब्जा करने जैसा हो सकता है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने पॉक्सो अधिनियम के तहत रेप के आरोपी की अपनी और बच्चे की डीएनए जांच कराने की मांग को लेकर दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य के वकील ने तर्क दिया कि प्रार्थी पर बच्ची से रेप का गंभीर आरोप है। हर मामले में डीएनए परीक्षण करना कोई नियम नहीं है।

### नेहरू युवा केंद्र के खेल प्रतियोगिता का समापन

**रांची।** नेहरू युवा केन्द्र का प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता नामकुम के खरसीदाग मैदान में शुक्रवार को संपन्न हो गया। इसमें प्रखण्ड के ग्रामीण इलाके के युथ क्लब भाग लिया। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में फाइनल मैच में बंगलाटोला और गोसाई ब्रदर्स खिजरी के बीच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमों ने कड़ी टकर रही और गोल नहीं कर पाई। मैच पैनल्टी शॉट तक पहुंची। जिसमे बंगलाटोली ने 5-4 से मैच जीत कर प्रखंड चैंपियन बनी। इस मैच मे मुख्य अथिति के रूप मे नामकुम जिला परिषद सदस्य रीता होरो, विशिष्ट अथिति लालखटनागा पंचायत के पूर्व मुखिया रितेश शामिल थे।

### लोयला कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव शुरू

**रांची।** लोयला कॉन्वेट स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रारम्भ हुआ। पहला दिन मंथन-2022 प्राइमरी विंग्स के छात्रों द्वारा आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि उप कुलपति सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के डॉ. गोपाल पाठक ने विद्यालय के निदेशक सत्य प्रकाश, ट्रस्टी डॉ प्रियंका प्रकाश, प्राचार्या पारोमिता साहा व अन्य मुख्य सदस्यों के साथ दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगों के महत्व को प्रकाशित किया। मौके पर विद्यालय पत्रिका सृजन का भी अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ गोपाल पाठक ने कहा कि रंगारंग कार्यक्रम का मंचन छात्रों में सद्भावना, सहयोग, उत्साह, आत्मविश्वास, जिज्ञासा जैसे मानवीय गणों को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्राचार्य प्रवीन कुमार ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों अन्य सभी सहयोगी, सहकर्मियों को धन्यवाद दिया।

### मूक-बधिर विद्यार्थी पेंटिंग कंपीटिशन में हुए शामिल

**रांची।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची द्वारा राँची नगर के निवारणपुर में स्थित क्षितीज मूक एवं बधिर मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 90 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता जी20 और विश्व हिन्दी सम्मेलन के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की उपस्थिति को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता ने विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले जी20 और विश्व हिन्दी सम्मेलन के महत्त्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार लाल, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के वरिष्ठ अधीक्षक सुनील कुमार, सुधीर कुमार, जगनारायण प्रसाद, मौसुमी गोप, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, नृपेन्द्र कुमार और पवन कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

### पायलट वाहन से टकराई पूर्व सांसद की गाड़ी



**रांची।** झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की गाड़ी एडवांस पायलट की गाड़ी से टकरा गयी। इस घटना में अपने वाहन में सवार पूर्व सांसद फुरकान अंसारी घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

### सरकारी शिक्षकों को छुट्टी लेने के लिए अब अपनानी होगी ये प्रक्रिया

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अब छुट्टी लेने से पहले नई प्रक्रिया का पालन करना होगा। छुट्टी लेने संबंधी पुरानी प्रक्रिया को खत्म कर दिया गया है। इसका पत्र शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने 23 दिसंबर को जारी कर दिया। नऐ आदेश के अनुसार किसी विद्यालय के शिक्षक अवकाश में जाने पर छुट्टी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक से और एकल शिक्षक विद्यालय के शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक के अवकाश में जाने पर अवकाश प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से स्वीकृति कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि विद्यालय में आवश्यक अतिरिक्त अनुश्रवण का कार्य सुनिश्चित किया जा सके और विद्यालय में शिक्षण कार्य एवं मध्याह्न भोजन संबंधी कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। बता दें कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि बीते बुधवार को संगठन का शिष्टमंडल शिक्षा सचिव से मिला था।

## स्पेशल प्रोटेक्शन के लिए राज्य सरकार केंद्र को अनुशंसा भेजे : राजेंद्र प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नियोजन नीति रद्द होने के बाद छात्रों में आक्रोश होना लाजिमी है। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी राज्य के लोगों को ही मिले इसके लिए अनुच्छेद 16/4 स्पेशल प्रोटेक्शन के लिए सरकार को अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार को स्पेशल प्रोटेक्शन देने के लिए तुरंत अपनी अनुशंसा भेजे। प्रसाद ने कहा कि राज्य के पिछड़ेपन को देखते हुए ही झारखंड राज्य का गठन किया गया था। झारखंड सरकार से अपने अनुशंसा में इस बात का भी जिक्र करने का उल्लेख किया गया। कहा कि कानूनी प्रावधानों को पूरा करना होगा। इसके लिए ओबीसी कीजातीय जनगणना और उनके आर्थिक राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक स्थिति का सर्वेक्षण कराना होगा।

श्री प्रसाद ने यह भी कहा कि कानूनी अड़चन को दूर करने के लिए 1932 के खतियान को लागू करने और ओबीसी को 27% आरक्षण देने के लिए भी यह आवश्यक होगा। प्रसाद ने यह भी कहा कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति का आंकड़ा उपलब्ध है लेकिन सरकार के पास पिछड़ी जातियों और मूलवासी सदान से आने वाले सवर्णों का आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अच्छा होगा कि सभी समुदायों का सर्वेक्षण और जनगणना सरकार को करवाना चाहिए।

**रोटेशन को विलोपित करने का सरकार को अधिकार नहीं** : कहा कि अनुच्छेद 243-टी समाज के हर वर्ग को राजनीतिक भागीदारी व प्रतिनिधित्व मिले इसका अधिकार देता है। इसको बदलने या इसके साथ छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी भी राज्य सरकार को नहीं है इसके बावजूद झारखण्ड सरकार ने जनसंख्या को आधार मानकर मेयर के पद असंवैधानिक तरीके से आरक्षित कर दिया है।

### राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को शुक्रवार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से राज्यपाल ने गिरिडीह जिला के जैन धर्मावलंबियों के तीर्थ स्थल पारसनाथ की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। राज्यपाल ने पत्र के जरिये कहा है कि झारखंड सरकार की अनुशंसा पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से इसे 2019 में वन्य जीव अभयारण्य का एक भाग घोषित कर इको सेंसेटिव जोन के तहत रखा गया। झारखंड सरकार की ओर से इसे पर्यटन स्थल घोषित किया गया। आजकल इस पवित्र स्थल में मांस-मदिरा सहित अन्य कई प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन की शिकायतें भी आ रही हैं। राज्यपाल ने अपने इस पत्र में कहा है कि यह पूरे विश्व के जैन समाज के लोगों की आस्था से जुड़ी है। पारसनाथ को राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किये जाने पर जैन समाज का मानना है कि इससे यहां की पवित्रता भंग होगी।

### 19-25 दिसंबर तक मनाया जा रहा सुशासन सप्ताह

## काम करने की प्रतिबद्धता और चाह जरुरी : रमेश दुबे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को रांची में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर रिटायर्ड आईएस रमेश दुबे ने कहा कि जहां काम करने की चाह है, वहां रास्ते निकल आते हैं। इसके लिए प्रतिबद्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर किसी काम के शुरूआत में परेशानी आती है तो हमें अपने सहयोगियों से पूछ कर आगे बढ़ना है। श्री दुबे ने कहा कि वेलफेयर स्टेट में हमें जनता के प्रति ईमानदार रहना है और इस कार्य के लिए ही हमें रखा गया है। उन्होंने कहा कि अपना कार्य पूरी तन्यमता से करें। सरकार अपने कर्मियों को प्रतिष्ठा और वेतन दोनों देती है, हम अपनी प्रतिबद्धता बनाएं रखें।

विकास भवन स्थित उप विकास आयुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीडीसी दिनेश कुमार यादव, एसी राजेश बरवार, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, डीटीओ प्रवीण प्रकाश, डीपीआरओ डॉ. प्रभात शंकर, उप नगर आयुक्त, आदि उपस्थित थे। डीआरडीए निदेशक ने बताया कि सीपी ग्राम पर आये 999 मामलों में 819 मामलों का निष्पादन कर लिया गया है। कार्यशाला में विधवा पेंशन पानेवाली गुंजन मिश्रा को सम्मानित किया गया। गुंजन मिश्रा ने पेंशन न मिलने से संबंधित शिकायत सीपी ग्राम में की थी।

# आठ जोन में बंटकर 13 राज्यों में फरार अपराधियों की गहन तलाश में जुटी रांची पुलिस की विशेष टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में अपराधिक वारदातों को अंजाम देकर दूसरे राज्यों में पनाह लेनेवाले अपराधियों को दबोचने के लिए रांची पुलिस ने स्पेशल टीम का गठन किया है। स्पेशल टीम में 38 सब इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है। स्पेशल टीम को राज्य के हिसाब से आठ जोन में बांटा गया है। इन अधिकारियों को थानों में जितने भी लंबित मामले जो दूसरे राज्यों से जुड़े हुए हैं, उसका निष्पादन करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि संगीन वारदात में शामिल अपराधियों का पहले कोर्ट से वारंट लें। इसके बाद केस से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों के साथ टीम के सदस्य संबंधित राज्य में जाएं। उस राज्य की स्थानीय पुलिस की मदद से अपराधी को दबोच कर रांची लाएं। इसके लिए गठित टीम में तेज तर्रार अधिकारियों को शामिल किया गया है। हर टीम में दो या फिर तीन पुलिसकर्मियों को रखा गया है। इसमें केस के अनुसंधानकर्ता के अलावा स्पेशल टीम से सदस्य रखे गए हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने टीम के सदस्यों को सख्त निर्देश दिया है कि लंबित मामलों को हर हाल में निर्धारित समय में निष्पादन करें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित टीम के सदस्यों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

**इन राज्यों में काम कर रही स्पेशल टीम** : रांची पुलिस द्वारा गठित स्पेशल टीम बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, आंद्रप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में जाकर अपराधियों को पकड़ने में लगे हैं।

**आठ जोन में बंटकर काम कर रही है स्पेशल टीम :** जोन एक में बिहार के 30 जिलों को शामिल किया गया है। सभी जिलों के लिए तीन ग्रूप बनाए गए हैं। छह पुलिस पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई है कि वे जिलों में जाकर कांड से जुड़े मामले की तहकीकात करें और उसे निष्पादित करें। सभी छह पुलिस अफसर पिछले चार दिनों से बिहार में कैम्प कर रहे हैं, ताकि लम्बित मामलों को जल्द खत्म किया जा सके। जोन दो में उत्तर प्रदेश को रखा गया है। यूपी के 11 जिलों में जाकर केस का अनुसंधान करने के लिए चार अफसरों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जोन तीन में दिल्ली को रखा गया है। जोन चार में हरियाणा और पंजाब को रखा गया है। इन दोनों राज्यों के छह जिलों में केस का अनुसंधान करने के लिए चार सब इंस्पेक्टर को भेजा गया है। जोन पांच में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को रखा गया है। इसी तरह जोन छह में तमिलनाडु और आंद्रप्रदेश को रखा गया है। इन दोनों राज्य के छह जिलों में जा कर केस का अनुसंधान की जिम्मेवारी आठ सब इंस्पेक्टर को दी गई है। जोन सात में महाराष्ट्र को रखा गया है। जोन आठ में पश्चिम बंगाल को रखा गया है। यहां जाने के लिए दो-दो अफसरों की टीम बनायी गई है। इसी ग्रूप में ओड़िशा को भी रखा गया है। ओड़िशा जाकर केस का अनुसंधान करने के लिए दो टीमें बनायी गई है। हर टीम में दो-दो अफसर रखे गए हैं।

### लंबित मामलों का निष्पादन आवश्यक : एसएसपी

रांची एसएसपी किशोर कौशल के अनुसार रांची के विभिन्न थानों में दूसरे राज्यों से जुड़े मामले लंबित पड़े हैं। इन मामलों का निष्पादन करने के लिए स्पेशल टीम बनायी गई है। गठित टीम को निर्देश दिया गया है कि दूसरे राज्य जाकर अपराधियों को पकड़कर रांची लाएं। बनाई गई स्पेशल टीम के अफसर फिलहाल दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। दूसरे राज्यों में गई पुलिस टीम को सीनियर अधिकारियों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। कहीं भी अगर किसी तरह की परेशानी हो रही है तो सीनियर अफसर दूसरे राज्यों के सीनियर अफसरों के साथ तालमेल कर अपराधियों को गिरफ्तार करने में मदद कर रहे हैं।

स्विटजरलैंड पाराडिसो से फादर सुमन ज्योति तिग्गा की खबर मन्त्र से खास बातचीत

# क्रिसमस के मौके पर स्विटजरलैंड के चर्च, घर व मुहल्ले, चरनी व क्रिसमस ट्री से सुसज्जित

**रंग-बिरंगे विद्युत प्रकाश से दुल्हन की तरह सुसज्जित हैं मुहल्ले और चौक चौराहे**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्राकृतिक सौन्दर्य से सुशोभित देश स्वीटजरलैंड के लुगानो धर्मप्रांत में क्रिसमस का माहौल देखते ही बनता है। हर साल की भांति इस वर्ष भी क्रिसमस के अवसर पर स्विटजरलैंड के सभी गिरजाघरों को चरनी और क्रिसमस ट्री से सजाया गया है। साथ ही सभी सार्वजनिक स्थलों बालक येसु के जन्मोत्सव को दर्शाने के लिए प्रतीकात्मक रुप से चरनी (क्रिब) बनाने, सुसज्जित करने, क्रिसमस ट्री डेकोरेट करने तथा हर गली चौराहे को रंग बिरंगे विद्युत प्रकाश से सजाया गया है।

स्विटजरलैंड पाराडिसो से फादर सुमन ज्योति तिग्गा ने खबर मन्त्र को वहां के क्रिसमस के महौल का नजारा प्रेषित कर बताया कि यहां कमोबेश हर घर में चरनी, तारा और क्रिसमस ट्री का डेकोरेशन आम नहीं खास नजारा है। अस्पतालों में भी परिचारिकाएं सांता क्लॉज की पोशाक में मरीजों की सेवा करते दिखाई दे रहीं हैं। क्रिसमस के अवसर पर खासकर बच्चे और युवा सांता क्लॉज के लाल टोपी पहन कर एक दूसरे को क्रिसमस व नववर्ष की शुभकामनाएं दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इस मौके पर सभी होटेल, रेस्टूरेंट में भी वहां ड्यूटी पर तैनात वेटर्स सांता क्लॉज के वेश में ग्राहकों तथा अन्य अतिथियों की सेवा कर रहे हैं। अन्य वर्षों की तुलना में इस बार स्विटजरलैंड के मसीहियों ने साज सज्जा में कटौती की है। इस मौके पर कुछ लोग तो नगद राशि बतौर उपहार जमा कर रहे है ताकि रोगियों की सहायता तथा विद्यार्थियों के अध्ययन में मदद की जा सके।

**गरीब, रोगी, जरुरतमंद को मदद करने की अपील**

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण उत्पन्न मंहगाई को लेकर स्वीटजरलैंड की सरकार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बिजली, पानी, गैस और अन्य संसाधनों के दुरुपयोग से बचें और पर्व को सादगीपूर्ण लेकिन ख्रीस्तीय मूल्यों को अक्षुण रख कर मनाएं। साज सज्जा और खानपान में बेवजह फिजूल खर्ची न करें उस राशि को गरीब, रोगी, जरुरतमंद अभावग्रस्त लोगों को मदद करने और उनके साथ क्रिसमस की खुशियां बांटने में लगाएं।

# बीआइटी मेसरा के 83वें बैच के 35 साल पूरे होने का जश्न शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बीआइटी, मेसरा 83 बैच के 35वें वर्ष के रीयूनियन का 3 दिवसीय उत्सव शुक्रवार को बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ शुरू हुआ। कई महाद्वीपों के गण्यमान्य पूर्व-छात्र आज अपने परिवारों के साथ रांची के बिरसा मुंडा हवाईअड्डे पर पहुंचे। कार्यक्रम की आयोजन समिति के स्थानीय पूर्व-छात्रों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

समारोह के कार्यक्रम में हैदराबाद और कोलकाता के कलाकारों के साथ तीन सांस्कृतिक शामें शामिल हैं, जो पुरानी यादों के साथ सभी को रोमांचित करने के लिए तैयार हैं। शनिवार को बीआइटी मेसरा का दौरा निर्धारित है, जहां पूर्व-छात्र परिसर में पुराने शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। इसके अलावा, बीआइटी सभागार में एक वीडियो कांफ्रेंसिंग की व्यवस्था की गयी है, जहां कुलपति, बीआइटी मेसरा पूर्व-छात्रों को संबोधित करेंगे। इसके बाद 83 बैच के दिवंगत हुए 15 पूर्व-छात्रों को सभी श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इंटरनेशनल गेस्ट हाउस और हॉस्टल 6 में लंच और हाई-टी का आयोजन किया गया है। उत्पल बाउल, डीन, विशाल साह, एसोसिएट डीन और बीआइटी मेसरा के फैकल्टी कीर्ति अभिषेक कार्यक्रम का समन्वय कर रहे हैं। 25 दिसंबर को लतरातू बांध की सैर का इंतजाम किया गया है। क्रिसमस डिनर में रांची के सभी पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है। रांची की आयोजन समिति में इंद्र मोहन चौधरी, राकेश चौधरी, कुमुद झा, शिव कुमार, उज्ज्वल भास्कर, प्रकाश मोहन, रिपुंजय सिंह, आशीष कुमार, शांतनु तिवारी, शिरीष दास, श्याम नारायण, संजीव कुमार, संजय परिदा और विजय जैन शामिल हैं।

## मछली घर के कार्निवाल का बुकलेट विमोचन

# सात दिनों तक रहेगी मस्ती की धूम : प्रतुल शाहदेव




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मछली घर के द्वारा नये वर्ष के अवसर पर आयोजित किये गये सात दिवसीय मेला कार्निवल 2023 के शुक्रवार को ऑफिशल बुकलेट का विमोचन हुआ। यह आयोजन 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक होगा। विमोचन एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल, शुभोजित, धीरज, सुमित, संतोष, सौरवए रवि, गौरव ने किया। मौके पर निदेशक सत्य प्रकाश चंदेल ने बताया कि 7 दिन के इस मस्ती और उमंग के उत्सव में सुबह 10 बजे से शाम 9 बजे तक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी वर्गों के लिए कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। फैशन शो की श्रृंखला, डांस कंपटीशन, डीजे नाइट, लाइव बैंड, महापेटू प्रतियोगिता, सेल्फी टाइम, बेस्ट इंस्टाग्राम रील, बेस्ट झुमका, बेस्ट गॉगल्स आदि का आयोजन होगा। हर दिन टिकटों पर लकी ड्रॉ निकाला जायेगा। कार्निवल के मुख्य स्पॉन्सर अपना मार्ट है। जबकि अल्ट्राटेक और इलरने ने पावर किया है। सह प्रायोजक में प्रमुख हैं बालाजी किंगर ग्रुप, प्रेमसंस होंडा, कश्मीर वस्त्रालय, सैमसंगए ऑसम, फर्स्टक्राइ, जेरीलैंड, वत्सला, एक्वा सॉफ्ट, इंडियन बैंक, सुधा मोटर्स नेक्सा, घड़ी, इंडियन बैंक, जेके इंटरनेशनल स्कूल, अद्रा सृजन, फूडीएस आइलैंड रेस्तरा, मुरली वाला डेकोरेशन है।

## भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है योग और पर्यावरण : प्रवीण प्रभाकर



**रांची।** झारखंड के सुदूरवर्ती जनजातीय क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मासु, अनगड़ा, में स्वास्थ्य एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर आरोग्य भारती के राष्ट्रीय पर्यावरण प्रमुख प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि योग और पर्यावरण संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मधुमेह प्रबंधन व योग प्रमुख स्वामी मुक्तिरथ ने कहा कि योग न केवल रोग भगाता है बल्कि शरीर को स्वस्थ रखता है। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव मयंक मुरारी ने सीएसआर के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उषा मार्टिन फाउंडेशन व शालिनी अस्पताल के संयुक्त प्रयास से सुदूरवर्ती जनजातीय ग्रामों में स्वास्थ्य व योग प्रशिक्षण अभियान लगातार दो माह चलेगा।

## हथियार के बल पर लूटपाट के दो आरोपी रिहा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने पुलिसवाले बन कर साकेत सोलंकी व उनके महिला मित्र के साथ हथियार के बल पर लूटपाट करने के दो आरोपी अबरार आलम व मो सैफ को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। घटना सात फरवरी 2019 रात 11:30 बजे अरगोड़ा पेट्रोल पंप के समीप की है। वादी व उनकी महिला मित्र को रोककर पहले दोनों आरोपियों ने पुलिस वाले बन कर धमकाया और उनके बाइक की चाबी छिन ली। अरगोड़ा पुलिस ने पीसीआर को वहां भेजा और दोनों आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ कर जेल भेज दिया था।

## मैरी हेलो किड्स स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग आयोजित



**रांची।** शुक्रवार को कांके स्थित मैरी हेलो किड्स स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य विमला सिन्हा एवं निदेशक सुनील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य नाटिका एवं प्रभु यीशु के जीवन का मंचन किया। बच्चों द्वारा गाया करोल गीत एवं जिंगल बेल जिंगल बेल सुन सभी के चेहरे पर मुस्कान आ गई। स्कूल के निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि प्रभु यीशु ने अपने जीवन के कालखंड में दया और क्षमा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्कूल की प्राचार्य ने कहा कि यीशु के जीवन से हमें अच्छे से शिक्षाओं का ग्रहण करना चाहिए ईसा मसीह का जीवन आज भी प्रासंगिक है।

## चैंबर भवन में नागपुरी गीत नैना की लांचिंग



**रांची।** झारखंड चेंबर के अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री और एक्टर देवेश खान ने शुक्रवार को स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित नागपुरी गीत नैना की विधिवक लॉन्चिंग की। लांचिंग करने के साथ उन्होंने सभी कलाकारों के उज्जवल भविष्य की कामना की। नागपुरी गीत नैना को मेरी आवाज मेरी पहचान के बैनर तले बॉलीवुड के अंदाज में बनाया गया। नैना एल्बम का गीत बहुत ही खूबसूरत सु मधुर ढंग से सजाया गया है। इस मौके पर बॉलीवुड एक्टर देवेश खान ने सभी कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है कि कर्नाटका फिल्म फेस्टिवल में चयन किया गया। कर्नाटका फिल्म फेस्टिवल तक पहुंचाने में जोया खान का सहयोग रहा। ये झारखंड वासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है। उपस्थित लोगों में फिल्म, कला संस्कृति उप समिति के चेयरमैन आनंद जालान, बॉलीवुड सिंगर कुमार गहलोत फिल्म एक्टर शोएब उर रहमान, बॉलीवुड सिंगर कविता होरो, मीडिया पार्टनर बुलंद अख्तर, निगर सुलताना, जोया खान, विवेक जी, आफताब आलम, मोहम्मद जमाल अख्तर, आईफा के चेयरमैन मोहम्मद साबिर हुसैन, किशन अग्रवाल, रवि रैन, विजय प्रभाकर राज लक्ष्मी, संगीतकार माही राज, डायरेक्टर अधिराज, कृष्णा टोप्पो, दिनेश देवा और राजीव प्रकाश चौधरी आदि शामिल थे।

**खबर एक नजर में**

## मारपीट का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** एसडीजेएम प्रवीण उरांव की अदालत ने 10 साल पुराने मारपीट एवं गाली गलौज मामले के आरोप से गुदड़ी चौक निवासी समशाद उर्फ काजू को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एक भी गवाह अदालत नहीं पहुंचा। अदालत ने साक्ष्यविहीन मामला बताते हुए आरोपी को बरी किया। वहीं इस मामले के एक अन्य आरोपी मोण गुड्डू जमानत का दुरुपयोग करते हुए फरार हो गया है। उसकी फाइल अलग कर दी गई है। घटना को लेकर महफूज अंसारी ने लोअर बाजार थाना में 11 अक्तूबर 2012 को दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इधर, सिविल कोर्ट में इस साल का अंतिम कार्य दिवस 23 दिसंबर रहा। 24 दिसंबर से एक जनवरी तक सिविल कोर्ट शीतकालीन अवकाश को लेकर बंद रहेगा। नौ दिन बाद पुनः सिविल कोर्ट नये साल में दो जनवरी को खुलेगा।

## इंदिरा कुमारी फिर बनीं भारतीय शोषित सेना की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**रांची।** भारतीय शोषित सेना की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदिरा कुमारी फिर से बने भारतीय शोषित सेना की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनायी गयी हैं। उन्हें यह मनोनयन पत्र दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित शिष्टाचार धरना प्रदर्शन के दौरान दिया गया। इस दौरान भारतीय शोषित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष बिहारी ने प्रदान किया। बताते चलें कि वर्तमान में इंदिरा कुमारी दलित सेना की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ है। दिल्ली के जंतर-मंतर में शिष्टाचार प्रदर्शन रामविलास पासवान जी को भारत रत्न दिलाने को लेकर किया जा रहा था। जिसमें सभी प्रदेश से पदाधिकारी जुटे थे, जो रामविलास पासवान में आस्था और विश्वास रखते हैं।

## सीसीएल ओबीएस ने सुजाता ठाकुर को 4.5 लाख रुपये का चेक सौंपा



**रांची।** सीसीएल ओबीएस ने श्रीमती सुजाता ठाकुर को रू. 4,50,000/- (रू. चार लाख पचास हजार) की राशि दी है। यह राशि सीसीएल ऑफिसर्स बेनिवोलेन्ट सोसाईटी (ओबीएस) के अंतर्गत महासचिव श्री राज कुमार सिंह ने प्रदान किया। ज्ञातव्य हो कि श्रीमती सुजाता ठाकुर के पति स्व. (डॉ.) अरविन्द कुमार ठाकुर सीसीएल के केन्द्रीय अस्पिताल, गांधीनगर, रांची में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे, जिनका निधन 13 दिसंबर को हुआ था। इस मौके पर सीसीएल ओबीएस के कोषाध्यवक्ष कुमारी प्रतिभा, आलोक कुमार त्रिपाठी, विनय कुमार शंकर, सुरेन्द्र प्रताप सिंह सहित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2022 का विमोचन कल

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति का हर साल की भांति इस साल भी मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2023 का विमोचन 25 दिसंबर रविवार को दोपहर तीन बजे किया जायेगा। इसे लेकर समिति के कचहरी चौक स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कैलेंडर का विमोचन होगा। विद्यापति स्मारक समिति के महासचिव उदित नारायण ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के सचेतक मथुरा महतो एवं विधायक दीपिका पांडेय सिंह होंगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि में विद्यानाथ झा विदित (साहित्यकार), डॉ. कृष्णमोहन झा (साहित्यकार), डॉ. चेतना झा (साहित्यकार), डॉ. आकांक्षा चौधरी (साहित्यकार), डॉ. मनीष अरविंद (साहित्यकार), प्रीता झा (साहित्यकार), डॉ. सियाराम झा सरस (साहित्यकार) और दिवाकर झा (साहित्यकार) होंगे। कार्यक्रम की उद्घोषिका सरोज झा होंगी।

## ख्रीस्त जन्मोत्सव पर विभिन्न गिरजाघरों में आराधना व मिस्सा अनुष्ठान की समय सारिणी

**रांची।** आगमन काल की आध्यात्मिक तैयारी के बाद अंततः ख्रीस्तीय अनुयायियों के लिए ख्रीस्त जन्मोत्सव अर्थात क्रिसमस का काउंटडाइन आखिर खत्म हुआ। 24 दिसंबर को राजधानी रांची के विभिन्न गिरजाघरों में ख्रीस्त जन्मोत्सव, क्रिसमस, जन्म पर्व आदि के नाम से विशेष आराधना व मिस्सा अनुष्ठान होंगे। विश्वासियों की सुविधा को देखते हुए प्रत्येक गिरजाघर ने अपने स्तर से आराधना की समय सारिणी जारी की है। जो **इस प्रकार है:-**

**संत मरिया महागिरजाघर, डॉ कामिल बुल्के पथ**

25 दिसंबर प्रातः 6:00 बजे पहली मिस्सा मुख्य अनुष्ठाता पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो होंगे। दूसरी मिस्सा दिन के 8:00 बजे जिसके मुख्य अनुष्ठाता व उपदेशाक फादर निखिल मिंज तथा तीसरी मिस्सा दिन के 10 बजे जिसके मुख्य अनुष्ठाता व उपदेशक फादर जॉर्ज मिंज होंगे।

**क्राइस्ट चर्च मेन रोड में**

जीईएल चर्च विश्वासियों के लिए पुण्य रात की पहली आराधना 24 दिसंबर शनिवार को 4:00 बजे जिसमें आराधना के संचालक रेव्ह ममता बिलुंग होगी जबकि उपदेशाक रेव्ह एजे भेंगरा होंगे। दूसरी आराधना शाम 5:30 बजे होगी। इसमें आराधना का संचालन रेव्ह ममता बिलुंग करेंगी जबकि उपदेशक बिशप सीमांत एस तिर्की होंगे। इसमें उपदेशाक रेव्ह एजे भेंगरा होंगे।

**एन डब्ल्यूजीईएल चर्च विश्वासियों के लिए आराधना का समय**

इसी क्राइस्ट चर्च में पुण्य रात की पहली आराधना अपराह्न 2:30 बजे से होगी जिसका संचालन रेव्ह जयदीपक टोप्पो करेंगे और उपदेशाक बिशप निस्तार कुजूर होंगे। वहीं दूसरी आराधना संध्या 7:30 बजे होगी।

**संत पॉल कैथेड्रल, बहू बाजार रांची**

संध्या 5:00 बजे कैरोल सर्विस होगी। जिसका संचालन पुरोहित जेएम तोपनों करेंगे। अदर्धरात्रि प्रभुभोज आराधना रात 11 :30 बजे होगी जिसके अनुष्ठाता और उपदेशक बिशप बीबी बास्के होंगे। 25 दिसंबर को ख्रीस्त जन्मोत्सव की आराधना प्रातः 6:15 बजे होगी। जिसके मुख्य अनुष्ठक पादरी जेएम तोपनो तथा उपदेशक पुरोहित एस भुईयां होंगे।

## सनराइज किड्स नर्सरी स्कूल ने मनायी क्रिसमस गैदरिंग



**रांची।** सनराइज किड्स नर्सरी स्कूल डोरंडा में शुक्रवार को स्कूल के नन्हे बच्चों ने सांता क्लॉज का वेश धारण कर तथा लोगों के बीच उपहार बांटकर एवं ग्रुप सांग एंड डांस की प्रस्तुति के साथ क्रिसमस गैदरिंग मनाया। कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में जिंगल बेल जिंगल बेल सांग की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में स्कूल के प्रिंसिपल गुलाम गौस, इंचार्ज शगुफ्ता परवीन, शाहिन परवीन, जयंती घोष, कुमारी गीतांजलि व सबा परवीन तथा बच्चों के माता पिता मौजूद थे।

## भक्तिमय माहौल में तिरुपति बालाजी की हुई तिरुमंजन सेवा

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में श्रीगोदाम्बा धनुर्मास उत्सव के आठवें दिन बुधवार को परात्पर ब्रश परमात्मा श्रीहरि वेंकटेश्वर समेत सभी विग्रहों को दूध, दही, हल्दी,चंदन, शहद गंगाजल और डाभयुक्त जल से महाभिषेक हुआ। नारायणुवाक, श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त, नारायणसूक्त, विष्णुसूक्त आदि मंत्रोच्चारण के साथ हुआ महाभिषेक। सहस्त्रधारा, कलशधारा, चक्रधारा एवं शंखधारा से राजराजेश्वर ब्रशांड नायक का हुआ महाभिषेक । इसके बाद वस्त्राभूषण से सुसज्ज कर दिव्य सुवासित पुष्पों से भव्य श्रृंगार हुआ। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती हुई । फिर खीर, फल व मेवा का बाल भोग निवेदन हुआ ।

## आचार्यकुलम आयीं डॉ देव प्रिया, हुआ भव्य स्वागत



**रांची।** आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में शुक्रवार को साध्वी डॉ देव प्रिया का आगमन हुआ। विद्यालय की प्राचार्या एवं विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव ने देव प्रिया का अपार हर्ष के साथ भव्य स्वागत किया। डॉ देव प्रिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी मस्तिष्क से प्रज्ञावान, मन से श्रद्धावान, शरीर से बलवान, व्यवहार से शीलवान और हाथ से कर्मवान बनें। इसके लिए आप सभी दृढ़ संकल्पित हों। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र-छात्राएं 90 प्रतिशत से अधिक अंक लायेंगे, उन्हें हरिद्वार में आमंत्रित कर सम्मानित किश जायेगा। शास्त्र में विशेष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए हरिद्वार बुलाया जायेगा। अध्यापक - अध्यापिकाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी ऐसे छात्र-छात्राओं का सृजन करें, जो महापुरुषों जैसे राष्ट्रवादी बनें और आप उन्हें देखकर गौरवान्वित हों।

## राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम : विजय शंकर मेहता

**रांची।** प्रख्यात आध्यात्मिक व जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा है कि राजनीति में सत्ता साधन है, साध्य नहीं। श्री मेहता शुक्रवार को डोरंडा स्थित सरयू राय के आवास पर ब्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। यदि कोई नेता सत्ता पाकर भी लोगों की सेवा नहीं कर पाता तो वह सेवा नहीं सौदा कर रहा है। पंडित श्री मेहता जमशेदपुर में सात दिवसीय रामकथा के समापन के उपरांत 23 दिसंबर को रांची पहुंचे थे। जहां से उन्हें फ्लाइट से प्रस्थान करना था। पंडित जी मेहता का स्वागत किया गया। ततपश्चात पंडित जी ने राजनीति सेवा या सौदा विषय पर 45 मिनट का व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि राजनीति सेवा का माध्यम है और सेवा भाव सीखना हो तो हनुमान जी से बेहतर गुरु कोई नहीं है।

## जीएसटी एनुअल रिटर्न और ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट से संबंधित जीएसटी के प्रावधान विषयक सेमिनार का आयोजन

# जीएसटी एनुअल रिटर्न से संबंधित प्रावधान में बदलाव हुए लेकिन जेडीए के प्रावधानों में जटिलताएं व्याप्त : सीए प्रभात



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा के द्वारा शुक्रवार को होटल रेनड्यू में जीएसटी एनुअल रिटर्न एवं रेकन्सीलेशन और जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट से सम्बंधित जी एस टी के प्रावधानों पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

उघाटन सत्र में विशेषज्ञ वक्ताओं और एवं पूरे झारखण्ड से 250 से भी ज्यादा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का स्वागत करते हुए इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार ने कहा कि फिलहाल जीएसटी एनुअल रिटर्न से सम्बंधित प्रावधान में कुछ बदलाव हुए हैं साथ ही जीएसटी सम्बंधित जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट में भी बहुत से प्रावधानों को लेकर कुछ जटिलतायें हैं। आज का यह सेमिनार चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रोफेशनल के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा।

सेमिनार के प्रथम सत्र में जीएसटी एनुअल रिटर्न और बदलावों पर परिचर्चा करते हुए कानपूर के विशेषज्ञ सीए हिमांशु सिंह ने कहा कि इनपुट टैक्स क्रेडिट में यदि कोई भूल हुई हो तो हमें जी एस टी एनुअल रिटर्न में दिखाना चाहिए। साथ ही इस बार एनुअल रिटर्न में बी2बी सेल्स के लिए एच एस एन कोड देना आवश्यक है। साथ ही विशेषज्ञ ने जी एस टी एनुअल रिटर्न से सम्बंधित फॉर्म - 9 सी से सम्बंधित हर कॉलम से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

दूसरे सत्र में जीएसटी के अधीन संयुक्त विकास समझौता (जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट) पर परिचर्चा करते हुए कानपूर के विशेषज्ञ सीए आशीष बंसल ने बताया कि जमीन मालिक और रियल एस्टेट डेवलपर के बीच जमीन मालिक की भूमि पर एक नई इमारत और अन्य चीजों का निर्माण के लिए एक अनुबंध है। यह अनुबंध क्षेत्र साझाकरण संयुक्त विकास समझौता और राजस्व साझाकरण संयुक्त विकास समझौता हो सकते हैं। जब एक डेवलपर संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) का उपयोग कर भूमि मालिक के साथ अनुबंध में आता है, जीएसटी उस समय भूमि के मालिक द्वारा देय होगा जब डेवलपर आवंटन पत्र पर हस्ताक्षर करके भूमि मालिक को अधिकार या कब्जा वापस कर देता है। और कुछ समय बाद भूस्वामी को अपनी भूमि बदले में उसे एक निर्मित संपत्ति प्राप्त हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में भूस्वामी भूस्वामियों के हिस्से पर जीएसटी का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

इस सेमिनार का संचालन रांची शाखा के सीपीइ कमिटी की अध्यक्षा सीए श्रद्धा बागला ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

सेमिनार के सफल आयोजन में इंस्टिट्यूट की रांची शाखा के कोषाध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती और सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए निशांत मोदी का महत्वपूर्ण योगदान था।

# झारखंड की नर्सें विदेशों में दे रही हैं सेवा

## आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए वरदान है अमृता नर्सिंग कॉलेज

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में शपथ लेतीं नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं।

**ओरमांझी।** अमृत नर्सिंग कॉलेज हुटुप ओरमांझी में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग व फेषर्स-डे समारोह को आयोजन हुआ। इसके अलावे समारोह में जीएनएम व बी एससी के 60 छात्राओं ने सेवा की सपथ ली। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य इम्तियाज आहदार व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं संस्थान की छात्राएं शानदार गीत व नृत्य प्रस्तुत कर क्रिसमस गैदरिंग व फेशर्स-डे का उत्साह मनाया। थाना प्रभारी ने संस्थान व छात्राओं की प्रस्तुती को सराहा और ओरमांझी क्षेत्र चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी है। इसमें अमृता नर्सिंग कॉलेज की भी भुमिका महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा विकित्सक सेवा करते हैं, लेकिन नर्से सेवा करती हैं। नर्सिंग प्रोफेशन से जुड़ने के लिए सेवा भावना होना जरूरी है। वहीं निदेषक सुमेष्वर महतो ने क्रिसमस की बधाई देते दी और कहा अमृता नर्सिंग कॉलेज में ज्यादतर मध्यम वर्गे व ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं नामांकित है। नर्सों को बेहर शिक्षा व सुविधा उपलब्ध करान उदेष्य है। वहीं पंसस इम्तियाज आहदार व वरिष्ठ समाजसेवी सतार अंसारी ने कहा क्षेत्र के प्रमुख हॉस्पिटल में पहले केरल की नर्से सेवा देती थी, लेकिन अब अपने देश के विभिन्न राज्य के बड़े हॉस्पिटल में ही नही विदेशों में ही झारखंड की नर्से सेवा दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए अमृता नर्सिंग कॉलेज वरदान है। वहीं उपस्थित कुछ अभिभावकों ने मंच पर आकर संस्थान शिक्षा, सुविधा की सरहाना की।

### शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे अभिभावक

अमृता नर्सिंग कॉलेज में आयोजित समारोह में अतिथियों के साथ मुख्य रूप से प्राचार्य मोनिका खाखा, वरिष्ठ सामज सेवी त्रिर्थनाथ सिंह, श्रीनाथ महतो, रिजवान अंसारी, पूर्णिमा टुडू, सुनील कुमार, एंजल प्रियांशी, दीपांकर महतो, अलिंका साधु, आदिब तलत, किरन क्रिस्टिना मुर्मू, प्रियंका कुमारी, श्रीति कुमार, आजम खान व दिलीप कुमार, अन्य शिक्षक व नर्सिंग छात्र-छात्राएं व अभिभावक के साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।

## स्पीड न्यूज

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के राचीं टाटारोड पर पुराना रामपुर समीप हुई सडक दुघर्टना में दो लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि सिंजुसोरने ग गांव के अजय लकडा 37 वर्स अपने गांव के ही 10 वर्षीय साहिल लोहरा को रामपुर बाजार से लेकर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान सडक के बीच कटिंग से बाईक घुमाने के क्रम में विपरित दिशा से तेज गति से आ रही यात्री बस की चपेट में आ गए। जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गयी। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि बस दोनो को कुचल कर भागने लगी जिसे बाद पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा द्वारा पुलिस को सूचित करने पर पुलिस नें भाग रहे यात्री बस को बुण्डू टोल प्लाजा पर बुझडू पुलिस द्वारा पकडवा लिया गया।

### सालसुद गांव में लगी किसान पाठशाला

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेतला पंचायत अंतर्गत सालसुद गांव में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में किसानों को तरबूज की वैज्ञानिक विधि से खेती करने की जानकारी दिया गया। पाठशाला के संचालक अध्यक्ष दुर्गा चरण सिंह मुंडा ने किया। पाठशाला में 40 प्रगतिशील किसान शामिल हुये। पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी सोनाहातू बंशीधर महतो ने खेत की तैयारी बीज उपचार के बारे में जानकारी दिये। वहीं बीटीएम दीनानाथ भगत ने मिट्टी जांच के लिए नमूना लेने के तरीके के साथ मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। वहीं प्रगतिशील किसान नवीन कुमारए होरेलाल कोइरीए ने खेती से सफलता पाने के लिये मंत्र को बताये।

### मैक्लुस्कीगंज में कोयला लदा दो टेम्पो जब्त, एक चालक गिरफ्तार

**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज में कोयला लदा दो टेम्पो जब्तए चालक गिरफ्तारण प्राप्त जनकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली अम्बाटांड़ से दो कोयला लदा टेम्पो को पुलिस ने पकड़ा हैण टेम्पो खलारी से चोरी का कोयला अवैध रूप से मैक्लुस्कीगंज के रास्ते अन्यत्र ले जा रहा थाण गुप्त सूचना के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना के सअनि मिर्जा सोरेन ने अवैध रूप से कोयला तस्करी में लीन दोनो टेम्पो स्को लगभग दस क्विनटल अवैध कोयला के साथ जब्त किया। धंधे में लिप्त कोयला तस्कर चान्हो चंडीस्थान निवासी लक्ष्मण उरांव को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

### हजारीबाग पुलिस ने वारंटी के घर चिपकाया इश्तिहार

**सिकिदिरी।** हजारीबाग जिला के बड़का गांव थाना कांड संख्या 58६ 2016 के फरार चल रहे आरोपी सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी हकीम अली के घर में शुक्रवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। केस के अनुसंधान कर्ता वीरेंद्र उरांव ने सिकिदिरी थाना के एसआई अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में आरोपी के घर में जाकर इश्तेहार चिपकाया ।इश्तेहार चिपकाने के दौरान आरोपी के परिजन इसका विरोध कर रहे थे। पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए इश्तेहार चिपका दिया ।बड़का गांव थाना के एसआई वीरेंद्र उरांव ने बताया कि न्यायलय से निर्गत आदेश के अनुपालन में आरोपी के घर में इश्तेहार चिपकाया गया है।

### मांडर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**मांडर।** पुलिस ने शुक्रवार को दो अलग अलग मामलो के आरोपी को जेल भेज दिया है। पहला मामला ब्राम्बे निवासी इरशाद ईमाम जिनके के ऊपर 17 दिसंबर को कार्मिक विभाग झारखंड के उपसचिव आसिफ हसन व उनके भाई जाहिद हसन के साथ मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। मामले के एक आरोपी ईरशाद ईमाम को गिरफतार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मारपीट के इस मामले को लेकर ब्राम्बे के ही सरवर ईमाम व ईरशाद ईमाम के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। वही दूसरा मामला एक वर्ष से फरार आर्म्स एक्ट व नाबालिग से बलात्कार मामले के आरोपी रोहित उरांव को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है।

## सिमलिया में जमीन हड़पने की नियत से फायरिंग, सात पर केस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया गुटूटोली में 21 दिसंबर की रात करीब 12 बजे पीएलएफआई उग्रवादियों द्वारा दहशत फैलाकर जमीन हड़पने के नियत से फायरिंग किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जमीन बहादुर मुंडा की है। उसका अपना कोई बेटा नहीं हैं।

सिर्फ दो बेटी है। श्री मुंडा की जायदाद पर सगे भतीजा दीपक मुंडा की गिद्ध नजर लगी है। वह तीनों बाप-बेटी पर संपत्ति उसके नाम करने का दबाव बना रहा है। मामले को लेकर पीड़िता राधा कुमारी ने रातू थाने में भादवि की धारा 307ए 387ए 506ए 34ए 17 सीएलए व 27 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज करायी है। इसमें दीपक मुंडा और उसके दोस्त विशाल शर्मा समेत सात लोग अभियुक्त बनाये गये हैं। इस गोली कांड में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है।

### फुटेज में कैद हुए आरोपी

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उग्रवादियों को घेरने की कोशिश की। लेकिनए सफलता नहीं मिल पायी। इसके उपरांतए पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली गयी। जांच में पाया गया कि दीपक मुंडा अपने दोस्तों के साथ यहां आकर अंधाधुंध फायरिंग की। इसकी तस्वीर सीसीटीवी में कैद है। घटनास्थल से तीन खोखे और एक जिंदा कारतूस भी मिले हैं। राधा कुमारी ने बताया कि हत्या की नियत से दीपक और उसके साथियों ने घर में गोलीबारी की।

## शर्मनाक: टांगी से काट कर पुत्र ने पिता को मार डाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के काजीबारु गांव में नशे की हालत में कलियुगी पुत्र अर्जुन मुंडा उम्र 27 वर्ष ने अपने ही पिता बुधू मुंडा, उम्र-75 वर्ष की उस समय टांगी से हमला कर हत्या कर दी जब वह अपने खेत में काटी गई धान की फसल की बंधाई कर रहा था। घटना बुधवार देर शाम की बताई जाती है। घटना की जानकारी ग्रामीणों को दूसरे दिन मिलीएजब बुधू मुंडा की लाश को खेत में पड़े देखा। बाद में दशम फॉल थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम निकट परिजनों को सौंप दी है। बताया जाता है कि मृतक बुधू मुंडा अपने थोड़े से खेत में खेतीबारी के अलावा लकड़ी बेच कर अपना गुजारा चलाता था।

### नेशड़ी है कलियुगी पुत्र

बुंडू। ग्रामीणों के अनुसार पिता की हत्या करने वाला अर्जुन मुंडा नशेड़ी है। नशे में वह पिता से लड़ाई करता रहता था। इससे पहले भी वह अपने पिता पर हमला कर घायल कर चुका है। वह दो बार प्रेम विवाह किया है।

## जगुआर के हवलदार को दी अंतिम विदाई

### श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़, सेवा में समर्पण को किया याद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजधानी रांची से सटे टेंडर स्थित जगुआर मुख्यालय में 147 दिवंगत हवलदार 44 वर्षीय धर्मदेव महतो के पार्थिव शरीर को सलामी दी गयी। अभियान एसपी संजय मुकुल किस्पोट्टाए डीसी राहुल कुमारए रमाकांत उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी व साथी जवानों ने अश्रुपूर्ण विदाई दी। श्रद्धांजलि सभा में भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान उनकी सेवा और समर्पण को याद किया गया। उन्होंने पुलिस विभाग को 22 सालए 5 माह और 7 दिन की सेवा दी।

### 15 जुलाई 2000 में हुए थे बहाल



मृदु स्वभाव के धनी श्री महतो 6 जुलाई 2017 से कैंप में कार्यरत थे। दोपहर बाद पैतृक गांव के श्मशान में उनकी अंत्येष्टि की गयी। पिता रामजतन महतो ने उन्हें मुखाग्नि दी। पिठोरिया के मरवा निवासी स्व महतो का जन्म 12 दिसंबर 1978 में हुआ था। विभाग में उनकी नियुक्ति 15 जुलाई 2000 में हुयी थी। यहां योगदान देने से पहले वह आईआरबी-3 की चतरा कैंप में थे।

### दुर्घटना में हुए थे घायल

बुधवार की शाम 7.30 बजे ड्यूटी समाप्त होने पर मोटर साइकिल से घर जाने के दौरान रिंग रोड समीप सुकुरहुटू में पिकअप वैन की चपेट में आकर घायल हो गये थे। उन्हें रामप्यारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 22 की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी बबिता देवीए 12 साल की पुत्री रुपाली और 5 साल का एक पुत्र है।

## एक नजर में

### हाथी ने घरों को ढाहा, रौंद डाली फसल



सोनाहातू। प्रखंड के मानकीडीह और गाड़ाडीह गांव में गुरुवार की रात एक बूढ़ा हाथी गांव में घुसकर काफी उत्पात मचाया है । कई घरों को तोड़ा हैए और फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। गांव के जीतू महतोए भीमसेन महतो का घर को क्षतिग्रस्त किया है। किसान अलचंद्र महतोए सहदेव महतोए राहुल महतो आदि के सब्जी के फसल को खाया और रौंद दिया है । शुक्रवार की सुबह गांव में नुकसान की सूचना मिलने पर हाथी मित्र तापस कर्मकार गांव पहुंचकर किसानों से मुलाकात कर मुआवजा प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दिया और वन विभाग से तत्काल मुआवजा देने की बात कही। एक बूढ़ा हाथी कई दिनों से सोनाहातू में घूम रहा है।

### डीएवी विवेकानंद स्कूल में क्रिसमस उत्सव



**बेड़ो।** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस उत्सव मनाया गया। जिसमें रविए सुनील और आदित्य ने सांता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां और उपहार देकर खुशियां बंटी। इस मौके पर विद्यालय में बच्चों द्वारा क्रिसमस गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और केक काटा गया। वहीं मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय एकता पर जोर देते हुए सभी विद्यर्थियों से सभी धर्मों के प्रति सदभाव एवं आस्था रखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर शिक्षक श्रवण कुमार, कौशिक गोस्वामी, आरती, निर्मला, अनीता आदि मौजूद थे।

### पुआल के गांज में लगी आग, जलकर राख



बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के टेरो पाकलमेड़ी गांव स्थित खलियान में शुक्रवार को लगभग 12 बजे दिन में आग लगने से किसान राजदीप महतो और मनीष महतो की पुआल का गांज जलकर राख हो गया। पुआल के गांज में लगी आग को ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और भारी मशक्कत के बाद काबू में पाया। इधर किसान ने बताया कि मवेशियों को खिलाने के लिए पुआल जमा करके खलियान में जमा कर गांज बना कर रखा था। आग से हजारों रुपये का पुआल जल कर राख हो गये हैं। मवेशियों को खिलाने के लिए अब कुछ नहीं बचा। वहीं आग लगने के कारणों का अबतक पता नहीं चल पाया है।

### इटकी में किसान सम्मेलन का आयोजन



**इटकी।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय भवन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रीमियम एरिगेशन द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने किसानों को अपने खेतों में उपज बढ़ाने के तरीके व सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही सुविधाओं व इसका लाभ लेने की जानकारी दी। प्रीमियम एरिगेशन के जैनेंद्र कुमार ने किसानों को पानी की बचत के लिये टपक सिंचाई योजना को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के बीपीएम सुजाता सोनी, मुखिया रीता देवी व यशपाल सिंह सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये।

### बेड़ो जिप सदस्य ने किया कंबल वितरण



**बेड़ो।** बढ़ती ठंड की देखते हुए पंचायत में शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी के द्वारा बुजुर्ग असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। जिप सदस्य ने बुजुर्गो से उनके समस्या भी सुने। उन्होने उनके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि ठंड के मौसम में खान पान और ठंड से बचने में ध्यान रखें। ये जो कंबल दिया जा रहा है उसका आप लाभ लें और किसी भी तरह का कोई समस्या हो तो मुझसे संपर्क करें। मुझसे जो हो पाएगाए मदद करूंगी। मौके पर जगरनाथ भगत दीपिका भगत मौजूद थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**सिल्ली।** सिल्ली के बुद्धा पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग दो से मेट्रीक तक के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने थ्रीडी होलोग्राफीए घरेलू बिजली के उपकरणए इंटरनेट बैंकिंगए ई.कॉमर्सए सौरमंडल सिस्टमए खेती करने के उपायए एयर कूलरए झरना आदि के मॉडल प्रदर्शित किए। इससे पूर्व विद्यालय के निदेशक रणधीर कुमार ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में क्रिसमस गैदरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीयूशन के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को लैम्प लाइटिंग एवं क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर बीएडए डीएलएडए नर्सिंग एवं डी फार्मा के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष छवि सिन्हा, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित हुईं। दीपाली पराशर ने लैम्प लाईटनिंग के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लैम्प लाईटनिंग में दीपक उस प्रकाश का प्रतीक है जो एक नर्स अपने रोगियों के लिए बन जाती है और पीड़ित लोगों के लिए आशा और आराम का प्रतीक है तथा क्रिसमस और नव वर्ष के लिए सभी शैक्षणिक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रझ-छात्राओं को बधाई दी। बीएड के प्राचार्य उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह नर्सेस के लिए एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण दिन है।

नर्सिंग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव के द्वारा कहा गया कि मानव सेवा सच्ची सेवा हैए जो सेवाभाव से लोगों को साथ रहना सिखलाता है। समारोह में नृत्य.संगीतए नाटक मंचन एवं सान्ताक्लोज के माध्यम से भरपुर मनोरंजन किया गया। मंच संचालन प्रतिभा केरकेट्टाए प्रियंका एवं माला भारती के द्वारा किया गया। साउंड ऑपरेटर सलमान अंसारी एवं इमरोज अंसारी के द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मौके पर बीएड विभागाध्यक्ष राकेश कुमार रायए व्याख्याता सलमा खातुनए बिनीता चौधरीए विवेक राज जायसवालए रीभा कुमारीए कृपा शंकरए अर्चना तिवारीए रोहिनीए गौरीए संकेतए साकीब ईमामए राखी कुमारीए अंजेला गाड़ीए प्रतिभा केरकेट्टाए अनिता कुमारीए सोनी किस्पोटा तथा कर्मचारी तुलसी दासए नवरंजनए सुनील कुमारए जयप्रकाश मिश्राए अर्पणा कुमारीए राहुलए चंदन झाए सुरेन्द्रए महेंद्र सहित अन्य उपस्थित थें।

### देसी कार्बाइन के साथ दो गिरफ्तार

**पिठोरिया।** पिठोरिया और ठाकुरगांव थाना के सम्मिलित अभियान से हथियार के साथ दो अपराधियों को दबोचा गया। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम शुक्रवार को अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पिठोरिया थाना अंतर्गत कुछ अपराधकर्मी हथियार के बल पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

प्राप्त सूचना के आधार पर रांची एसएसपी के निदेर्शानुसार ग्रामीण एसपी के द्वारा खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पिठोरिया एवं ठाकुर गांव थाना क्षेत्र में विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। ठाकुर गांव थाना अंतर्गत उरगुट्टू से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उनसे अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

## तिगरा पंचायत समिति का गठन, सुभाष उरांव अध्यक्ष और समाउल बने सचिव



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक तिगरा में हुयी। अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सुभाष उरांव अध्यक्ष, समाउल अंसारी सचिव, विकास तिर्की उपाध्यक्ष, सुभान अंसारी कोषाध्यक्ष, अशोक पाहन संगठन सचिव व विक्रम उरांव सह सचिव चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में धीरज कुजूर, लुकमान अंसारीए बंधन उरांव, निश्चल तिर्की व परवेज अंसारी शामिल हैं। समिति के पदधारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। श्री अंसारी ने उन्हें मोर्चा संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। संचालन प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। मौके पर सोमा उरांव, पहना तिर्की, इम्तियाज अंसारी, विकास कुमार, बिराज, कमल, अब्दुल कादिर और मोजिम राय आदि दर्जनो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अनगड़ा में स्टेट चैंपियन खिलाड़ियों को किया सम्मानित



### लिंग अधारित हिंसा का विरोध जरूरी: महिला समूह

**ओरमांझी।** लिंग अधारित हिंसा के खिफलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को थाना परिसर ओरमांझी में एक बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित आजीविका महिला संकुल संगठन ओरमांझी की दीदियों ने अपने विचार रखे और लिंग अधारिक हिंसा का विरोध करने व समाज में जागरूकता लाने की संकल्प लिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने कहा समाज में इस प्रकार की हिंसा को छुपाएं नहीं। पुलिस प्रशासन की मदद जरूर ले। उन्होने समाज में जागरूकता फैलाने वाली दीदियों की सरहाना भी किया। वहीं जेएसलपीएस के प्रखंड समन्वयक मुकेश सिन्हा ने बताया कि पिछले एक महीना से संगठन की दीदियों द्वारा गांव-गांव में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों में जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर दीदियों द्वारा थाना परिसर में रंगोली भी बनाई गई।

# कृषि की देन है मानव सभ्यता और संस्कृति

## ओरमांझी में राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



मंच पर घोड़ा नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

**ओरमांझी।** झारखंड किसान महासभा द्वारा अंचल मैदान ओरमांझी में शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश के किसानों द्वारा महापंचायत भी लगाई गई। मुख्य अतिथि जयराम महतो टाइगर ने झारखंड में किसान आंदोलन करने की घोषणा करते हुए कहा सरकार के पास किसानहित में कोई नीति नही है। किसान नीति एसी कमरों से नही खेतों में बनना चाहिए। उसने कहा झारखंड में लगभग सौ डैम हैं। डैम निर्माण में किसानों की जमीन अधिग्रहण हुई। राज्य के विकास में जिनकी एक भी जमीन नही गई वे आज सरकार चला रहे हैं। उसने कहा सरकार के पास दुरगामी सोंच नहीं होने के कारण आज किसानों को सिंचाई के लिए पानी नही मिल रहा। फसलों के भंडारन व्यवस्था नही है। जिसके कारण किसानों को अपने फसल औने-पौने कीमत पर बेचना पड़ता है। उन्होंने कहा आजे सरकार से वार्ता के लिए राज्य में किसानों का कोई प्रतिनिधि मंडल तक नही है। इसी प्रकार किसान की भुमि अधिग्रहण होती रही तो आने वाले समय में झारखंड के किसान प्रवासी हो जाएंगे। झारखंड किसान महासभा को मजबूत बनाने का आहवान भी किया। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा झारखंड के किसान कृषि के लिए मूलभूत जरूरी सहायता व संरचना को तरस रहे है। यहां के खेतों में ना तो पानी है और ना ही बिजली है। किसान बाजारों में दलालों के हाथों की कठपुतली बनकर रह गई है। किसान समाज का अन्नदाता है और अपने खेतों को छोड़कर कभी आंदोलन नहीं करता है, अगर विवश होंगे तो आंदोलन करेंगे।

### घोड़ा और झूमर नृत्य पर झूमे लोग

कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार व टीम द्वारा घोड़ा नृत्य व झुमर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। महापंचायत में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंकज राय, अजय सिंह, महासचिव उपेंद्र गुरु, संजय महतो, जंगल महतो, राजेश कुमार काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# फिर फैलता कोरोना

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है, कोविड समय-समय पर अपना स्वरूप बदल रहा है, ऐसे में टीका लेने के साथ सभी को सतर्क रहना चाहिए एवं सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए। आने वाले त्योहार और नये साल के मद्देनजर राज्यों को सतर्क रहकर लोगों के बीच मास्क पहनने, हाथ धोने, साफ-सफाई और सामाजिक दूरी बनाकर रखने जैसे प्रोटोकाल के प्रति जागरुकता लाने की सलाह दी गयी है। विश्व के कुछ देशों में पिछले दिनों कोविड-19 के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में संसद के दोनों सदनों में स्वतः संज्ञान लेते हुए सांसदों ने मॉस्क का उपयोग आंरभ कर दिया। पिछले तीन वर्ष में कोविड-19 ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा किया है, जिससे हर देश प्रभावित हुआ है। पिछले कुछ समय में कुछ देशों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है।' भारत में एक साल में इसमें सतत कमी आई है और अभी औसतन प्रतिदिन 153 नये मामले दर्ज किये जा रहे हैं। जबकि दुनिया में प्रतिदिन 5.87 लाख नये मामले सामने आ रहे हैं। जापान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया, इटली और यूनान जैसे कई देशों में कोविड से मृत्यु के मामलों में वृद्धि हुई है। देश में केंद्र और राज्यों की सरकारें मिलकर कोविड रोधी टीके की 220.2 करोड़ खुराक लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया है और पात्रता वाली 90 प्रतिशत आबादी को दोनों टीके एवं 22.35 करोड़ आबादी को ऐहतियाती टीके लग चुके हैं। देश में राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन, राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना आदि के माध्यम से राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है। सफल टीकाकरण के बाद भी सावधानी आवश्यक है अगर फिर कोरोना फैला तो निश्चित तौर पर जन-धन की भारी हानि होगी।

# कोटा में आत्महत्या?

देशभर में विख्यात राजस्थान का कोटा में उज्ज्वल भविष्य का सपना संजोए आने वाले युवाओं द्वारा खुदकुशी करने का अंतहीन सिलसिला जारी है। इसी साल के ही आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो एक दर्जन से अधिक युवाओं ने सपनीले भविष्य के स्थान पर मौत को गले लगाने में किसी तरह का संकोच नहीं किया। यह कोई इस साल के ही हालात नहीं हैं अपितु यह पिछले कुछ सालों से लगातार चला आ रहा सिलसिला है। आखिर यह स्थिति क्यों होती जा रही है। यह अपने आप में विचारणीय मुद्दा है। आखिर इसके लिए दोषी किसे माना जाए? बच्चे को, अति महत्वाकांक्षी पेरेंट्स को, कोचिंग संस्थानों को, प्रशासन को या फिर हालात को? हालांकि किसी को दोषी ठहराने से समस्या का हल नहीं निकलने वाला है। यह भी सही है कि इन हालात के लिए सरकार सहित सभी गंभीर हैं। तात्कालिक समाधान भी खोजे जाते रहे हैं पर परिणाम नहीं आ रहे। इंजीनियर या डॉक्टर बनने का सपना संजोए बच्चों का बीच राह में मौत को गले लगा लेना हृदय विदारक होने के साथ कहीं गहरे तक सोचने को मजबूर कर देता है। आखिर क्या कारण है कि उज्ज्वल भविष्य व गरिमामय प्रोफेशन से जुड़ने की तैयारी की राह पर उतरते युवा इस कदर निराशा के दलदल में फंस जाते हैं कि बिना आगे-पीछे सोचे मौत को गले लगाने में हिचकते नहीं। कोटा में कोचिंग कर रहे छात्रों में जिस तेजी से आत्महत्याओं का दौर चला है वह गंभीर होने के साथ बच्चों के परिजनों, कोटावासियों या राजस्थान ही नहीं देश के मनोवैज्ञानिकों, राजनेताओं, प्रशासन, शिक्षाविद् को गहरी सोच में डाल दिया है। कोरोना काल में कोचिंग गतिविधियां बंद होने से आत्महत्याओं का यह सिलसिला कुछ कम अवश्य हुआ पर कोचिंग संस्थानों के दोबारा चालू होते ही आत्महत्याओं का सिलसिला फिर शुरू हो गया है।

# उदय का भान

**विचार-प्रवाह**

**अशोक प्रवृद्ध**

**वहीं** वरुण सागर के ऊपरी क्षेत्रों, नदियों एवं तटरेखा पर शासन करते हैं। मित्र सूर्योदय और दिवस से संबद्ध हैं जो कि सागर से उदय होता है, जबकि वरुण सूर्यास्त एवं रात्रि से संबद्ध हैं जो सागर में अस्त होती है। पृथ्वी एवं आकाश को जल से संबद्ध किये रहने वाले दोनों ही चंद्रमा, सागर एवं ज्वार से जुड़े रहते हैं। भौतिक मानव शरीर में मित्र शरीर से मल को बाहर निकालते हैं जबकि वरुण पोषण को अंदर लेते हैं, इस प्रकार मित्र शरीर के निचले भागों (गुदा एवं मलाशय) से जुड़े हैं वहीं वरुण शरीर के ऊपरी भागों (मुख एवं जिह्वा) पर शासन करते हैं।मित्र, वरुण एवं अग्नि को ईश्वर के नेत्र स्वरूप माना जाता है।वरुण की उत्पत्ति व्रि अर्थात संयोजन यानि जुड़ने से हुई है। इसी प्रकार मित्र की उत्पत्ति मींय अर्थात संधि से हुई है। वैदिक साहित्य में मित्रावरुण को पुरुषों में भ्रातृसदृश स्नेह का प्रतीक दिखाया गया है। मित्र का शाब्दिक अर्थ ही दोस्त होता है। ये अंतरंग मित्रता या दोस्ती के प्रतीक हैं। इन्हें एक शार्क मत्स्य पर सवार दिखाया जाता है और इनके हाथों में त्रिशूल, पाश, शंख और पानी के बर्तन दिखाये जाते हैं। कई स्थानों पर इन्हें सात हंसों द्वारा खींचे गये स्वर्ण रथ पर साथ-साथ आरूढ भी दिखाया जाता है। प्राचीन ब्राह्मण ग्रंथों के अनुसार इन्हें चंद्रमा के दो रूपों या कलाओं के रूप में दिखाया जाता है। शतपथ ब्राह्मण 2-4- 4 -19 के अनुसार बढ़ता चंद्रमा वरुण एवं घटता चंद्रमा मित्र का प्रतीक दिखाया जाता है। इसी रात्रि में मित्र अपने बीज को वरुण में स्थापित करते हैं। इसी प्रकार वरुण मित्र में अपने बीज की स्थापना पूर्णिमा की रात्रि को करते हैं।

**कार्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

### तरक्की का रास्ता

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य किसानों को आर्थिक सुरक्षा तो देता है, मगर उनकी आय नहीं बढ़ती। किसानों को ऐसी फसलों की खोज करनी चाहिए जिन फसलों पर वह वैश्विक बाजार में अपनी सुदृढ़ पैठ बना सकें। किसानों को चाहिए कि जलवायु की विविधता का लाभ उठाकर ऐसी फसलों पर अपना ध्यान केंद्रित करें, जिनका पूरे वर्ष उत्पादन और निर्यात कर सके।

**– साकेत मुंडा, जमशेदपुर**


### समृद्धि की राह

**कृषि** उत्पादों की अधिकता भी उसकी कद्र, मांग और मूल्य को घटाती है जो आज किसानों की बड़ी समस्या है। पूर्व खुद किसान नेता और अर्थशास्त्री भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भी किसानों को अधिक गन्ने की जगह दूसरी फैसलें उगाने की सलाह दी थी। उत्पादन और मांग का आपस एक बड़ा रिश्ता है। सरसता और ऊर्जा के साथ समृद्ध हो सकता है।


**– वेद सिंह, रांची**

# भारतीय राजनीति के भीष्म : अटल, सदैव अटल

**राजनैतिक** जीवन में शुद्धता की, मूल्यों की, आदर्श के सामने राजसत्ता को छोटा गिनने की या सिद्धांतों पर अडिग रहकर न झुकने, न समझौता करने के आदर्श को जीने वाले महानायक एवं शासन में सुशासन के प्रेरक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को भारत सरकार प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। भारतीय राजनीति के महानायक, अजातशत्रु, हिंदी कवि, पत्रकार, प्रखर वक्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के 96 वर्षीय दिग्गज नेता, श्री अटल विहारी वाजपेयी ने न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हुए थे।



उत्तर प्रदेश में आगरा जनपद के प्राचीन स्थान बटेश्वर के मूल निवासी पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी मध्य प्रदेश की ग्वालियर रियासत में अध्यापक थे। वहीं शिन्दे की छावनी में 25 दिसंबर 1924 को ब्रह्ममुहूर्त में उनकी सहधर्मिणी कृष्णा वाजपेयी की कोख से अटलजी का जन्म हुआ था। महात्मा रामचन्द्र वीर द्वारा रचित अमर कृति विजय पताका पढ़कर अटलजी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। छात्र जीवन से वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने और तभी से राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के निर्देशन में राजनीति का पाठ तो पढ़ा ही, साथ-साथ पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, दैनिक स्वदेश और वीर अर्जुन जैसे पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादन का कार्य भी कुशलतापूर्वक करते रहे। अटलजी ने किशोर वय में ही एक अद्भुत कविता लिखी थी - हिन्दू तन-मन हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, जिससे यह पता चलता है कि बचपन से ही उनका रुझान देश हित, राष्ट्रीयता एवं हिन्दुत्व की तरफ था। राजनीति के साथ-साथ समष्टि एवं राष्ट्र के प्रति उनकी वैयक्तिक संवेदनशीलता, जिजीविषा, व्यापक दृष्टि आद्योपान्त प्रकट होती ही रही है। उनके संघर्षमय जीवन, परिवर्तनशील परिस्थितियां, राष्ट्रव्यापी आन्दोलन, जेल-जीवन आदि अनेक आयामों के प्रभाव एवं अनुभूति से जुड़े विचार उनके काव्य में सदैव ही दिखाई देते थे।



**- एनके मुरलीधर**

> अटलजी ने किशोर वय में ही एक अद्भुत कविता लिखी थी- हिन्दू तन-मन हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय, जिससे यह पता चलता है कि बचपन से ही उनका रुझान देश हित, राष्ट्रीयता एवं हिंदुत्व की तरफ था। राजनीति के साथ-साथ समष्टि एवं राष्ट्र के प्रति उनकी वैयक्तिक संवेदनशीलता, जिजीविषा, व्यापक दृष्टि आद्योपांत प्रकट होती ही रही है।

अटल विहारी वाजपेयी ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। भारत सरकार ने सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से उनको अलंकृत किया। वाजपेयी बेहद नम्र इंसान थे और वह अंहकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू भी प्रभावित थे और उन्होंने कहा था कि अटलजी एक दिन भारत के प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। आज भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का जो धरातल बना है, वह उन्हीं की देन है। 1977 में जनता पार्टी सरकार में उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया और वे इसे अपने जीवन का सबसे सुखद क्षण बताते थे। 1980 में वे बीजेपी के संस्थापक सदस्य रहे। वे नौ बार लोकसभा के लिए चुने गए हैं दूसरी लोकसभा से तेरहवीं लोकसभा तक। 1962 से 1967 और 1986 में वे राज्यसभा के सदस्य भी रहे। वे संसद में बहुत प्रभावशाली वक्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं और महत्वपूर्ण मुद्दे पर उनके भाषण खासे गौर से सुने जाते रहे हैं, जो भारत के संसदीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है।

अटल विहारी वाजपेयी 16 मई 1996 को पहली बार प्रधानमंत्री बने, लेकिन लोकसभा में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 31 मई 1996 को उन्हें त्यागपत्र देना पड़ा। इसके बाद 1998 तक वे लोकसभा में विपक्ष के नेता रहे। 1999 में हुए चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साझा घोषणापत्र पर लड़े गए और इन चुनावों में वाजपेयी के नेतृत्व को एक प्रमुख मुद्दा बनाया गया। गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ और वाजपेयी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। एनडीए का नेतृत्व करते हुए मार्च 1998 से मई 2004 तक, छह साल भारत के प्रधानमंत्री रहे।

इस दौरान उनकी सरकार ने 11 और 13 मई 1998 को पोखरण में पाँच भूमिगत परमाणु परीक्षण विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश घोषित कर दिया। इस कदम से उन्होंने भारत को निर्विवाद रूप से विश्व मानचित्र पर एक सुदृढ वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया। यह सब इतनी गोपनीयता से किया गया कि अति विकसित जासूसी उपग्रहों व तकनीकी से संपन्न पश्चिमी देशों को इसकी भनक तक नहीं लगी। यही नहीं इसके बाद पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाये गये लेकिन वाजपेयी सरकार ने सबका दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए आर्थिक विकास की ऊचाइयों को छुआ। उन्होंने पडौसी देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को सौहार्दपूर्ण बनाने की दृष्टि से भी अनेक उपक्रम किये। 19 फरवरी 1999 को सदा-ए-सरहद नाम से दिल्ली से लाहौर तक बस सेवा शुरू की गई। कुछ ही समय पश्चात पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ की शह पर पाकिस्तानी सेना व उग्रवादियों ने कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ करके कई पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर लिया। अटल सरकार ने पाकिस्तान की सीमा का उल्लंघन न करने की अंतर्राष्ट्रीय सलाह का सम्मान करते हुए धैर्यपूर्वक किंतु ठोस कार्यवाही करके भारतीय क्षेत्र को मुक्त कराया।

दुनिया के सबसे बड़ी सड़क परियोजना स्वर्णिम चर्तुभुज का निर्माण कर पूरे देश को एक विश्व स्तरीय सड़क से जोड़ने का काम किया। आज वह सड़क देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से देश के पांच लाख गांवों के विकास को मानों पंखअटल विहारी वाजपेयी चाहे प्रधानमन्त्री के पद पर रहे हों या नेता प्रतिपक्ष- बेशक देश की बात हो या क्रान्तिकारियों की, या फिर उनकी अपनी ही कविताओं की, नपी-तुली और बेवाक टिप्पणी करने में अटलजी कभी नहीं चूके।

**खास बात**

## शुद्धि आंदोलन के अग्रदूत स्वामी श्रद्धानंद

**भारत** में आज जो मुसलमान हैं, उन सबके पूर्वज हिंदू ही थे। उन्हें अपने पूर्वजों के पवित्र धर्म में वापस लाने का सर्वाधिक सफल प्रयास स्वामी श्रद्धानंद ने किया। संन्यास से पूर्व उनका नाम मुंशीराम था। उनका जन्म 1856 में ग्राम तलवन (जिला जालन्धर, पंजाब) में एक पुलिस अधिकारी नानकचंद जी के घर में हुआ था। 12 वर्ष की अवस्था में ही उनका विवाह हो गया। बरेली में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद के प्रवचनों से वे अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने अस्पृश्यता तथा जातीय भेदभाव के विरुद्ध प्रबल संघर्ष करते हुए अपनी पुत्री अमृतकला तथा पुत्रों पंडित हरिश्चंद्र विद्यालंकार व पंडित इंद्र विद्यावाचस्पति का अंतरजातीय विवाह किया। 1917 में संन्यास लेने पर उनका नाम स्वामी श्रद्धानंद हो गया। स्वामी जी और गांधी जी एक दूसरे से बहुत प्रभावित थे। 30 मार्च, 1919 को चांदनी चौक, दिल्ली में रौलट एक्ट के विरुद्ध हुए सत्याग्रह का नेतृत्व स्वामी श्रद्धानंद जी ने ही किया। वहां सैनिकों ने सत्याग्रहियों पर लाठियां बरसायीं। इस पर स्वामी जी उनसे भिड़ गये। सैनिक अधिकारी ने उनका सीना छलनी कर देने की धमकी दी। इस पर स्वामी जी ने अपना सीना खोल दिया। सेना डर कर पीछे हट गयी। स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें एक वर्ष चार माह की सजा दी गयी। जेल से आकर वे अछूतोद्धार तथा मुसलमानों के शुद्धिकरण में लग गये। 1924 में शुद्धि सभा की स्थापना कर उन्होंने 30,000 मुस्लिम (मलकाना राजपूतों) को फिर से हिन्दू बनाया। इससे कठमुल्ले नाराज हो गये; पर स्वामी जी निर्भीकता से परावर्तन के काम में लगे रहे। 1924 में स्वामी जी अखिल भारत हिंदू महासभा के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। मुसलमानों में देशप्रेम जगाने के लिए खिलाफत आन्दोलन के समय वे चार अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद में भाषण देने गये। स्वामी जी ने हरिद्वार के पास 21 मार्च, 1902 को होली के शुभ अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की। इसके लिए नजीबाबाद (जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश) के चौधरी अमनसिंह ने 120 बीघे भूमि और 11,000 रुपये दिये।

तकलीफ और दुःख मनुष्य को परेशान करने के लिए नहीं, उसकी योग्यता और आत्मविश्वास की परीक्षा करने के लिए आते हैं । ताला टूट जाता है, लेकिन दूसरी चाभी स्वीकार नहीं करता है।

**– रमेशभाई ओझा**
**प्रसिद्ध कथा वाचक**

**आपके ट्वीट**

झारखंड की समृद्ध भाषाओं को सशक्त करने की सभी की जिम्मेदारी है। यही कारण है हमारी नीति ने राज्य की जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को परीक्षाओं में मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया।

**–हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





अबू धाबी (दुबई) में फंसे हजारीबाग जिलांतर्गत मड़मो (विष्णुगढ़) निवासी विनोद जी की सकुशल घर वापसी हुई है। मेरे आग्रह पर प्रदर्शित तत्परता के लिए मैं विदेश मंत्रालय और अबू धाबी के भारतीय दूतावास की आभारी हूं। – **अन्नपूर्णा देवी**

# खेती और किसान से जुड़े विरोधाभास का समाधान

**श्री निवास राधवन**

**सामयिक**

**भारतीय** कृषि पर जानी-मानी ब्रिटिश विशेषज्ञ बारबरा हैरिस-व्हाइट ने हाल में बताया था, भारत में कृषि बाजार कैसे विकसित होते हैं और उनमें क्या कमजोरियां हैं। बारबरा ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की मानद प्रोफेसर हैं। वह भारत की घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि बाजार सूक्ष्म बाजार हैं, जिन्हें बहुत सी पूंजी और तकनीक की जरूरत है और किसानों की आमदनी बढ़ाने की जरूरत है।

ज्यादा पूंजी, तकनीक और आमदनी की जरूरत समझी जा सकती है, लेकिन सूक्ष्म बाजारों की धारणा के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। वे न केवल समझ से परे हैं बल्कि उनके बीच संपर्क को भी नहीं समझा जा सकता है। इससे यह समस्या पैदा होती है कि उनके इस तरह से नहीं जोड़ा जा सकता है कि उन्हें एक बड़ा बाजार माना जा सके। नए कृषि कानूनों में यही किया गया है।

अगर आप इसे स्वीकार करते हैं तो दूसरा सवाल यह है कि अगर भारत के कृषि बाजार सूक्ष्म बाजार हैं तो उनमें मांग वक्र सपाट नहीं हो सकता है। अगर हम उन्हें बड़ा बाजार मानते हैं तो उनमें मांग वक्र सपाट होगा। एक सपाट वक्र का मतलब है कि इतने अधिक उत्पादक हैं कि उनमें से कोई भी अकेला कीमतों को प्रभावित नहीं कर सकता है। प्रत्येक उत्पादक बाजार कीमतों को स्वीकार करता है। लेकिन सपाट वक्र केवल बड़े बाजारों के लिए ही सही हो सकता है। किसी सूक्ष्म बाजार में न्यूनतम ढाल होना चाहिए क्योंकि उसमें बहुत कम विक्रेता होते हैं, जिनका कीमतों पर मामूली प्रभाव होता है। वे उतने शक्ति विहीन नहीं हैं, जितना उन्हें बनाया जा रहा है।

भले ही ढाल कितना ही छोटी हो, लेकिन जोखिम एवं उसके स्तरों को लेकर किसानों की धारणा में बड़ा बदलाव ला सकता है। जब आप हर साल औसतन प्रत्येक एकड़ से महज 20,000 रुपये की कमाई करते हैं तो आपकी जोखिम वहनीयता का स्तर छोटा होगा। इसका अपवाद पंजाब है, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की बदौलत बहुत से किसान पांच गुना तक कमाई करते हैं।

यह एमएसपी का मुख्य बिंदु है। यह मांग वक्र को कृत्रिम रूप से सपाट बनाकर इन बाजारों को जोखिम मुक्त बनाने की कोशिश करता है। साथ ही यह कॉबवेब सिद्धांत को गलत साबित कर भविष्य के बारे में उत्पादकों की धारणा को बदलने की कोशिश करता है। कॉबवेब सिद्धांत कहता है कि अगले साल का कृषि उत्पादन उस साल की कृषि कीमतों पर आधारित होता है।

इस तरह मेरी राय में एमएसपी, जिस स्तर पर आय के स्रोत को सुचारु करने की कोशिश करता है, वहां तक एक वेतन के समान है। प्रतिस्पर्धी बाजार बनाकर इसे कमजोर करना एक 'परिवर्तनशील वेतन' के समान है, जिसमें वेतन कर्मचारी के खुद के सीमांत राजस्व उत्पाद के अलावा अन्य चीजों पर निर्भर है। संयोग से परिवर्तनशील वेतन कंपनी की वास्तविक लागत घटाने का एक तरीका है, जो कृषि के मामले में सरकार है। प्रधानमंत्री ने भी ऐसी बात कही है।

लेकिन यह कल्पना कीजिए कि प्रतिस्पर्धी बाजार बनते हैं तो ढाल और उसके नतीजतन जोखिम धारणा का क्या होगा? अगर सभी बाजारों में कीमतें एकसमान होंगी तो किसी को नुकसान नहीं होगा। लेकिन अगर पड़ोसी बाजारों में अलग-अलग कीमतें होंगी और यदि यह अंतर खेत से उन तक परिवहन लागत से अधिक या कम होगा तो मांग वक्र का ढाल कैसा होगा? क्या इसी स्तर तक व्यक्तिगत किसान (अगर कीमत परिवहन लागत से अधिक है) या आढ़तिये (अगर कीमत परिवहन लागत से कम है) कीमत को प्रभावित कर सकते हैं?

# यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाल पर्व क्रिसमस

**कुमार गौरव**

**त्योहार**

**क्रिसमस** या बड़ा दिन ईसा मसीह या यीशु के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला पर्व है। यह 25 दिसम्बर को पड़ता है और इस दिन लगभग संपूर्ण विश्व मे अवकाश रहता है। क्रिसमस से 12 दिन के उत्सव क्रिसमसटाइड की भी शुरूआत होती है। एन्नो डोमिनी काल प्रणाली के आधार पर यीशु का जन्म, 7 से 2 ई.पू. के बीच हुआ था। 25 दिसम्बर यीशु मसीह के जन्म की कोई ज्ञात वास्तविक जन्म तिथि नहीं हैं और लगता है कि इस तिथि को एक रोमन पर्व या मकर संक्रांति (शीत अयनांत) से संबंध स्थापित करने के आधार पर चुना गया है। आधुनिक क्रिसमस की छुट्टियों मे एक दूसरे को उपहार देना, चर्च मे समारोह और विभिन्न सजावट करना शामिल हैं। इस सजावट के प्रदर्शन मे क्रिसमस का पेड़, रंग बिरंगी रोशनियां, बंडा, जन्म के झांकी और हॉली आदि शामिल हैं। सांता क्लॉज (जिसे क्रिसमस का पिता भी कहा जाता है हालांकि, दोनों का मूल भिन्न है) क्रिसमस से जुड़ी एक लोकप्रिय पौराणिक परंतु कल्पित शख्सियत है जिसे अक्सर क्रिसमस पर बच्चों के लिए तोहफे लाने के साथ जोड़ा जाता है। सांता के आधुनिक स्वरूप के लिए मीडिया मुख्य रूप से उत्तरदायी है।



क्रिसमस को सभी ईसाई लोग मनाते हैं और आजकल कई गैर ईसाई लोग भी इसे एक धर्मनिरपेक्ष, सांस्कृतिक उत्सव के रूप मे मनाते हैं। क्रिसमस के दौरान उपहारों का आदान प्रदान, सजावट का सामन और छुट्टी के दौरान मौजमस्ती के कारण यह एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन गया है और अधिकांश खुदरा विक्रेताओं के लिए इसका आना एक बड़ी घटना है। दुनिया भर के अधिकतर देशों में यह 25 दिसम्बर को मनाया जाता है। क्रिसमस की पूर्व संध्या यानि 24 दिसम्बर को ही जर्मनी तथा कुछ अन्य देशों में इससे जुड़े समारोह शुरू हो जाते हैं। ब्रिटेन और अन्य राष्ट्रमंडल देशों में क्रिसमस से अगला दिन यानि 26 दिसम्बर बॉक्सिंग डे के रूप मे मनाया जाता है। कुछ कैथोलिक देशों में इसे सेंट स्टीफेंस डे या फीस्ट ऑफ सेंट स्टीफेंस भी कहते हैं। आर्मीनियाई अपोस्टोलिक चर्च 6 जनवरी को क्रिसमस मनाता है पूर्वी परंपरागत गिरिजा जो जुलियन कैलेंडर को मानता है वो जुलियन वेर्सिओं के अनुसार २५ दिसम्बर को क्रिसमस मनाता है, जो ज्यादा काम में आने वाले ग्रेगोरियन कैलेंडर में 7 जनवरी का दिन होता है क्योंकि इन दोनों कैलेंडरों में 13 दिनों का अन्तर होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## झरपो-सिवाने नदी पथ निर्माण को लेकर पंचायत मुखिया ने किया निरीक्षण

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो से सिवाने नदी पथ निर्माण को लेकर झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क और निर्माण किया जाने वाले पुलिया में उपयोग में लाये जाने वाला सामग्री को गुणवत्ता पूर्ण लगाने को उक्त स्थल से दूरभाष द्वारा सबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप किया। मौके पर श्याम कु. शर्मा, किशोरी ठाकुर, मुकेश कुमार, जमुना सिंह, संतोष कुमार उपस्थित थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़वार में दो दिनों में दो बार हुई चोरी

**दारू (हजारीबाग)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़वार में लगातार चोरी की घटनाएं घट रही है और चोरों ने यहां दो दिनों में दो बार चोरी कर ली। इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभु राम ने बताया कि बुधवार और गुरुवार की रात्रि चोरों ने विद्यालय की पाकशाला के छत पर रखे सीमेंट से स्लेप को हटा कर तीन गैस सिलेंडर और दो गैस चूल्हे की चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक ने इस संबंध में दारू थाना, बीडीओ दारू और इरगा पंचायत की मुखिया अनिता देवी को आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है। इस विद्यालय में एक वर्ष पूर्व भी चोरों ने दो सौ थाली की चोरी कर ली थी तथा चापानल में लगे समरसेबल मशीन को भी चोरी करने का प्रयास किया गया था।

## किसान दिवस के अवसर पर 500 बोरा जैविक खाद का वितरण

**बड़कागाँव।** अदाणी फाउंडेशन ने किसान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बड़कागांव में 500 बोरा जैविक खाद का किसानों के बीच वितरण किया। इसके अलावा ग्रामीणों के बीच 400 से अधिक फूड पैकेट्स भी बांटे गए। अदाणी फाउंडेशन का पंच लाइन था – ₹चलो चलें जैविक की ओर₹। जैविक खाद पाकर किसानों के चेहरे खुशी से छलक उठे। फाउंडेशन की ओर से आज एक 10 किलोमीटर के मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया।

## ऑल्टो ने महिला को रौंदा, मौत

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के सूर्यकुंड रोड में एक आल्टो कार ने महिला को धक्का मार दिया। इस हादसे में महिला की मौत हो गई। यह घटना गुरुवार के रात करीब नौ दस बजे की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार ऑल्टो कार बेलकप्पी से सूर्यकुंड जा रही थी। इसी क्रम में महिला कौशल्या देवी पति सुरेश यादव ग्राम नावाडीह थाना गोरहर निवासी को चपेट में ले लिया। इस घटना में ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की जानकारी गोरहर थानाप्रभारी कृष्ण कुमार साह को मिलते ही दलबल के साथ पहुंचकर ऑल्टो कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## भाजपा की बैठक संपन्न

**टाटीझरिया।** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया प्रखंड ईकाई की बैठक मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जयंती हर बूथ में मनाया जाएगा ,हर बूथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात भी उसी दिन 25 दिसंबर को सुनना है। इस कार्य को प्रभारी हर बूथ में करें और लाभ उठावें। प्रमुख और भाजपा मंडल महामंत्री संतोष मंडल ने कहा कि बूथ स्तर की कमिटी को जागृत करना है। भाजपा आज देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है,विश्व में नरेंद्र मोदी जी का डंका बज रहा है,उनका संदेश अपने गांव के लोगों को भी सुनना ही चाहिए। उनके मन की बात 25 दिसंबर को प्रसारित होगा, हर हाल में हमलोग उसे बूथ पीआर सुनवाने की व्यवस्था जरूर करें। बैठक में महामंत्री लक्ष्मण यादव, उप प्रमुख रवि वर्णवाल, एमके पाठक, रजनीकांत चौधरी, उपेंद्र पांडे, सहदेव यादव, प्रविल प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

### कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर जनप्रतिनिधियों ने सौंपा ज्ञापन, चेकडैम निर्माण व तालाब गहरीकरण की मांग की

# सिंचाई की समुचित व्यवस्था से किसानों की आर्थिक स्थिति में गुणात्मक सुधार होगा : कयूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखण्ड के 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा के नेतृत्व में झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख से रांची स्थित आवास में झारखंड में वर्षा पर निर्भर कृषि व्यवस्था में सुधार के लिए एक ठोस कदम उठाने की जरूरत है।जिसके तहत बरही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में तालाब, चेकडैम आहर निर्माण हेतु एक लिखित ज्ञापन सौंपा। माननीय मंत्री से वातार्लाप में 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा कि बरही क्षेत्र में सिंचाई की बहुत बड़ी समस्या है इसलिए हरेक पंचायत में चेकडैम, तालाब का निर्माण कार्य कराया जाये, जिससे यहां के किसान कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं अल्पसंख्यक महाकल्याण समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि बरही प्रखंड में तिलैया डैम है, उसे नहर के माध्यम से विजैया पंचायत, डपोक पंचायत, मलकोको पंचायत एवं भंडारों पंचायत तक पाइप या नहर द्वारा प्रत्येक खेत मे पानी कु व्यवस्था होने पर सिंचाई की समुचित व्यवस्था किया जा सकता है। सिंचाई की समुचित व्यवस्था होने पर झारखंड के मेहनती किसानों कु आर्थिक स्थिति में गुणात्मक सुधार होने कु पक्की गारंटी है। जिससे काफी किसानो को लाभ मिलेगा। साथ ही पड़रिया, मलकोको, डपोक, गरजामु नदी में जगह जगह पर चेक डैम का निर्माण किये जाने की मांग की गई। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, सामाजिक कार्यकर्ता मो अख्तर, मुरसिद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



मंत्री से मिलते जनप्रतिनिधि।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने संत रॉबर्ट स्कूल हजारीबाग को 163 रनों से हराया

### नीतीश कुमार बने मैन ऑफ द मैच




टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट मैच वेल्स मैदान में आईलेक्स पब्लिक स्कूल पंचमाधव ने संत रॉबर्ट स्कूल हजारीबाग को 163 रनों से हराया। लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट में आईलेक्स पब्लिक स्कूल और संत रॉबर्ट स्कूल हजारीबाग के बीच मैच खेला गया। आईलेक्स की कप्तानी सावन सिंह ने की वही दूसरी ओर संत रोबोट के कप्तान दीपक कुमार थे। आईलेक्स स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईलेक्स की टीम ने कुल 245 रन 10 विकेट खोकर 35 ओवर में बनाएं। जिसमें नीतीश कुमार ने 86, सावन सिंह ने 58 और शिवनंदन ने 39 रन बनाएं। जवाबी पारी में संत रोबोट की टीम सिर्फ 18 ओवर में 82 रन पर ही पारी सिमट गई। जिसमें आईलेक्स की तरफ से अभिषेक कुमार ने 4 विकेट, सावन सिंह और नीतीश कुमार ने 2- 2 विकेट लिया। वही शिवचंदन ने 1 विकेट लिया। नीतीश कुमार को उनकी शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। स्कूल के खेलकूद प्रबंधक भूषण कुमार का भी योगदान काफी सराहनीय रहा। जिनके नेतृत्व में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। आइलेक्स के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए कहा कि आज की जीत को भविष्य में भी बनाए रखने की बात कही।

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल गौरियाकरमा में किसान दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## देश की समृद्धि का आधार किसान : शैलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** 80 प्रतिशत कृषि पर आधारित भारत मे राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के शाखा गोरियाकरमा में बच्चों ने राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर कर्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।विद्यालय के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने बच्चों को किसान दिवस की जानकारी बच्चों को देते हुए बताया कि किसान दिवस या राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को भारत के पांचवें प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने किसानहित की नीतिओं को लागू किया।और किसानों के कल्याण की दिशा में काम किया। वह भारत के पांचवें प्रधान मंत्री थे और उन्होंने 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक प्रधान मंत्री के रूप में देश की सेवा की थी। नर्सरी के बच्चों ने किसान दिवस पर कविता पाठ किया। कक्षा -3 के सोनू, उत्तम, अंजलि और रविश ने विभिन्न अनाजों के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के आयोजन में अंशु, अंकिता, आरोही, राजवीर, श्रेया, शिवराज, रौनक आदि के प्रयास भी काफी सराहनीय रहे। विद्यालय के संचालक शैलेश कुमार ने बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की तथा कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते है। उन्होंने भारत सहित कई देशों में किसानों के आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सम्पूर्ण जीव का पेट भरनेवाला स्वयं भूखा सो जाता है। साथ ही आर्थिक कमी के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में खुदकुशी करने के मजबूर होते है। इनकी स्थिति में सुधार के लिए सरकार को निरन्तर प्रयासरत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समृद्ध किसान, तभी देश महान। हमें किसानों का सम्मान करना होगा, उनके हालात को ठीक करने होंगे।




किसान दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## झारखंड आंदोलनकारी का निधन, शोक

**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के चक्रवाली निवासी सह झारखंड आंदोलकारी सतीश प्रसाद उम्र 62 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार को उनके आवास में हो गया। बताया गया कि उन्होंने झारखंड राज्य आंदोलन में बढ़चढ़कर भाग लिया था। उन्हें सरकार द्वारा पेंशन भी दिया जा रहा था। उनके निधन पर चोकाद पंचायत की मुखिया रूपा देवी, उप मुखिया अविनाश कुमार, मगनपुर पंचायत के मुखिया नुरुल्लाह अंसारी, अर्जुन प्रसाद, जनार्दन पाठक आदि ने शोक व्यक्त किया।

## तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन खेल प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। तीन दिन चली खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उनके बीच खो-खो, वॉलीबाल, शाटपुट, सुई-धागा दौड़, बैलून रेस, टॉफी रेस, लंबी कूद, जंप फ्राग रेस, लेटर रेस, बॉल रेस, 50, सौ व दो सौ मीटर की रेस आदि खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्तव है। इससे स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है। विजेताओं ने वॉलीबाल में दयानंद हाउस विजेता, टग ऑफ वार में अंबेडकर हाउस, कबड्डी में भगत सिंह हाउस, खो खो में चंद्रशेखर हाउस, फुटबॉल में अंबेडकर हाउस, 100 मीटर में प्रथम स्थान पर धीरज कुमार, आर्यन कुमार, साकेत कुमार, मिथुन कुमार, प्रिंस कुमार, पियूष कुमार, मो इकबाल, मो आफताब, सैफ अली, विकास कुमार, रूपेश कुमार, सागर कुमार, प्रिंस कुमार, सन्नी कुमार, कुणाल कुमार, सूरज कुमार, रिले रेस में प्रथम नीरज कुमार, नितेश कुमार, जेबलिंग थ्रो में प्रथम निशी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सुलेखा कुमारी, मनीषा कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, सुनील कुमार, सोनू कुमार, अंकित कुमार, सौरभ कुमार, रूपेश कुमार, कृष्णा कुमार सहित 476 बच्चों को पुरस्कृत किया गया।




वार्षिक खेलकूद में शामिल बच्चे।

## भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक संपन्न



बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ने किया` बैठक में आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98 वीं जयन्ती मनाने का का निर्णय लिया गयो प्रायोजित कार्यक्रम मन की बातों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संकल्प किसे कहते है,वो भारतीय जनता पार्टी अच्छी तरह जानती है। वही पार्टी के बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों के चर्चा बिंदुवार की गई पार्टी के लिए गर्व की बात है।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व साँसद प्रतिनिधि शम्भू नाथ पाण्डेय, राकेश कुमार, अनु०जिला प्रवक्ता सुरेश राम, उपाध्यक्ष पिंकी देवी, मंत्री निर्मल कुमार, राजेश कुमार, हरि यादव, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, मंजू देवी, गुलाब शंकर महतो, महादेव महतो, झल्लु पंडित, रामधन माली, दिलीप कुमार, मिट्टू यादव मौजूद थे।

## अतिक्रमित पांच दुकानों को सुरक्षाकर्मियों ने रात में उजाड़ा, दुकानदारों में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल तोपा परियोजना के पुराना कांटाघर के निकट अतिक्रमित पांच झोपड़ी नुमा दुकानों को बीती रात सुरक्षा विभाग द्वारा उजाड़ दिया गया। सुबह होने पर अन्य दिनों की तरह अपने रोजी रोजगार के लिए पहुंचे दुकानदारों ने जब अपने उजड़े दुकान को देखा, तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। सुरक्षा विभाग की कार्रवाई का विरोध करते हुए भुक्तभोगी सभी दुकानदार पुनः अपने दुकान को स्थापित करने में लग गये। जिन दुकानों को तोड़ा गया उसमें पिंटू मीट दुकान, फारुख मुर्गा दुकान, नसीम मीट दुकान, मुमताज चाय दुकान सहित बीच के एक अन्य कब्जे वाली घेराबंदी भूमि शामिल हैं।

**क्या कहते हैं दुकानदार :** भुक्तभोगी दुकानदारों का कहना है कि परियोजना के सुरक्षाकर्मियों द्वारा रात के अंधेरे में इस प्रकार की कार्रवाई की गई है। जो न्यायोचित नहीं है। कई वर्षों से हमलोग इस स्थान पर खूंटा-बल्ली गांड़कर तथा रोजगार करके अपने बाल बच्चों का भरण पोषण करते आ रहे हैं। सुरक्षाकर्मियों को अगर हटाना हीं था तो नियमतः इसके लिए उन्हें पहले नोटिस और समय देना चाहिए। तब इस प्रकार की कार्रवाई रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि दिन के उजाले में करना चाहिए। सुरक्षा विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई एक तरफा है। हम लोगों की रोजी-रोटी इसी स्थान से चल रही हैं। उजाड़ने के पहले सीसीएल प्रबंधन हम लोगों के बसाने की व्यवस्था करे।



अभियान के बाद उजड़े दुकान।



उजड़े दुकान को संवारते दुकानदार।

एक नजर में

## 100 जरूरतमंद लोगों मेंकंबल वितरित

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला चरही क्षेत्र के द्वारा सीएस आर मद के द्वारा शुक्रवार को बहेरा एवं फुसरी गांव में 100 जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण।तथा बहेरा और फुसरी ग्राम के युवाओं खिलाड़ियों के बीच खेल सामाग्री का भी वितरण किया गया। उपरोक्त सामग्रियों का वितरण समाजसेवी बासुदेव महतो के द्वारा किया गया।वहीं फुसरी के उत्कर्मित मध्य विद्यालय के प्रांगण में ग्रामीणों को तापिन साउथ परियोजना पदाधिकारी एके दिवाकर,उप प्रबंधक कार्मिक सारांश श्रेष्ठ,जीएम यूनिट के सहायक प्रबंधक कार्मिक निशांत परमार,नोडल पदाधिकारी सीएसआर पीयूष,आरवीएम अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू,सचिव मन्नू टुडू, समाजसेवी संजय मुर्मू,जगदीश मांझी,जायराम मांझी, के द्वारा संयुक्त रूप से कंबल का वितरण किया।फुसरी के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए परियोजना अधिकारी एके दिवाकर ने कहा कि सीसीएल के सीएसआर मद से प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जता है। साथ ही कंपनी के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं क्रमशः सिलाई-कढ़ाई,प्रशिक्षण,कंप्यूटर और ड्राईवर का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। ग्रामीण इसका लाभ ले सकते हैं।परियोजना के ग्रामीणों को किसी तरह का कोई परेशानी होने पर सीधे तापिन साउथ परियोजना कार्यालय में आकर बात कर सकते हैं।

## हाट में हो रही वसूली जांच का विषय

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही स्थित आकाश गंगा के समीप कई वर्षों से सरकारी हाट लगता आ रहा है। बाजार की भूमि आम गैरमजुरूआ और वन भूमि है। जिसका खाता संख्या 48,प्लॉट संख्या 33 और रकवा 0.40 डिसमिल है। हाट की भूमि को सरकार के नाम से सेटलमेंट किया गया है। एनएचएआई के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के क्रम में हाट की भूमि 0.20 डिसमिल बाजार की भूमि को अधिग्रहण किया गया है। अब बाजार की भूमि मात्र 0.20 डिसमिल ही बच गई है। जिस पर प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को भारी हाट लगता है। इसी हाट के समीप वन भूमि भी अवस्थित है। जिस पर बाजार लगता है। इस जमीन पर कई छोटे-बड़े दुकान और गुमटियां हैं।लगने वाले बाजार को दस लोगों ने मिलकर डाक पर लिया गया है।मासुल की वसूली डाक पर लेने वाले लोग करते हैं।लेकिन मासुल वसूली की रसीद कुछ ही विक्रेताओं को दिया जाता है।बाकी के विक्रेताओं को रसीद नहीं दिया जाता है। बाजार की भूमि से वसूल किये गए मासुल जायज हो सकता है। लेकिन वन भूमि पर लगने वाले बाजार से हो रही मासुल वसूली कहीं से जायज नहीं है। इस पर वन विभाग के लोग खामोश हैं। या फिर संलिप्त है।बताया जाता है कि बाजार में खस्सी के दुकान 5 मासुल वसूली 4 सौ रुपये प्रति दुकान,मछली दुकान 15 प्रति दुकान 70 रुपये, मुर्गा दुकान 20 प्रति दुकान से 70 रुपये,मीट दुकान 10 प्रति दुकान से 3 सौ रुपये, कपड़ा दुकान 15 प्रति दुकान से 50 रुपये, आटा-चावल की 20 दुकानें प्रति दुकान दे 50 रुपए, महुवा दुकान 5 प्रति दुकान से 50 रुपये और सब्जी के 40 दुकान प्रति दुकान से 20 रुपये मासुल के रूप में वसूल किया जाता है। इसके अलावे अन्य कई दुकानें लगते हैं।इसमें मात्र खस्सी के दुकानों के ही मासुल कि रसीद दिया जाता है।बाकी के रुपए जेबें में चली जाती है। उपरोक्त दुकानें वन भूमि पर लगता है। जो एक जांच का विषय है।

## चोरी के सामान के साथ चार चोर गिरफ्तार

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के उउवि पेसरा के रसोई घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी करने वाले चार चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी के सिलेंडर को बरामद कर लिया है। थानाप्रभारी विक्रम कुमार में बताया कि 17/18 दिसंबर के रात में पेसरा स्थित उउवि से अज्ञात चोरों के द्वारा किचेन रूम का ताला तोड़कर चार गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया गया था। स्कूल के एचएम राजकुमार रविदास के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 202/22 अंकित कर छापामारी किया गया। छापेमारी के क्रम में चोरी में संलिप्त अभियुक्तों को पकड़ा गया। चोरों के निशानदेही पर चार गैस सिलिंडर को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी अभियुक्तों में रघुनंदन यादव पिता भीखन यादव ग्राम पेसरा, केदार प्रसाद उर्फ सोनू पिता अमृत महतो ग्राम गयपहाडी, अनु पासवान पिता राजू पासवान ग्राम पेसरा, संतोष कुमार पिता दिनेश प्रसाद ग्राम गयपहाडी निवासी शामिल हैं।

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दारू।** सदर प्रखंड क्षेत्र के बनाहप्पा स्तिथ गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्कूली छात्र छात्राओ के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने रैन हार्वेस्टिंग, ग्रीन हाउस,किडनी का बचाव,पर्यावरण से संबंधित विषयों पर प्रदर्शनी के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति की । विज्ञान प्रदर्शनी से पूर्व इसका उद्घाटन विद्यालय के निर्देशक प्रभात कुमार,प्रिंसिपल के के सिंह उप प्राचार्य आशा गुप्ता ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथियों ने स्कूली छात्र छात्राओ की बेहतरीन प्रस्तुति की सराहना की। इस बारे में विद्यालय के निर्देशक ने बताया कि विद्यालय की स्थापना वर्ष 2019 में की गई थी तबसे विद्यालय लगातार प्रगति कर रहा है। स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ साथ शारीरिक और मानसिक विकाश पर भी जोर दिया जाता है। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षक सुजाता मेहता,अंजली कुमारी, आकांक्षा कुमारी, रंजीत रंजन, राजेश कुमार, रीना राम आदि मौजूद थे।

## बोलेरो पिकअप वाहन बिजली पोल से टकराया

**बरकट्ठा।** गोरहर चौंक के पास एक अनियंत्रित बोलेरो पिकअप वाहन गुरुवार के देर शाम में बिजली पोल से टकराया। इस हादसे में तीन बिजली पोल टूट गया। इस दुर्घटना में किसी जान की क्षति नहीं हुई। इस बाबत में बिजली विभाग के जेई धनंजय प्रसाद ने गोरहर थाने में बिजली पोल और टार के नुकसान को लेकर प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदन थाना को दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि बोलेरो पिकअप वाहन डब्ल्यू बी 37 सी 9456 ने तेज गति और अनियंत्रित होने के कारण बिजली पोल में टक्कर मारकर करीब 70 हजार का नुकसान विभाग को पहुंचाया गया है। मालूम हो कि गोरहर चौंक के पास फोरलेन को सिक्सलेन में अपग्रेड को लेकर वहां दो वर्ष से अंडरपास निर्माण किया जा रहा है। इस वजह से फोरलेन को वनवे रोड कर दिया गया है। इस कारण कई बार वहां सड़क हादसे हो चुके हैं।

## छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण

**चरही।** चुरचू प्रखंड इंद्रा पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय बासाडीह में शुक्रवार को पंचायत की मुखिया राधिका देवी के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं ड्रेस पहनकर नियमित विद्यालय जाएं तथा मन लगाकर पढाई करें। सरकार और पंचायत प्रतिनिधि हर संभव मदद करेगी। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ महतो,पंसस मालती देवी,प्रधानाध्यापक ज्योति कुमारी दास,सहायक शिक्षक धनंजय कुमार रविंद्र कुमार धनंजय महतो तुलसी महतो,जगरनाथ पुरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अस्पताल कर्मियों को दी गयी ट्रेनिंग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेदांता रांची अस्पताल के तत्वावधान में शुक्रवार को सीसीएल भुरकुंडा अस्पताल में बीएलएस ट्रेनिंग के तहत फर्स्ट ऐड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. मनोज कुमार ने अस्पताल कर्मियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट की विशेष ट्रेनिंग दी। इसके तहत हार्ट अटैक आने पर तत्काल क्या फर्स्ट ऐड किया जाए इसकी इस बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि अचानक हार्ट अटैक आने पर प्रोपर तरीके से मरीज को सीपीआर देने से 90 प्रतिशत तक बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही डेमो के माध्यम से अस्पताल कर्मियों को प्रोपर सीपीआर कैसे करना है, कहां और कितना पुस करना इस बावत जानकारी दी गई। टीम में डॉ. मनोज के अलावे विवेक दीप, विकास कुमार, शंभु सिंह सहित दर्जनो अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

# गुमला में महिला को गोली मारने के आरोपी सतीश को पुलिस ने पकड़ा

### उसके पिता के साथ था महिला का अवैध संबंध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शहर के डीएसपी रोड निवासी 52 वर्षीय महिला विमला देवी पर गोली चलाने मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए गोलीकांड का मुख्य अभियुक्त बसिया थाना क्षेत्र के तुकई निवासी सतीश सिंह को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। ज्ञात हो कि गुरूवार की शाम को घर पर ही विमला देवी पर सतीश सिंह ने गोली चला दी थी। घायलावस्था में पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया था।

शुक्रवार को गुमला थाना में थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि घटना के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल ने छापामारी कर गोली कांड के अभियुक्त सतीश सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने कहा कि अभियुक्त सतीश सिंह के पिता सुखदेव सिंह और विमला देवी के बीच अवैध संबंध था। जिसको लेकर सतीश सिंह ने विमला देवी को जान से मारने की नियत से गोली मारी थी लेकिन महिला के शरीर में जाकर गोली फंस गया। छापामारी टीम में थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि सुदामा राम, पुअनि आशीष भगत, पुअनि मो. मोजम्मील, पुअनि विवेक चौधरी, पुअनि दीपक रौशन, पुअनि राजू गुप्ता शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपी के साथ थाना प्रभारी व अन्य।

### कैलाश राम हत्या का आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

**सिसई।** पुसो थाना क्षेत्र के पुसो अंबेडकर नगर निवासी कैलाश राम उर्फ गुड्डू की हत्या के आरोपी विजय रवि रिम को पुसो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनी चंद्र लाल ने बताया पुसो गांव निवासी दिनेश राम के साले विजय रवि के यहां मृतक कैलाश राम उर्फ गुड्डू राम रहकर उसके ईट भाटा में मुंशी का काम करता था। 8 माह पूर्व विजय रवि और कैलाश राम के बीच गांव में एक नाली निर्माण को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसमें विजय रवि गुस्से में जान मारने की धमकी भी दिए थे। विजय रवि ने कैलाश राम को बहला-फुसलाकर पुसो थाना क्षेत्र के कड़िया बगीचा तालाब के पास ले गया।पिस्तौल से गोलीमार कर उसकी हत्या दी। ग्रामीणों को देख कर विजय रवि भागकर पास के खेरा जंगल में छुप गया। वहीं से पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद किया। पूछताछ में विजय रवि ने अपराध कबूल किया है। इस अवसर पर पुसो थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



गिरफ्तार आरोपी को मीडिया के समक्ष पेश करते एसडीपीओ।


# गुमला की ख्याति खेल नगर के रूप में बरकरार रखें खिलाड़ी : रमेश कुमार

**जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट**
**16 सौ मीटर दौड़ में बालक वर्ग में विकास कुजूर व बालिका वर्ग में रूपंति कुमारी अव्वल**

**गुमला।** गुमला जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा शुक्रवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14 व अंडर 16 बालक व बालिका खिलाडियों ने भाग लिया।


जिसमें अंडर 16 वर्ग के सोलहा सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विकास कुजूर प्रथम, विरेंद्र उरांव द्वितीय व सुनिल उरांव तृतीय स्थान पर रहे जबकि बालिका वर्ग में रूपंति कुमारी प्रथम, शालनी लकड़ा द्वितीय व पी उरांव तृतीय स्थान पर रही। छः सौ मीटर दौउ बालक वर्ग में साकेत मिंज, आकाश दीप किंडो, प्रतीक उरांव व बालिका वर्ग में संगीता बागे, अकांक्षा टोप्पो व नेहा कुमार क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही।

अंडर 16 लांग जंप बालक वर्ग में कार्तिक उरांव, संदीप उरांव व प्रीतेश उरांव एवं बालिका वर्ग में अंजलि कुमारी, अंजेला कुमारी व प्रीति कुमार क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह अंडर 14 बालक वर्ग के छः सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अनुज बाखला, कासमीर उरांव, व विवेक उरांव, बालिका वर्ग में अनिशा बागे, सावित्री उरांव व प्रियंका कुमारी पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। अंडर 14 शार्ट पुट बालिका वर्ग में मनीषा उरांव, पन्नु उरांव व अमृता कुमारी जबकि बालक वर्ग में अनुज बाखला, प्रियांशु खाखा व अनित उरांव क्रमशः पहले, दूसरे व तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में लगभग दो सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया।






## मानव जाति के लिए येशु ने लिया था जन्म : सुरेश मिंज



**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला में शुक्रवार को धूमधाम से क्रिसमस मनाया गया। मुख्य अतिथि इंडियन बैंक गुमला शाखा के ब्रांच मैनेजर सुरेश कुमार मिंज ने कहा कि यीशु मानव जाति के लिए आए थे। वे सभी से एक समान प्यार करते हैं। क्रिसमस का अर्थ है एक दूसरे को समान करना व प्यार देना। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रवीण तिर्की ने कहा सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सरहानीय है। क्रिसम्स का पर्व भाई चरागी का सिख देती है। आप मन लगा कर अपने शिक्षा को पूरी करे। वही स्पोर्ट्स टीचर जून्नू रेन ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा यीशु के बताये मार्ग पर चलकर ही जीवन को सफल किया जा सकता है। स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार ने कहा यीशु सभी लोगो को एक समान देखते हैं। आज समाज में भेदभाव, नफरत, जाति, ऊंच नीच, हो रही है यीशु इसी को खत्म करने धरती पर जन्म लिये थे।

## झारखंड के निर्माण का श्रेय सिर्फ वाजपेयी को : बबन गुप्ता



**गुमला।** जिला भाजपा की बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी के नेतृत्व में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी बबन गुप्ता उपस्थित थे। बबन गुप्ता ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माण का श्रेय सिर्फ और सिर्फ तब सत्तारूढ़ तत्कालीन केंद्र की भाजपा सरकार और उसके मुखिया स्व. अटल विहारी वाजपेयी को जाती है और किसी को भी नहीं। क्योंकि जब एक वोट से वाजपेयी की सरकार को एक साजिश के तहत गिराई गई थी। तब यही जेएमएम और कांग्रेस दोनों मिलकर सरकार गिरने में अहम भूमिका निभाई थी। ये जानते हुए भी की अलग झारखण्ड राज्य निर्माण सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। क्योंकि घोषणा पत्र भी भाजपा ने जारी की हुई थी। इसके बवजूद भी जेएमएम ने तत्कालीन वाजपेयी सरकार को गिराने में कांग्रेस के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाई थी और आज निर्लज्जता की सारी सीमाएं पारकर हेमन्त सरकार कहती है कि अलग राज्य बनाने का श्रेय जेएमएम को है। उन्होंने 25 दिसम्बर को स्व. अटल विहारी वाजपेयी की 98 वां जयंती एवं मन की बात का 96 वां एपिसोड का प्रसारण दोनों कार्यक्रम को एक साथ ही जिला के सभी 964 बूथों पर करने की बात कही।

# सुशासन का उद्देश्य जनता की बेहतरी : डीसी

### गुड गवर्नेंस डे पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। बेहतर शासन व्यवस्था बनाने के लिए राज्य सरकार के योजना अंतर्गत 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे गुड गवर्नेंस सप्ताह के तहत शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय गुड गवर्नेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव उपस्थित थे। कार्यशाला में जिला के समस्त विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य लोगों की बेहतरी है। सभी अधिकारी निर्धारित समयावधि में लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि सुशासन के बिना कोई भी विकासात्मक योजना लोगों के जीवन में सुधार नहीं ला सकती। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं नागरिक अपने कर्तव्यों का प्रभावी तथा ईमानदारी से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अपने कार्य के लिए आने वाले लोगों को प्रतीक्षा ना करवाएं अपितु लोगों की समस्याओं को अपनी समस्या समझ कर कार्य करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की सेवा की जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने कार्यशाला में सभी अधिकारी एवं कर्मियों को उनके दायित्व से अवगत करवाया ।उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपने कार्य के प्रति निष्ठावान होना चाहिए तथा ग्रामीण स्तर तक लोगों की समस्याओं का समाधान करना होगा। कार्यशाला में अनुमंडल पदाधिकारी बसिया , अनुमंडल पदाधिकारी चैपुर,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रमुख , मुखिया के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



कार्यशाला का उद्घाटन करते उपायुक्त।

# जनता से सहानुभूति पूर्वक करें व्यवहार : डीसी

**लोहरदगा में सुशासन पर कार्यशाला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत सुशासन सप्ताह पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में किया गया।

इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद ने कहा कि सभी पदाधिकारी लोगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए कार्य करें। सुशासन का यही मूलमंत्र है। आपको जो पद कार्य करने के लिए मिला है उसमें सुशासन के दृष्टिकोण से बहुत से कार्य किये जा सकते हैं। यह आपके कॅरियर के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। आपके कार्यालय में जब कोई समस्या लेकर आपसे मिलने आता है तो आप उनसे वही व्यवहार करें जो आप अपने कार्यों के लिए अन्य से अपेक्षा करते हैं। हर व्यक्ति की भावना को स्वयं की तरह देखें। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि सुशासन में पारदर्शिता बहुत ही आवश्यक है। पारदर्शिता के साथ अगर हम लोगों के प्रति जवाबदेह बनते हैं तो यह सुशासन के लिए बहुत ही कारगर सिद्ध होगा। हमें लोगों की सेवा के लिए चौबीसों घंटे और सालोभर तैयार रहना चाहिए।कार्यक्रम में कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम और पूजा कुमारी द्वारा अपने-अपने प्रशासनिक कार्यों के अनुभवन को साझा किया गया। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कैरो पवन कुमार महतो द्वारा सुशासन के आठ विन्दुओं को रखते हुए सरकार की सेवाओं का अंतिम व्यक्ति तक नियमपूर्वक,पारदर्शी एवं जबावदेही के साथपहुंचाना बताया।सुशासन सप्ताह का स्लोगन ₹प्रशासन गांव की ओर₹ है। इस मौके पर सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी व अन्य समाहरणालय कर्मीगण उपस्थित थे।



## स्पीड न्यूज

### लव जिहाद से रहें सावधान : अनिल



**लोहरदगा।** अरकोशा नवाटोली में समिति की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बैठक में जिला संरक्षक अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,प्रदीप साहू उपस्थित हुए ' बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान को लेकर खास चर्चा हुई जिसमें सर्वसम्मति से नई कमेटी का विस्तार किया गया ।संरक्षक महावीर ठाकुर,विनोद वर्मा, नारायण सिंह,केश्वर सिंह को बनाया गया ।वही अध्यक्ष आशीष कुमार वर्मा ,महामंत्री पवन सिंह,उपाध्यक्ष वनिंचल उरांव,सुमन लोहरा ,कोषाध्यक्ष सागर लोहरा,संगठन मंत्री रमेश महतो ,अरविंद वर्मा, रामकेश्वर महतो ,मनोज तांती, लखन लोहरा, संदीप महतो को बनाया गया। दयाशंकर सिंह ने कहा कि जय श्री राम समिति के कार्यों से प्रभावित होकर लोग दिन प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में समिति से जुड़ रहे हैं जो समाज एवं संगठन को मजबूती प्रदान कर रही है । जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज बहुत ही भोले-भाले होने की वजह से लोग फायदा उठाते है यही कारण है धर्मांतरण का खेल,लव जिहाद, जमीन जेहाद जोर शोर से हो रहा है और नेतागण चुपचाप बैठे हैं वैसे षड्यंत्रकारी लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

### सड़क निर्माण में लाएं सुधार : एसडीओ



**कैरो।** उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय स्थित नगजुवा कुडू सड़क में चाल्हो मोड़ से गोपालगंज तक निर्मित 3 किलोमीटर सड़क निर्माण का निरीक्षण शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने किया। निरीक्षण के बाद सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई व इसका रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपे जाने की बात कही। इस क्रम में भंडरा प्रखंड के अकासी से कैरो तक 5 करोड़ 77 लाख रुपये की बन रही सड़क का निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और काम में उपयोग हो रहे चिप्स व बालू की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई और तत्काल उस सामग्री को रोक लगाने की बात कही।

### ओपन एथलेटिक्स मीट को ले बैठक

लोहरदगा ।जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक राज्य स्तरीय 66वां ओपन एथलेटिक्स मीट का आयोजन को लेकर संजय कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। श्री साहू ने बताया कि लोहरदगा में एसोसिएशन के तत्वावधान में सन 1951 ई से राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के भव्य आयोजन का इतिहास रहा है। कोरोना महामारी के पश्चात पूरे जोर शोर से 66वां एथलीट मीट का आयोजन आगामी 20 जनवरी से 22 जनवरी 2023 तक स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में किया जाएगा। लोहरदगा में विभिन्न जिलों के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ी भाग लेते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर भी खेलों को बढ़ावा मिलता है एवं लोहरदगा की अपनी पहचान बनती है। फलस्वरूप यहां के बहुत से खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना रहे है। सफल आयोजन के लिए सचिव सुखैर भगत द्वारा पूर्व का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया साथ हीं आयोजन के निमित्त बजट बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से संजय कुमार साहू, सचिव सुखैर भगत, उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद, निशिथ जयसवाल, संजय बर्मन, अरुण राम, राहुल कुमार, लाल मोहन प्रसाद, कमल प्रसाद केसरी, सजीत कुमार लकड़ा, हसीन अख्तर, नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, मोहन दुबे, रामाधार पाठक, विवेक कुमार, अजय प्रसाद, विशाल डुंगडुंग, सोमा उरांव, विधान गिरी, किशोर कुमार वर्मा, विनय उरांव, नीलेश कुमार तमेडा, संतोष राम, सुनील साहू, अजय अग्रवाल, आशीष कुमार, फिरोज साह एवं अन्य उपस्थित थे।

### हिंडालको ने जूट का बैग बांटा

लोहरदगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम प्लास्टिक हटाओ दुनिया बचाओ थीम के अनुसार शुक्रवार को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा आम जनों के बीच मैना बगीचा में जूट का थैला का वितरण किया गया। इस मौके पर हिंडालको खान प्रमुख बीके झा ने कहा की प्लास्टिक मुक्त समाज से ही हमारा स्वास्थ्य व पर्यावरण पर अच्छा परिणाम देखने को मिलेंगे ।बीके झा ने कहा है कि विगत कुछ दिनों में प्लास्टिक के प्रयोग पूर्ण नियंत्रण नहीं हो सका है। इसके लिए हमारे पर्यावरण, सीएसआर और खनन विभाग के लोगों के द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कंपनी द्वारा अलग-अलग बाजार हाट में लोगों को जूट का बैग बांटा जा रहा है। जिससे लोगों में जागरूकता बढ़े। मौके पर ऑपरेशन हेड कुमार, पर्यावरण विभाग के सहायक उपाध्यक्ष वासुदेव गंगोपाध्याय, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, सहायक प्रबंधक, पर्यावरण- अभय मित्तल, अभय भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ चढ़कर देखी गई। लोगों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक न प्रयोग करने की सलाह दी गई।

### मंत्री से मिलकर जर्जर दोबा पथ को बनवायेंगे : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ कुडू प्रखंड के टाकू, दोबा गांव का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि कुडू कैरो पथ से दोबा वर टोली होते हुए दोबा टाकू गांव तक की सड़क काफी जर्जर अवस्था में है । लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस सड़क का कालीकरण करवाने की मांग किये। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि दोबा वर टोली में पेयजल विभाग से सुमेर उरांव के घर के पास बना जलापूर्ति योजना 2 वर्षों से तथा सुखदेव भगत के विधायक निधि से बने जलापूर्ति योजना 1 वर्षों से खराब है जिसके कारण जनता को पेयजल की घोर समस्या उत्पन्न हो गया है ।ग्रामीणों ने श्री साहू से खराब हुए दोनों जलापूर्ति योजना को बनाने की मांग की ।साहू ने कहा कि यूपीए सरकार में जनहित के जुड़े समस्याओं का निदान करने में विशेष प्राथमिकता दे रही है । श्री साहू ने कहा कि संवेदक से वार्ता हुई है 10 दिन के अंदर विधायक निधि से बने जलापूर्ति योजना को चालू करा दिया जाएगा। श्री साहू ने पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर खराब हुए जलापूर्ति योजना को चालू करने की बात कहें।

## एक नजर में

### बचपन प्ले स्कूल गुमला में क्रिसमस गैदरिंग



**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित बचपन स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया। जहां बच्चों को शिक्षिका नवयतमा के द्वारा ईशा मसीह के जन्म की कहानी सुनाई गई। विद्यालय के निदेशक चंद्र शेखर गिरी ने सभी को प्रेम और शांति के पर्व क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धरती पर जन्म लेकर ईश्वर ने लोगों को मानवता का पाठ पढ़ाया और एक दूसरे से प्रेम करने की सीख दी। कार्यक्रम में बच्चों ने जिंगल बेल सॉन्ग गाया और गीत पर नृत्य के साथ क्रिसमस का आनंद उठाया। इस अवसर पर बच्चों ने क्रिसमस केक काटा। वही कार्यक्रम में बच्चे सांता क्लोज का वेशभूषा धारण कर शामिल हुए। वहीं क्रिसमस और नव वर्ष के अवसर पर विद्यालय में 2 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षिकाएं व बच्चे शामिल थे।

### सिसई में आठ लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये

**गुमला।** बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी को लेकर सिसई थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस अभियान में विभाग ने बिजली चोरी करते आठ लोगों को पकड़ा। जिसके खिलाफ सिसई थाना में प्राथकिमी दर्ज कराते हुए उनमें जुर्माना भी लगाया है। जिन लोगों पर बिजली चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। उनमें सिसई थाना क्षेत्र के रेडवा निवासी तुलसी साहू, नीलांबर साहू, पिलखी मोड़ निवासी सूरज महतो, प्रवीण महतो, अजीत कुमार महतो कुम्हार मोड़ निवासी विनय कुमार नाग और मेन रोड निवासी मोहम्मद इरशाद अली व अताउल्लाह अंसारी के नाम शामिल है। ी 8 लोगों पर कनीय अभियंता अज्जू कच्छप ने एफ आई आर दर्ज करते हुए इन सभी 8 लोगों पर 216790 टोटल जुर्माना लगाया है।

### नशे में धुत युवक सड़क हादसे में घायल

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के मालम नवाटोली के समीप सड़क हादसे में जारी थाना क्षेत्र के कोड़ी गांव निवासी 32 वर्षीय सीताराम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गयो। मिली जानकारी के अनुसार सीताराम सिंह अपने स्कूटी से कुरूमगढ़ की ओर जा रहा थे। अत्यधिक शराब के सेवन करने के कारण गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह एवं एएसआई मदन शर्मा ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया। जहां डाक्टरों के द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

### अज्ञात युवती का शव पुलिस ने किया बरामद

**गुमला।** करंज पुलिस ने शुक्रवार को एक 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव थाना क्षेत्र के पैला पहाड़ गोगदो गड्ढा के पास से बरामद किया है। शव होने की जानकारी क्षेत्र के चौकीदार के द्वारा थाना को दी गई थी। जिसके बाद एसडीपीओ मनीष कुमार लाल, थाना प्रभारी आशीष भारती, एसआई मिरच राय पांडे भरनो थाना प्रभारी कृष्णा तिवारी घटना स्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की। युवती की हत्या कर उसके चेहरे को जला दिया गया है। शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों ने बहुत ही बेरहमी से युवती की हत्या की। जिसके बाद युवती की पहचान न हो या साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके चेहरे को जला दिया गया है। महिला का शव अर्द्ध नग्न अवस्था में। महिला के साथ दुष्कर्म किये जाने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। इधर पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

### पटवन के दौरान मशीन गिरने से किसान घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के वृंदा सैल्या टोली निवासी 45 वर्षीय किसान बिसवा खड़िया शुक्रवार को खेत में पानी पटवन के दौरान मशीन से चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बिसवा खड़िया खेत में पटवन के लिए कुंए के उपर मशीन रखा था। इसी दौरान मशीन की रस्सी उसके हाथ में फंस गया और वह अनियंत्रित हो गया। जिसे मशीन उसके हाथ पर ही गिर गया। जिसे हाथ पर गंभीर चोट लगी।

### बीडीओ ने सावित्रीबाई फुले योजना की दी जानकारी

**सिसई।** बैजनाथ जलान महाविद्यालय सिसई में शिक्षा ग्रहण कर रही बालिकाओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीला खलखो के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत जागरूक किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनीला खलखो ने शिक्षा ग्रहण कर रहे बालिका को कहा कि इस योजना का सभी लाभ उठाएं। झारखंड सरकार ने बालिकाओं को पढ़ाई करने में परेशानी ना हो कह कर यह योजना चलाया है।

### तेली साहू का वनभोज 28 दिसंबर को

गुमला। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला के द्वारा 28 दिसम्बर को डुमरी प्रखंड स्थित धार्मिक स्थल टांगीनाथ धाम में वनभोज सह वृहत स्वजातीय तेली सम्मेलन होगा, जिसमें 2000 से भी ज्यादा स्वजातीय तेली भाइयों की भागीदारी एवं उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक अम्बा प्रसाद एवं पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साहू, राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं उसके साथ वरिष्ठ प्रदेश स्तरीय अन्य पदाधिकारी और छतीसगढ राज्य के जशपुर जिला के अध्यक्ष श्री नंदलाल गुप्ता,अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता कायम कर सामाजिक विकास के लक्ष्य को हासिल करना एवं समाज विरोधी विसंगतियों को दूर करना। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने दी है।

### गुरुकुल एकेडमी में क्रिसमस गैदरिंग



**लोहरदगा।** कूडू प्रखंड स्थित गुरुकुल एकेडमी विद्यालय में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग हुआ, वाइस प्रिंसिपल साहिल खान एवं प्रबंधन कमेटी के विवेक आनंद ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। मौके पर विद्यालय के बच्चों ने कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विवेकआनंद ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे पहला धर्म है,और इस पर्व से हमें यही ज्ञान प्राप्त होता है ।मानव सेवा और त्याग की भावना सर्वप्रथम रखना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति तिर्की,अरविंद एक्का,दीपशिखा टोप्पो,अनूप कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड में बिजली चोरी के खिलाफ नारी नावाडीह गांव में सघन छापामारी की गई । जिसमे कुल 15 लोग बिजली चोरी करते पाए गए । उन पर बिजली चोरी का कुल 138500 रुपया जुमार्ना किया गया ।इस मौके पर विभाग के अधिकारियो ने लोगो से बिजली बिल समय पर भुगतान करने की अपील भी की ।बिजली विभाग के इस करवाई से बिजली चोरी करने वाले लोगो में हड़कंप मच गया ।इस अभियान में विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलखो,सहायक अभियंता संतोष कुमार के अलावा कौशल किशोर राम और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

स्पीड न्यूज



## तरुण संघ कदमा में पांचवें दिन भी जारी रहा श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ

**जमशेदपुर।** भारतीय तरुण संघ शास्त्री नगर कदमा के हनुमान मंदिर प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संगीत में श्री गवत कथा के पांचवे दिन कथा सुनाते हुए बनारस से आए ज्ञानी कथावाचक पंडित सुनील पांडे शास्त्री ने श्रदधालुओं को भावविभोर कर दिया। सुबह में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और अपराह्न में श्रीमद भागवत कथा का रसपान श्रद्धालु कर रहे हैं। यह जानकारी संयोजक दीपू सिंह ने दी है।

## करणडीह में हुआ 19वां संथाली भाषा दिवस सह साहित्य सम्मेलन



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को दिशोम जाहेर करनडीह में जाहेर थान कमेटी, करनडीह तथा ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन पूर्वी सिंहभूम के ओर से 19 वीं संताली भाषा दिवस सह साहित्य सम्मेलन 2022 का दो दिवसीय आयोजन किया गया। उद्घाटन 22 दिसंबर को ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मण किस्कू ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार एवं जाहेर थान कमेटी का अध्यक्ष सी आर माझी ने किया। उद्घाटन समारोह में संताली के प्रसिद्ध गायक तथा संगीतकार दुर्गा प्रसाद मुर्मू को संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा पुरस्कार दिए जाने पर सम्मानित किया गया।

## आर्थराइटिस की वजह से हथिनी चंपा कोमा में



**चांडिल।** शुक्रवार को चांडिल के दलमा एंट्री गेट में लोहे की चैन से बंधे रहने वाली पालतू हथिनी चंपा की तबीयत बिगड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार चंपा कोमा में चली गई है। दलमा रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया चंपा को धनबाद से रेस्क्यू कर 2020 मे दलमा लाया गया था। चंपा की इम्युनिटी भी काफी कम हो गई है। इम्यूनिटी कम होने से चंपा आर्थराइटिस की शिकार हो गई थी। चंपा की सेहत दिन-ब-दिन कमजोर होती जा रही थी। दलमा रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि चंपा की उम्र 60 वर्ष हो गई है। शुक्रवार को दिन भर इलाज के बाद शाम को केला खिलाया गया।

## मोबाइल छिनतई करने वाले दो युवक धराये



**जमशेदपुर।** गुरुवार की रात सीपी क्लब सोनारी के पास दो अज्ञात लड़कों ने मोबाइल छिनतई की। वादी शंकर लाल तिवारी (63) पिता रामचंद्र तिवारी पता- ग्वाला बस्ती सोनारी के आवेदन पर एक घंटे में छिनतई का मोबाइल बरामद हो गया। दोनों अभियुक्त शुभम राव (22) पिता-टी रामचंद्र राव, लोहार बस्ती, सीपी क्लब के पीछे सोनारी, जयंत सिंह के मकान में भाड़ेदार 2). गणेश हेसा (23) पिता सिविल हेसा पता-पुराना सीपी क्लब म०नं० 840 सोनारी गिरफ्तार हुए हैं।

## रेडक्रॉस में मिल रहा है कोविड का बूस्टर डोज

**जमशेदपुर।** कोविड-19 के नये मामलों के बीच वैक्सीन के बूस्टर डोज की अनिवार्यता विभिन्न संस्थाओं में कर दी गयी है, जिसे देखते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने रेड क्रॉस वैक्सीन सेंटर में कोवैक्सीन तथा कोवीशील्ड पेड वैक्सीन के रूप में उपलब्ध रखा है।

## क्रिसमस को लेकर जगमग हुआ बेलडीह चर्च



अपना शताब्दी समारोह मनाने जा रहे बेल्डीह चर्च, नार्दन टाउन में क्रिसमस के लिए आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। आज विद्युत सज्जा का ट्रायल किया गया तो यह नयनाभिराम नजारा दिखा।

नॉर्दर्न टाउन में भी जेसुइट सोसायटी की ओर से नयनाभिराम विद्युत सज्जा का आज ट्रायल किया गया। क्रिसमस के अवसर पर हर वर्ष यहां की विद्युत सज्जा देखने लायक होती है।



# अपने जीवन में कभी अहंकार न पालें, जन्म व मौत समय पर निश्चित है : पंडित विजयशंकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- परमात्मा को प्राप्त करने के लिए मन, वचन और कर्म से एक हो जायें : पंडित मेहता
- जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा संपन्न



**जमशेदपुर।** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर परिसर में जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजयशंकर मेहता की संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का समापन सातवें दिन शुक्रवार को सुमधुर भजनों और हवन पूजन के साथ हुआ। शुक्रवार को सुबह 10 बजे व्यास पीठ से पंडित मेहता ने उद्धव गीता, भगवान का स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों की व्याख्या परिवार प्रबंधन और समर्पण सूत्र के आधार पर की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण लाभ लिया। उन्होंने कहा कि जीवन में अहंकार नहीं पालना चाहिए। जिसने जन्म लिया हैं, उसे एक दिन मौत आना ही हैं। भागवत मरने की कला सिखाती हैं। यह मोक्ष का ग्रंथ हैं। कृष्ण ने उद्धव से कहा था मुझे पाना हो तो सत्संग करना पड़ेगा। भगवान श्रीकृष्ण हमें यह संदेश देते हैं कि 11 काम (योग, ज्ञान, धर्म का पालन, स्वयं का अध्ययन, तपस्या, त्याग, सेवा कार्य, दान, तीर्थ, वेद, यम-नियम) करने के बाद भी मुझे वश में नहीं कर सकता। सिर्फ सत्संग मुझे वश में कर सकता हैं। कथा के दौरान पंडित मेहता ने कहा कि परमात्मा को प्राप्त करने के लिए मन, वचन और कर्म से एक हो जाएं। जब कोई किसी से सार्वजनिक रूप से मिलता हैं तो कहता हैं - अरे वाह बहुत दिनों बाद मिले।

**हवन पूजन :** कथा की पूर्णाहूति पर मंदिर परिसर में शुक्रवार को स्थानीय पुजारी मूलचंद शर्मा, दीपक जोशी, सत्यनारायण शर्मा एवं मनीष शर्मा गोलू ने हवन पूजा करायी। पूजा के मुख्य यजमान बीणा-जयराम चौधरी थे। पुजारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि हवन में काम ली जाने वाली सामग्री से वातावरण शुद्ध होता है। **परिवार प्रबंधन के सात सूत्र :** पंडित मेहता ने कथा की व्याख्या परिवार प्रबंधन के सात सूत्रों के आधार पर की। पहले दिन-संयम, दूसरे दिन-संतुष्टि, तीसरे दिन-संतान, चौथे दिन-संवेदनशीलता, पांचवें दिन-संकल्प, छठे दिन-सक्षम और सातवें दिन-समर्पण के आधार पर व्याख्या की। **भजन प्रस्तुति में योगदान :** सातों दिन संगीतज्ञ विशेष ठाकुर, (सिंथेसाइजर), पंडित सरल ज्ञानी (हार्मोनियम), बाबूलाल सूर्यवंशी (ढोल), शरद माथुर (तबला) तथा कमल शर्मा (ऑक्टोपेड) की संगत ने कथा से जुड़े प्रसंगों पर भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी।

# 300 किलो प्रतिबंधित मांस और 17 गाय-बैल पुलिस ने किया जब्त

- हल्दीपोखर मुस्लिम बस्ती में बृहद पैमाने पर चल रहा था प्रतिबंधित मांस का कारोबार

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**





पुलिसिया कार्रवाई में बरामद गाय-बैल और अवैध कसाईखाने पर दबिश देती पुलिस ।

**पोटका।** कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर मुस्लिम बस्ती में बृहद पैमाने पर प्रतिबंधित मांस कारोबार का खुलासा हुआ है। एएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह 6.30 बजे से 11 बजे तक चला। छापेमारी में 17 जिंदा गाय बैल,तीन मवेशी को बिक्री करने हेतु काटे गए मांस,काटने में इस्तेमाल होने वाले लकड़ी का बोटा,चापड़,विक्रेता सहित खरीद करने पहुंचे 5-7 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

छापेमारी दल में मुसाबनी डीएसपी चंद्रशेखर आजाद, सीओ इम्तियाज अहमद, कोवाली थाना प्रभारी रंजीत उरांव, पोटका के प्रभारी थाना प्रभारी जुगेश सिंह, पशु चिकित्सक डॉ मोनिका मुर्मू सहित पोटका, कोवाली व जमशेदपुर से भारी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। बताते चलें कि छापेमारी बिल्कुल गुप्त रुप से की गयी थी।

सूत्रों ने बताया कि एसएसपी एक दिन पूर्व गुरुवार को ही क्षेत्र का रेकी कर इस कारोबार का पता लगा लिए थे। इस मामले में जमशेदपुर क्षेत्र में हल्दीपोखर मुस्लिम बस्ती से प्रतिबंधित मांस ले जाने वाले एक व्यक्ति पुलिस की दबिश में गिरफ्तार हुआ था। इसी ने एसएसपी को सारे राज बताया। पकड़ाए व्यक्ति ने यह भी कहा कि शुक्रवार को यहां ज्यादा पैमाने पर प्रतिबंधित मांस का कारोबार होता है,इसलिए शुक्रवार सुबह ही छापेमारी किया गया। समाचार लिखे जाने तक मामले में केस करने की तैयारी की जा रही है। छापेमारी में इमरान, पप्पू, माधो सहित 7-8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध झारखंड गोवंशीय पशु हत्या अधिनियम 2005 सहित अन्य सुसंगत भादवि के तहत केस दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

**ग्रामीणों ने कहा- हल्दीपोखर में पूरी कड़ाई से बंद हो प्रतिबंधित मांस कारोबार :** हल्दीपोखर मुस्लिम बस्ती में बृहद पैमाने पर प्रतिबंधित मांस कारोबार का खुलासा होते ही बस्ती के ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि यह कारोबार पुरी तरह बंद होने की जरूरत है। इससे सभी समाज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां कुछ लोग इस धंधे में जुड़े है। इनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कारवाई करने की जरूरत है।

**प्रतिबंधित मांस को जमींदोज किया गया :** पुलिस ने घटनास्थल से तीन कटे मवेशियों के मांस( लगभग 300 किलो) हल्दीपोखर पश्चिम पंचायत भवन के पीछे पोकलेन से गड्ढा खोदकर जमींदोज कर दिया।

## एक नजर में

## बाराबांकी को प्रखंड बनाने की मांग पर विधायक मंगल ने सीएम को सौंपा मांग पत्र



**जमशेदपुर।** जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट करके उन्हें बढ़ावा कि प्रखंड निर्माण के लिए मांग पत्र सौंपा। विधायक का कहना है कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कुल 11 पंचायतों को मिलाकर अब एक नया प्रखंड बाराबंकी निर्माण करने का वक्त आ गया है द्व उन्होंने कहा कि जुगसलाई विधानसभा के विभिन्न पंचायतों की प्रखंड मुख्यालय से दूरी लगभग 40 से 50 किलोमीटर की है जिस कारण आम जनों को प्रखंड मुख्यालय के कार्यों के निष्पादन में आने जाने में बेवजह समय लगता है और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है।

## टीएसडीपीएल एम्प्लॉयी यूनियन ने अपने एमडी अब्राहम स्टीफंस को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** टीएसडीपीएल एम्प्लॉय यूनियन ने आज अपने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अब्राहम स्टीफंस जी को गोलमुरी क्लब में अपने अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के नेतृत्व में सम्मानित किया। ज्ञात हो की टीएसडीपीएल के एमडी अब्राहम स्टीफंस 31 दिसंबर को रिटायर हो रहे है। पूर्व में ही कंपनी के नए एमडी के रूप में संदीप कुमार को नियुक्त किया जा चुका है जो 1 जनवरी 2023 से कंपनी के नए एमडी होंगे। आज के सम्मान समारोह में एमडी अब्राहम स्टीफंस ने कहां की कंपनी में मैंने 25 वर्ष बिताए। विभिन्न जिम्मेवारी में रहते हुए कंपनी के सर्वोच्च पद पर पहुंचा। कर्मचारियों के सहयोग और मेहनत, परिश्रम के कारण आज टीएसडीपीएल स्टील सेक्टर की बड़ी कंपनी बनी हुई है। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार ने किया, और स्वागत संबोधन अमन सिंह ने किया। कार्यक्रम में जीएम अश्वनी कुमार, हेड एचआर शेखर झा, संजीव सिंह, सचिदानंद, शशिबीर राणा, अनीश झा, रवि राव, रमेश चौधरी, राकेश सिंह, रंजन मिश्रा, त्रिदेव सिंह, मनोज कुमार सिंह, बंशीधर सिंह, प्रमोद उपाध्याय, हरी शंकर प्रसाद, और यूनिट एचआर कृष्ण जी भी उपस्थित थे।

## जयपाल स्टेडियम में सिंहभूम जिला क्रॉस कंट्री चयन प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जयपाल स्टेडियम, करनडीह में ₹पूर्वी सिंहभूम जिला क्रॉस कंट्री चयन प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वी सिंहभूम जिला एथलेटिक्स संघ तथा जयपाल स्पोर्टिंग क्लब, कीनुडीह के संयुक्त तत्वधान में किया गया। जिसमें पुरुष एवं महिला -10 कि मी. बालक- 20 वर्ष- 8 कि मी, बालिका 20 वर्ष एवं बालक 18 वर्ष- 6 कि मी., बालिका 18 वर्ष- 4 कि मी., बालक एवं बालिका 16 वर्ष - 2 कि मी. संपन्न हुआ। आज प्रतिभागियों को अंतराष्ट्रीय पदक विजेता एथलीट बिरधान मरांडी, रंजीत कुमार सिंह, राजकुमार बानरा तथा अभय कुमार ने बारी-बारी सभी वर्गों को झंडा दिखाकर विदा किया। इसके पश्चात धावकों के प्रदर्शन के आधार पर झारखंड राज्य क्रॉस कंट्री दौड़ चैंपियनशिप हेतु पूर्वी सिंहभूम टीम का गठन किया गया। कल प्रातः 8 बजे से जे आर डी टाटा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जूनियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न किया जायेगा।

## टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 : चिक्कारंगप्पा ने सबलाइम के साथ तीसरे दौर में शानदार बढ़त बनायी



**जमशेदपुर।** बेंगलुरु के चिक्कारंगप्पा एस ने 10-अंडर 62 के शानदार सबलाइम के साथ तीसरे राउंड में बढ़त बना ली है, जो इस सप्ताह का अब तक का सबसे कम स्कोर है। चिक्का का कुल स्कोर 17-अंडर 199 हो गया, जिससे उन्हें 3 करोड़ रुपये की ईनामी राशि वाली टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 में एक-शॉट का फायदा हुआ, जो टाटा स्टील पीजीटीआई का सीजन-एंडिंग इवेंट है और जमशेदपुर के बेल्डीह तथा गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। चौदह बार के पीजीटीआई विजेता चिक्का (66-71-62), जो जमशेदपुर में पिछले दो मौकों पर उपविजेता रहे हैं, पहली बार 17वें टाटा ओपन 2018 में और फिर टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2020 में, ने तीसरे दौर के असाधारण प्रयास के बाद 13वें स्थान से 12 स्थानों की छलांग लगाई, जिसमें दो शुरूआती ईगल शामिल थे।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से रांची जाकर मिले शैलेश, बधाई भी दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार की सुबह रांची स्थित आवास पर स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता से कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने मुलाकात की एवं कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। उन्हें विपरीत परिस्थितियों में भी क्षेत्र के साथ राज्यवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने एवं राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को सबल बनाने के लिए बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं में संगठनात्मक मुद्दों एवं मजदूर हितों की रक्षा पर गंभीर चर्चा हुई। मजदूर वर्ग को केंद्र सरकार के काले कानूनों से अवगत कराने व मजदूर वर्ग में आपसी एकजुटता बनाने की अपील की।

## धातकीडीह के जुली हत्याकांड में दो को उम्रकैद

### भरना होगा 10-10 हजार रुपये जुर्माना

### भतीजा शिवम ने दोस्त संग मिल कर की थी हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** धातकीडीह हरिजन बस्ती में बीते 3 जनवरी 2021 को शाम में कुल्हाड़ी और बेलचा से हमला कर जूली घोष की हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में दोषी ठहराए गए जूली के भतीजा शिवम घोष उर्फ टेरू और राहुल मुखी को जिला जज अनिल कुमार मिश्रा की अदालत ने शुक्रवार को उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही दोनों को दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी भरना होगा। जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में उनकी संपत्ति से जुर्माना वसूला जायेगा। इस मामले में 11 लोगों ने गवाही दी थी। मालूम हो कि जुली का बेटा सन्नी मुखी के बयान पर बिष्टुपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। धातकीडीह मकान में जूली 3 जनवरी 2021 की रात अकेली ही थी तब उसका भतीजा शिवम् व अन्य ने मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। एक अन्य आरोपी राहुल मुखी संबलपुर का रहने वाला है। घटना के दिन राहुल मुखी, शिवम घोष और कदमा के रहने वाले शिवम के 2 साथी शराब पी रहे थे तभी शिवम ने यह कह कर हत्या की योजना बनाई थी जूली चाची बरामदा में बैठकर शराब पीने से मना करती है। इसके बाद उन लोगों ने कुल्हाड़ी और बेलचा से मारकर जूली की हत्या कर दी थी। जूली घोष की पहली शादी रमेश मुखी से की थी। रमेश से एक बेटा सन्नी मुखी है। सन्नी दादी के घर पर रहता है। रमेश की मौत के बाद जूली ने कल्लू घोष से दूसरी शादी की थी। 2016 में कल्लू घोष की हत्या कर दी गई थी इसके बाद वह अकेले ही घर पर रहती थी।

# हर दिन आधे घंटे ध्यान करें स्वस्थ रहें : ब्रह्मकुमार पियूष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- जेएमए ने तनाव प्रबंधन और भावनात्मक तंदुरूस्ती पर सत्र आयोजित किया



व्याख्यान देते ब्रह्मकुमार पियूष।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने गत 22 दिसंबर, 2022 को जेएमए एनरिचिंग लाइफ टॉक सीरीज के तहत प्रजापिता ब्रह्मा कुमारियों के साथ आर्ट ऑफ स्ट्रेस मैनेजमेंट एंड इमोशनल वेल बीइंग पर एक सत्र का आयोजन किया। बीके पीयूष, प्रेरक वक्ता, आध्यात्मिक मार्गदर्शक और संरक्षक इस सत्र के विशेषज्ञ वक्ता थे। सभा को संबोधित करते हुए बीके पीयूष ने तनाव और चिंता से संबंधित तथ्यों पर चर्चा की और बताया कि आज की तारीख में यह घातक बीमारियों में कैसे योगदान दे रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाधान अंदर ही छिपा है। दिन में किसी भी समय 30 मिनट ध्यान करने का सरल अभ्यास आपको खुश और स्वस्थ रहने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि स्थिरता और विचारों की शुद्धता के लिए ध्यान लगाना महत्वपूर्ण है।

## भगवान को तुम्हारी धन-दौलत नहीं उन्हें सिर्फ प्रेम चाहिए : सर्वज्ञानंद जी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कथा सुनाते स्वामी सर्वज्ञानंद जी।

**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश संघ, नार्दन टाउन के सांस्कृतिक समिति की ओर से श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के तीसरे दिन काफी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान करने एमएनपीएस सभागार पहुंचे। कथा के आज तृतीय दिवस में वृंदावन से आए पूज्य स्वामी सर्वज्ञानंद जी महाराज विदुर चरित्र सुनाते हुए बताया कि भगवान को तुम्हारी धन- दौलत नहीं केवल तुम्हारा प्रेम चाहिए, भाव चाहिए क्योंकि स्वयं भगवान कहते हैं। भाव का भूखा हूं मैं,भाव वहीं एक सार है भाव से जो भेजता मुझे तो भव से बेड़ा पार है। पूज्य महाराज जी ने यह संदेश दिया कि प्रेम के बिना सब बेकार है चाहे संसार हो या भगवान सबको प्रेम ही चाहिए तभी मानव जीवन सार्थक होता है। हरि व्यापक सर्वत्र समाना प्रेम से प्रकट हुई में जाना।

# जमशेदपुर: गुड़िया मैदान, बिरसानगर में कल भाजयुमो का मेगा हेल्थ कैंप

- पूर्व पीएम वाजपेयी की 98वीं जयंती पर हो रहा आयोजन
- शहर के दर्जनों विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे जांच, मिलेंगी दवाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजयुमो जमशेदपुर महानगर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं वृहद रूप से कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विधुत वरण महतो एवं पूर्व विधायका मेनका सरदार मौजूद रहेंगे। भाजयुमो ने शहर के आम-जनमानस से इस स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में शामिल होकर सेवा लाभ लेने का आग्रह किया है। शुक्रवार को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर की ओर से तुलसी भवन,बिष्टुपुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जीवनपर्यंत सेवा भावना के साथ देश के लिए काम किया। अटल जी की सेवा भावना से प्रेरित होकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही, हजारों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण का कार्यक्रम तय किया गया है।

उन्होंने बताया कि आगामी 25 दिसंबर, रविवार को सुबह 10 बजे बिरसानगर स्थित जोन नं- 1, गुड़िया मेमोरियल क्लब, गुड़िया मैदान में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया जायेगा।


JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
Re-Tender (3rd Call)
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/12/SBD/2022-2023

Designation and Address of the Advertiser:- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 26.12.2022 Time: 11.00 A.M.
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 26.12.2022 Time 11.00 A.M. to 30.12.2022 Time 3:00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 26.12.2022 Time 11.00 A.M. to 30.12.2022 Time 3:00 P.M
5. Bid opening date :- Date 31.12.2022 Time: 3:30 P.M.
6. Details of works:-

| Bid NO- | Tender reference NO- | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rs. In Crore) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | JIIDCO/12/SBD/ 2022-2023 | Upgradation and Development of New Birsa Munda, Bus Stand at Ramgarh. | 4,38,32,439.00 | 4,39,000.00 | 10,000.00 | 12 months |

7. The original copy of Tender cost and Earnest Money Deposit (EMD) must be submitted in JIIDCO office up to 31.12.2022 by 03:00 P.M. If Tender cost and EMD are not received before above mentioned date and time tender shall not be accepted.
8. Place to receiving tender cost and EMD :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
9. Bid Validity :- 120 days
10. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
11. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 8292234107 may be contacted.
12. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
13. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

Note: The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranch

## स्पीड न्यूज

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव आज



**मेदिनीनगर।** न्यू टाउनशिप एरिया शाहपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 24 दिसंबर को वार्षिकोत्सव समारोह किया जायेगा। उक्त जानकारी स्कूल के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दी। बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता होंगे। मौके पर स्कूल के विद्यार्थी रंगारंग नृत्य संगीत का प्रदर्शन भी करेंगे।

### गंगा हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर आज

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के पांकी रोड रेड़मा स्थित गंगा हास्पिटल में शनिवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। हॉस्पिटल के चेयरमैन संजीव तिवारी ने बताया कि पिता स्व कामेश्वर तिवारी की स्मृति में स्वास्थ्य जांच शिविर रखा गया है। जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सक शिविर में स्वास्थ्य जांच करेंगे। बताया कि इस हास्पिटल की स्थापना ही सेवा भावना को लेकर की गयी है। इसका लाभ उठायें।

### विहिप-बजरंग दल का पथ संचलन आज

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू के निर्देश पर 24 दिसंबर को छतरपुर प्रखंड इकाई शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में शौर्य दिवस समारोह आयोजित कर रहा है। जिसमें छतरपुर शहर में पथ संचलन होगा। इसके पूर्व 11 बजे छतरपुर हाई स्कूल मैदान में धर्म सभा होगी। इसमें सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके बाद 25 दिसंबर को प्रखंड विहिप-बजरंग दल, नावा बाजार के नेतृत्व में शौर्य दिवस समारोह होगा। इनमें प्रखंड के सैकड़ों बजरंगीयों के साथ शहर के गणमान्य तथा जिला विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारी रहेंगे।

### पांकी विधायक ने दिलाया ट्रांसफार्मर

**पांकी पलामू।** पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के सौजन्य से पांकी प्रखंड के दूब पंचायत के चंद्रपुर में 100 केवी का ट्रांसफार्मर मिला है। विदित हो कि 10 दिनों से चंद्रपुर का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था जिससे करीब 300 घरों में अंधेरा छाया हुआ था। घनी आबादी के करीब 1500 लोग अंधेरे में रह रहे थे। ट्रांसफॉर्मर खराब होने की जानकारी मिलते ही विधायक ने बिजली विभाग के एसडीओ को फोन कर जल्द 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने को कहा। ट्रांसफार्मर दिलाने के कार्य का नेतृत्व विधायक प्रतिनिधि रौशन सिंह व कार्तिक सिंह ने किया। ट्रांसफॉर्मर ले जाने में चंद्रपुर ग्राम के कमलेश कुमार, आकाश कुमार, राकेश सिंह,अनिल सिंह मौजूद थे। न्या ट्रांसफॉर्मर मिल जाने से चंद्रपुर ग्राम के लोग विधायक के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। लोगों में खुशी व्याप्त है।

### बाबा महत्वना धाम पर 31 को भव्य मेला



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर खुटिसोत नदी तट स्थित बाबा महत्वना धाम परिसर में 31 दिसंबर को भव्य मेला लगेगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। उल्लेखनीय है कि इलाके में आस्था के केंद्र बाबा महत्वना धाम देव स्थल पर साल के अंतिम दिन मेला लगता रहा है। पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि इस बार मेला को अविस्मरणीय बनाने के लिए कई नये प्रयोग किये जा रहे हैं। मेला में बच्चों के मनोरंजन हेतु भी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा मेला स्थल पर सारा दिन भोजपुरी दोगोला चलेगा। इसे सफल बनाने में समिति अध्यक्ष अरविंद पाल, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव गोविंद पाल सहित कई लोग जुटे हुए हैं।

### समिति के प्रखंड अध्यक्ष बने कृष्णा चौधरी



**चैनपुर पलामू।** शाहपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा चौधरी को चुना गया है। शुक्रवार को सेमरटांड़ पंचायत भवन परिसर में निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी त्रिभुवन सिंह के नेतृत्व में निर्वाचन सह विशेष आम सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता शाहपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य सह कंकाकी के पूर्व मुखिया राम लखन चौधरी ने की। कार्यकारिणी समिति में सचिव रामचंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष सुरेश चौधरी सहित बेचन चौधरी, रामजी चौधरी, रामलखन चौधरी, विनोद चौधरी, सिकंदर चौधरी, आशा देवी, दुखनी कुंवर, मखौला कुंवर, रितवा देवी, रीना कुंवर बनाये गये हैं।

### पदाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण



**पाटन पलामू।** बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री के अध्यक्ष रामानंद पांडेय तथा संचालन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने किया। बैठक में पूर्व में उठायी गयी समस्याओं के निराकरण की जानकारी ली। बैठक में बीज वितरण, छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री आवास, जनवितरण कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में अनुपस्थित विभाग के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। बैठक में सहकारिता विभाग, बैंक विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएचडी विभाग, बिजली विभाग के द्वारा कोई भी अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर संबंधित विभाग को कार्रवाई हेतु लिखा जायेगा। बैठक में सीडीपीओ सुनीता कुमारी, एजीएम सुनील कुमार, जेपीएस कामेश्वर मेहता, मनरेगा के बीपीओ अंचल बड़ा बाबु अमीत कुमार, पंचायत राज को-ऑर्डिनेटर अमित कुमार, बीस सुत्री उपाध्यक्ष उमा सिंह, बीस सूत्री सदस्य कमेश पाण्डेय, कमलेश कुमार मेहता, सतीष उपाध्याय उपस्थित थे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर गये सतबरवा के छात्र



**सतबरवा पलामू।** लोहरा पोखरी हरिजन टोला तथा राजकीय मध्य विद्यालय करमा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के साथ-साथ वनभोज कराया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। विद्यार्थियों को सतबरवा मुरमा गांव स्थित मलय डैम का भ्रमण के बाद डैम के स्पिलवे के समक्ष मैदान में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों विद्यालय के छात्राओं के द्वारा फुटबॉल मैच हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धावाडीह पंचायत के मुखिया रिंकी देवी ने भाग लिया।

# अमही को 1-0 से हरा मोहम्मदाबाद चैंपियन

**कर्नल कप**



**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद, पलामू।** कर्पूरी मैदान में विगत एक माह से चल रहे कर्नल बिग्रेड फुटबॉल टूनामेंट का फाईनल मुकाबला शहरी क्षेत्र के मोहम्दाबाद टीम,बनाम प्रखण्ड के जमुआ पंचायत के ग्राम अमही के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मोहम्दाबाद ने आम टीम को एक शून्य से पराजित कर कप पर कब्जा जमा लिया। इस मैच में हुसैनाबाद में नेशनल खिलाड़ियों का आगमन हुआ जिसे देखने के लिए हुसैनाबाद में खचाखच भीड़ देखा गया। आयोजन समिति के लोगो ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को हुसैनाबाद में जोरदार स्वागत किया। पलामू जिले के पुलिस कप्तान ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। नगर पंचायत क्षेत्र के टीम का नेतृत्व भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान वाई चुंग भुटिया ने किया । ग्राम पंचायत अमही टीम के साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय सिंह व मंजीत सिंह ने खेला। दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिला। मध्यांतर तक खेल गोल रहित बराबरी पर रहा। फिर हाफ टाइम के बाद नगर पंचायत मोहम्मदाबाद के टीम यानी भरतीय पूर्व कप्तान की टीम ने अमही को एक गोल मार कर अंतिम समय तक जीत दर्ज कर लिया। मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश, खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा, अंचल अधिकारी नंदकुमार राम, आरक्षी निरीक्षक दीपक कुमार, भाजपा नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, रामप्रवेश सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम, बहन उषा देवी, थाना प्रभारी सौरभ कुमार, अजीत कुमार मुंडा के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद के युवाओं की प्रतिभा भी बन सकती है राष्ट्रीय पहचान : एसपी

पलामू जिला पुलिस कप्तान चंदन सिन्हा ने कहा कि कर्नल फुटबॉल टूर्नामेंट में मैं दूसरे वर्ष हुसैनाबाद की धरती पर आया हूं। मुझे खेल और खेल प्रेमियों से बचपन से ही लगाव रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल के पूर्व कप्तान वाइचूंग भूटिया के बारे में कहा कि जब गांव का लड़का अंतरराष्ट्रीय स्तर का कप्तान बन सकता है तो हुसैनाबाद में भी सारी संभावनाएं हैं। यहां के बच्चे देश स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं।

**क्या बोले कर्नल संजय :** समिति के अध्यक्ष कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद की धरती पर आप सबकी ऐतिहासिक भीड़ ने मेरे इस कार्य को सफल बना दिया। 3 वर्षों से करा रहा हूं, जिसमें अनुमंडल के सभी पंचायतों के खिलाड़ियों का प्रतियोगिता निखारने का मौका मिलता है।

**हुसैनाबाद में अपार खेल प्रतिभा : भूटिया-** पलामू की धरती पर आकर मुझे बहुत अच्छा लगा। झारखंड क्रिकेट से लेकर फुटबॉल, तीरंदाज, अन्य कई प्रतियोगिता में आगे हैं। उन्होंने हुसैनाबाद के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के युवाओं में अपार खेल प्रतिभा है।

# गरीब जनता का दोहन करना बंद करे सरकार : डॉ शशिभूषण

■ दोहरे बिजली बिल के नाम पर जनता के शोषण के खिलाफ पांकी विधायक ने दिया विधानसभा में धरना




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने दोहरे बिजली बिल के नाम पर गरीब जनता के आर्थिक दोहन के खिलाफ झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन धरना दिया। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र सहित पूरे राज्य में ऐसे कई मामले सामने आये हैं जिसमें बिजली विभाग गरीब जनता को दोहरे बिजली के नाम पर आर्थिक दोहन कर रहा है। जनता इस तरह के अन्याय के पूर्णतः विरुद्ध हैं। झारखंड सरकारदोहरे बिजली बिल के नाम पर गरीब जनता का आर्थिक दोहन अविलंब बंद करे। ग्रामीणों को बिल संशोधन कर विपत्र भेजा जाये ताकि उन्हें बिल भुगतान करने में सहूलियत हो। कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों पहले बिजली आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे। ताकि लोग कृषि कार्य भी कर सकें।

# उल्लेखनीय कार्य के लिए डीसी व उनकी टीम को बधाई : आयुक्त



पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे द्वारा जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड नौडिहा बाजार के करमा पाल्हे पहाड़ पर बसे पाल्हे, तुरकून व करमा गांव पहुंचकर योजनाओं का लाभ देने को लेकर धन्यवाद देते हुए उन्हें बधाई दी है।

**सक्रियता से कार्य करने का भी निर्देश :** आयुक्त ने उपायुक्त एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए हरेक पदाधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त ने जिस तरह से तत्परता दिखाते हुए सुदूरवर्ती गांव पहुंचकर आमजनों को योजनाओं का लाभ दिया है वह सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन को इसी तरह सक्रियता को बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने जिले के अन्य ऐसे सभी सुदूरवर्ती जगहों का भी मैपिंग करने का निर्देश दिया है, जहां पर लोगों का आना- जाना नहीं हुआ है और आमजन योजनाओं से वंचित रहे हैं।

**योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन का दायित्व :** उन्होंने कहा है कि सभी को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराना प्रशासन का दायित्व है। आदिम जनजाति के लोग हों या अन्य आमजन रहते हो, उन्हें मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए हर स्तर पर काम किया जाना चाहिए।

# गुड गवर्नेंस : अब गांव पहुंच लोगों की शिकायतें सुलझायेगा जिला प्रशासन




**कार्यक्रम की खास बातें :** जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला में बताया गया कि डिजिटल माध्यमों के उपयोग से प्रशासन की पहुंच गांव के आमजनों तक हो सकी है। जिसके फलस्वरूप अबतक पलामू जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम चरण में लगाये गये शिविरों से प्रत्येक गांव से 2 लाख 50 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किये गये। साथ ही दूसरे चरण में 2 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किये गये हैं। साथ ही मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में 2.47 लाख से अधिक आवेदन आया है। वहीं फसल राहत में भी डेढ़ लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किया गया है। झारसेवा अंतर्गत अब तक कुल 13 लाख आवेदन पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत किये गये हैं। कार्यशाला में उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि जिले में 19 से 25 दिसंबर तक आमजनों से जुड़ी सरकारी योजनाओं के प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गुड गवर्नेंस अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को अपने-अपने विभाग से संबंधित सीपीग्राम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उपायुक्त ने अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह को सीपीग्राम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने को लेकर निर्देशित किया। वहीं उपायुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित सभी बीडीओ को सीपीग्राम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन, राज्य के लोक शिकायत पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन, ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करने की बात कही।

# जनता दरबार : उपायुक्त ने दिया समस्या के समाधान का निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी समस्याएं सुनाते हुए समाधान का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में विश्रामपुर प्रखंड से आये राजन कुमार ने उपायुक्त के समक्ष जाति प्रमाण पत्र न बन पाने की शिकायत की, जिसे लेकर उपायुक्त ने विश्रमपुर सीओ को ऑन स्पॉट बुलाकर राजन कुमार का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह पूर्वडीहा पंचायत के निरंजन कुमार दुबे ने उपायुक्त के समक्ष स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तुर्क तलैया चैनपुर में चहारदीवारी और प्रवेश द्वार बनाने की मांग की।

# योगगुरु बाबा रामदेव को मेयर अरुणा ने किया पलामू आमंत्रित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड में चल रही पतंजलि की योजनाओं को देखने एवं भावी योजनाओं पर विचार करने रांची आई अखिल भारतीय पतंजलि महिला प्रभारी कुलश्रेष्ठ साध्वी देवप्रिया दीदी के पास विश्व योग गुरु बाबा रामदेव को पलामू आने का निमंत्रण लेकर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल तथा चेंबर के एक्सयूट्यूब सदस्य फिरोजउद्दीन अंसारी को दीदी से वार्ता कर भेजा। महापौर ने दीदी को बताया कि पलामू प्रमंडल बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड 4 राज्यों का संगम है जहां कई ऐतिहासिक कार्यक्रम हुए हैं। बताया हमारा प्रमंडल उभरता हुआ तथा कई संभावनाओं से भरा है। साध्वी देवप्रिया दीदी ने खुशी जताते हुए कहा कि मैं महापौर एवं पलामू वासियों की भावनाओं को बाबा तक पहुंचा दूंगी। दीदी ने आश्वस्त किया कि 2023 के मार्च अप्रैल में योग गुरु बाबा रामदेव का झारखंड में होने वाला मेगा कार्यक्रम पलामू मुख्यालय में कराने का प्रयास करूंगी।

### संदिग्धावस्था में भलमंडा के अधेड़ की मौत



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के भलमंडा के असर्फी ठाकुर (58) की मौत गाय चराने के क्रम में संदिग्धावस्था में हो गयी। असर्फी घर से सुबह करीब तीन किमी दूर गांव के ही भलमंडा पहाड़ की ओर गया था। लेकिन नियत समय पर घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने लगे। कुछ लोगों ने पहाड़ी की झाडी में शव देखा। परिजनों ने इसकी सूचना लेस्लीगंज थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे लेस्लीगंज थाना के एएसआई रामनाथन मंडल ने शव को पंचनामा कर परिजन को सौप दिया है।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** थाना पुलिस ने कांड संख्या 12/18 दिनांक 22/1/2018 धारा 364 (अ)/34, भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त संतु यादव पिता राजेश्वर यादव सा. गोगाड़, लखन भुइयां उर्फ जगेश्वर भुइयां पिता मुनेश्वर भुइयां ग्राम केरकी दोनों थाना पांकी पलामू के घर ग्रामीणों को इकट्ठा कर डुगडुगी बजाकर लेस्लीगंज सअनि परमानंद पाल तथा पांकी पुलिस सशस्त्र बल के साथ दोनों अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चिपकाया। इश्तेहार के माध्यम से थाना पुलिस ने सूचना दिया है कि एक महीना के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण करें नहीं तो घर का कुर्की जब्ती की जायेगी।

### स्कूली ड्रेस से बच्चों में दिखती है एकरूपता : मीना



**चैनपुर पलामू।** मुखिया मीना देवी ने बुनियादी विद्यालय नरसिंहपुर पथरा (पलामू) के वर्ग प्रथम व द्वितीय के 40 बच्चों का स्वेटर वितरण किया। मुखिया ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों में अमीरी और गरीबी का अनुभव नहीं होता है। लेकिन जब अपने सामने अच्छे-अच्छे पोशाक में सहपाठी को देखते थे तो उसका असर गरीब बच्चों पर पठन-पाठन पर पड़ता था। इस भावना से बच्चों का पढ़ाई बाधित ना हो इसलिए सरकार ने सरकारी स्कूलों में स्कूल ड्रेस स्वेटर जूता मोजा बैग निशुल्क देने का प्रावधान बनाया। मुखिया मीना देवी ने बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल ड्रेस में साफ सुथरा होकर विद्यालय आने का प्रेरित किया। मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य सह समाजसेवी व्यास राम चौरसिया, प्रभारी प्राचार्य रामाश्रय प्रसाद गुप्ता, उमेश पासवान, उमाशंकर चंद्रवंशी आंगनबाड़ी सेविका कुमारी मीना चौरसिया, आशा देवी, गायत्री देवी, बृजवंती देवी उपस्थित थे।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में खेल वार्षिकोत्सव संपन्न

■ खेल प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने किया पुरस्कृत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल वार्षिकोत्सव का समापन हुआ। स्कूल के संस्थापक उमेश सिंह एवं श्रीमती नयनतारा सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन किया। उमेश सिंह ने कहा कि बच्चों के संपूर्ण शरारिक व मानसिक विकास हेतु खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है.बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी पारंगत होना चाहिए है। चेयरमैन अमित सिंह बाबुल ने विद्यालय ध्वज फहराया और बच्चों के मार्च पास्ट की अध्यक्षता की।

### पुलिस ने अभियुक्त के घर साटा इश्तेहार



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज कोर्ट से चन्दन कुमार गोस्वामी माननीय न्यायाधीश के हस्ताक्षर से निर्गत 82 ईस्तहार जो केश न 76/22 लक्ष्मी नारायण तिवारी बनाम आसीत कुमार गुप्ता में जो दिनांक 5 सितम्बर 22 को आसीत कुमार गुप्ता के घर पर सटा था परन्तु प्रोपर कोर्ट के नजर में अनुपालन नहीं होने के फलस्वरूप उच्च न्यायालय रांची के द्वारा निरस्त कर फ्रेश आडर पास करने हेतु मेदिनीनगर के माननीय न्यायाधीश को निर्देशित किया गया था। इसे लेकर चंदन गोस्वामी की अदालत से फ्रेश आडर पास कर प्रोपर अनुपालन हेतु 82 निर्गत किया गया।

# हरिहरगंज : विस्थापित रैयतों की भूख हड़ताल सातवें दिन भी जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब गांव में एनएच 98 फोरलेन निर्माण के विस्थापित रैयतों का धरना व भूख हड़ताल जारी है। उधर रैयतों के समर्थन में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन धरना में शामिल हुए। साथ ही धरना दे रहे रैयतों की मांग को जायज बताते हुए पलामू सांसद तथा उपायुक्त को दूरभाष से रैयतों की समस्या को अवगत कराया। रैयतों की आवाज को सरकार तक पहुंचायी जायेगी। उन्होंने कहा कि एनएच 98 विस्थापित रैयतों के द्वारा 19 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना जारी है। वहीं शनिवार से सिमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान तथा समाजसेवी अखिलेश गुप्ता अनशन कर रहे हैं।

# नववर्ष पर पिकनिक का बना रहे हैं प्लान तो आइये नावा बाजार के ताली डैम...





■ पहाड़ी वादियां और हरे भरे पेड़ पौधे ताली डैम के आकर्षण के हैं केंद्र

**नसीब खलीफा**

**नावा बाजार पलामू।** ठंड का मौसम आते ही लोग पिकनिक का प्लान शुरू कर देते हैं। दिसंबर से पिकनिक की शुरुआत हो जाती है, जो फरवरी-मार्च तक चलती है। लोग परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जाते हैं। ऐसे में अच्छे से अच्छे लोगों के द्वारा पिकनिक स्पॉट की तलाश की जाती है। यदि आप पलामू में पिकनिक करना चाहते हैं तो पलामू जिला के नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के कंडा पंचायत अंतर्गत ताली डैम एक अच्छा विकल्प हो सकता है क्योंकि चारो ओर से पहाड़ों के वादियों और हरे भरे पेड़ पौधे के बीच मे स्थित ताली डैम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता नसीब खलीफा ने बताया कि यहां का प्राकृतिक वातावरण देखने लायक है। लोग यहां अपने पूरे परिवार के साथ आ सकते है, यहां का माहौल बिल्कुल शांत है। साथ ही ताली डैम के बगल में ऊंची पहाड़ो के चोटी पर स्थित ताली चेड़ी धाम स्थित है जहां लोगों का सालोभर आने वाला का तांता लगा रहता है। यहाँ पर झारखंड के अलावा भी देश के कई राज्यों से लोग पहुचे है। यहां बहुत ही आसान तरीके से पहुचा जा सकता है। क्योंकि ये पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर से केवल 22 किलोमीटर दूर एनएच 98 के किनारे बसा कंडा पहुच कर ताली डैम पहुंचा जा सकता है।

# एमएक्स प्लेयर पर आज रिलीज होगी पलामू के बेटे राहुल की फिल्म उपन्यास

➲ फिल्म के निर्देशक राहुल शुक्ला हैं पलामू के निवासी


➲ फिल्म में साथ दिखेंगे मुंबई और पलामू के कलाकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के राहुल शुक्ला की बहुप्रतीक्षित हिंदी फिल्म उपन्यास 24 दिसंबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफार्म एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई और पलामू में की गयी है। निर्देशक राहुल शुक्ला ने बताया कि फिल्म उपन्यास की कहानी एक ऐसी लुग्धि उपन्यास लेखक के जीवन पर आधारित है है जो अपने लिखे किरदारों को जीवंत देखने लग जाता है। यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है।

रिलीज से पहले फिल्म को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में भेजा गया था जहां से इसे कई पुरस्कार मिला है। इस फिल्म में बॉलीवुड के कलाकारों के साथ पलामू के कई कलाकार मुख्य भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म के सिनेमेटोग्राफर बादल मणि भी झारखंड के रहने वाले हैं। राहुल ने फिल्म के निर्देशन के साथ-साथ स्टोरी, स्क्रीन प्ले और डायलॉग काम भी राहुल खुद से सम्हाला है। पलामू के संजीत प्रजापति फिल्म में आर्ट डायरेक्टर के रूप में योगदान दिया है।

### राहुल ने पलामू के लोगों से की अपील




उपन्यास फिल्म के निर्देशक पलामू के रेहला के रहने वाले हैं। स्थानीय सेक्रेड हार्ट स्कूल की शिक्षिका अनिता शुक्ला तथा संत तुलसीदास इंटर कॉलेज, रेहला के व्याख्याता डॉ विजय प्रसाद शुक्ल के पुत्र राहुल पिछले कई सालो से मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में काम कर कर रहे हैं। इससे पहले उनकी कई शार्ट फिल्म, फिल्म व विज्ञापन फिल्म रिलीज हो चुकी है। फिल्म उपन्यास की शूटिंग चूंकि पलामू में की गयी है इसलिए उन्होंने पलामू के लोगों से अपील किया है कि इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफार्म एमएक्स प्लेयर अधिक से अधिक देखें ताकि उनका मनोबल बढ़े और दूसरी बार शूटिंग करने पलामू पहुंच सकें।

स्पीड न्यूज

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कतरास।** शुक्रवार को बरकाकाना आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या 02556 में सफर कर रहे गिरिडीह निवासी दिनेश साव उम्र 36 वर्ष ट्रेन से गिर जाने के कारण पैर कट गया, और मौके पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद कतरास थाना के सब इस्पेक्टर मनीष कुमार महतो सदल बल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भिजवाया। वहीं घटना को लेकर सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार महतो ने बताया कि युवक निचीतपुर से ट्रेन पकड़ कर पानागढ़ जाने जा रहा था। इसी क्रम में वह लिलोरी स्थान और गौशाला पुल के बीच में गिर गया ।जिसके कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों ने यूडी केस दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार घायल

**सिन्दरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र अंतर्गत अटल चौक के समीप शुक्रवार की अहले सुबह लगभग सात बजे तेज रफ्तार आ रही अनियंत्रित बल्कर ट्रक ने बाइक सवार एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के ठेकाकर्मी रंजीत यादव को चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज एसएनएमएमसीएच धनबाद में चल रहा है। सूचना पाकर पहुँची गौशाला ओपी पुलिस ने घायल को ऑटो से सीएचसी चासनाला भेज दिया। गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया है। चिकित्सकों ने जाँच के बाद बताया कि घायल रंजीत के कमर में चोट है और पैर टूट गया है। गौशाला ओपी प्रभारी विकास महतो ने बताया कि अनियंत्रित होने के कारण घटना घटी है। घायल की स्थिति ठीक है और इलाज जारी है। पुलिस जाँचोपरांत आगे की कार्यवाही कर रही है।

## अलाव की व्यवस्था करें प्रशासनः प्रमुख

**बोकारो।** कसमार रूठंड को देखते हुए कसमार की प्रखंड प्रमुख सह संघ की जिला सचिव नियोति कुमारी दे ने कसमार अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला से कसमार क्षेत्र के खैराचातरए कसमार बाजारटांडए कसमार स्कूल चौक सहित अन्य क्षेत्रों मे अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। अंचलाधिकारी से उन्होंने कहा है कि बढ़ती ठंड के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। इसे देखते हुए प्रशासन प्रखंड ओर अंचल के सभी सार्वजनिक चौक. चौराहो पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था कराए। प्रमुख ने कहा कि ठंड के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। लेकिन अभी तक कसमार में अलाव की व्यवस्था नहीं हो पाई है। उन्होंने ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रशासन को जल्द से जल्द समुचित व्यवस्था करने की बात कही।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिलेगा स्वेटर

**बोकारो/कसमार।** आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूल पूर्व शिक्षा लेने वाले बच्चों को सरकार अब ;स्वेटरद्ध गर्म कपड़ा देगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसके लिए सभी जिलों को राशि भेजकर स्वेटर आपूर्ति कर वितरण करने का निर्देश दिया है। इसके लिए गोड्डा के संजीव वस्त्रालय को निविदा मिली है। बोकारो जिले के नौ प्रखंडों में दस परियोजनाओं के अंतर्गत 1 लाख 15 हजार 274 बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया जाएगा।

## लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरुकता समारोह

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा महिला हिंसा को रोकने के लिए कार्यक्रम 'नई चेतना– पहल बदलाव की' अभियान के तहत नगर अध्यक्ष डब्लू बाउरी के अध्यक्षता में चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यालय परिसर में जागरुकता समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के पश्चात चिनप कार्यालय से शहीद चौक तक विभिन्न समूहों से सैंकड़ो महिलाओं के साथ महारैली का आयोजन किया गया। महारैली में नगर अध्यक्ष डब्लू बाउरी,उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, पार्षद योगनाथ गोस्वामी,नैना शर्मा,सुनीता देवी,विजय यादव, सहायक अभियंता संदीप कुमार शामिल थे।

# आम लोगों केंद्र में रख बनाई जाती हैं योजनाएं

**सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर 2022 पर न्यू टाउन हॉल में कार्यशाला**

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** आम लोगों को अधिकारियों से योजना के संबंध में पूछने की स्वतंत्रता है। सभी पदाधिकारी जनता की बात को सुने। उनके सुझाव को विभाग के पास भेजें। आम लोगों को केंद्रबिंदु में रखकर योजनाएं तैयार की जाती है। यह बातें जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह ने आज जिला प्रशासन द्वारा न्यू टाउन हॉल में सुशासन सप्ताह (गुड गवर्नेंस वीक), प्रशासन गांव की और 2022 विषय पर आयोजित कार्यशाला के अवसर पर अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में आम लोगों की सहभागिता अपेक्षित है। केंद्र एवं राज्य सरकार जो भी योजना बनाती है वह सभी लोगों के लिए है। लेकिन प्रायः ऐसा देखा जाता है कि लोगों द्वारा योजना के संबंध में पूछे जाने पर सरकारी अधिकारी भड़क जाते हैं। यह उचित नहीं है। अधिकारी लोगों की शिकायत सुनने के लिए एक सिस्टम बनाएं। शिकायतों को सुनने के बाद उसका निष्पादन करें। कार्य में पारदर्शिता बरतें। नियम का अनुपालन करते हुए योग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करें। अपने दायित्व के प्रति जवाबदेही बने। आम लोग हैं इसीलिए नियम बने हैं। नियमों का पालन करते हुए सभी के साथ बराबरी रखें। सबको साथ लेकर न्याय संगत निर्णय ले। इससे परिणाम अच्छे आते हैं। कार्यशाला में आईआईटी आईएसएम की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अपर्णा कृष्णा ने आजादी के एक सौ वर्ष पूर्ण होने पर, वर्ष 2047 में भारत कैसा होना चाहिए, पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर इंसान की क्षमता में विकास होना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं पर्याप्त होनी चाहिए। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी सेवाओं का लाभ पहुंचना चाहिए।

**योजना में सुधार के लिए लोगों से लें सलाह**

जीडीपी, सहस्राब्दी विकास लक्ष्य, नीतिगत उपकरण, मानसिक स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा सुशासन के लिए लोगों से ही सुधार के लिए सुझाव लेने चाहिए। वहीं एसओपी, बर्ताव तथा सोच में परिवर्तन लाना चाहिए। साथ ही कहा कि नेटवर्क के रूप में शासन करना, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप और ई – शासन को बढ़ावा मिलना चाहिए। कार्यशाला में उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष शारदा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता देवी, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, डीएसपी मुख्यालय 1 अमर कुमार पांडेय, एडीएम सप्लाई, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, डीपीएम जेएसएलपीएस रीटा सिंह, श्रम अधीक्षक हरेंद्र कुमार सिंह, सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड प्रमुख सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन पर डीपीओ महेश भगत ने धन्यवाद ज्ञापन तथा कार्यक्रम का संचालन घनश्याम दुबे ने किया।

## स्टेडियम के पीछे से बीए के छात्र का मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शुक्रवार को जोड़ा पोखर थाना क्षेत्र के बीसीसीएल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पीछे एनसीसी की ट्रेनिंग कर रहा है छात्र का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है । पुलिस ने शव की पहचान डिगवाडी घटवार गांव के रहने वाले झूना यादव के पुत्र संतोष यादव के रुप में किया है युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों के अनुसार संतोष गुरुवार को 1:00 बजे घर से निकला था। लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। जिसके बाद परिजनों ने उसके लापता होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और परिजन संतोष के मोबाइल लोकेशन के आधार पर रात्रि 2:00 बजे तक खोजबीन किया। लेकिन संतोष का कोई पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह उसी स्थल से संतोष का शव बरामद किया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे झुना यादव ने हत्या की आशंका जताई है । वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक संतोष के पिता झुना यादव ने बताया कि संतोष स्नातक की पढ़ाई करने के साथ-साथ एनसीसी की ट्रेनिंग भी कर रहा था । गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे घर से निकला था । गुरुवार की रात घर नहीं पहुंचा तो उसके फोन पर कॉल किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। फिर घटना की सूचना पुलिस को दी, और रात्रि 2:00 बजे तक उसके मोबाइल लोकेशन का आधार पर खोजबीन की लेकिन संतोष का कोई पता नहीं चला । सुबह में स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसी जगह से मिला जंहा रात्रि में खोजबीन कर रहा था शव मिला। उन्होंने हत्या की आशंका जताई है।

## मधुबन पंचायत जदयू की बैठक में पहुंचे दीप नारायण

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** शुक्रवार को मधुबन पंचायत में जदयू की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 जनवरी को बाघमारा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि आज बाघमारा प्रखंड में लुट - खसोट मची हुई है। सभी कामों का रेट बंधा हुआ है। बिना पैसे का कोई काम नहीं हो रहा है। गरीब परेशान हैं और विधायक सांसद मस्त है। ऐसे स्थिति से जनता को निजात दिलाने हेतु जनता दल यूनाइटेड 10 जनवरी को विराट प्रदर्शन करेगी। जदयू पार्टी छात्र - नौजवान, मजदूर - किसान भाइयों से प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील करती है।



## संतपॉल मॉर्डन स्कूल में क्रिसमस गेदरिंग में येशु मसीह की प्रार्थना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो थर्मल।** संतपॉल मॉर्डन स्कूल में क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत यीशु मसीह की प्रार्थना से की गयी। इसके बाद दीप प्रज्वलन स्कूल के निदेशक सुरेश गायकवाड़ए डॉ शांति एक्का, शशि एंटनी गायकवाड़ ने किया। इस अवसर पर पवित्र शास्त्र बाइबल का पाठ किया गया। स्कूल केविद्यार्थियों द्वारा प्रेयर डांसए वेलकम डांसए विभिन्न गानों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। क्रिसमस पर्व के महत्व को बताया गया। इस दौरान प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके बाद अंत में सेंटा द्वारा बच्चों को कई तोहफे व चॉकलेट्स दिए गए। इन सब कार्यक्रमों के बाद विद्यालय प्रबंधक के द्वारा सभी को खुशियों के इस क्रिसमस पर्व पर लोगों के जीवन में खुशियां बांटने की सीख देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन शिक्षिका अनीताए खुशबु एवं प्रेरणा के द्वारा किया गया। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को अपने संदेश में यीशु मसीह की तरह त्याग एव प्यार का संदेश दिया। मौके पर शिक्षक देवेंद्र यादवए गौतम, देवेंद्र यादव, रूमा कुमारीए श्रेष्ठ गायकवाड़ आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब की जमीन हड़पने की साजिश नाकाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो प्रेस क्लब के लिए जिला प्रशासन की ओर से बोकारो हवाई अड्डा के सामने आवंटित 0.25 एकड़ जमीन को हड़पने की साजिश का भंडाफोड़ हो चुका है। उपायुक्त कुलदीप चौधरी के आदेश से अब प्रेस क्लब के भवन निर्माण की प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। पत्रकारों के बीच आपसी सामंजस्य की कमी का फायदा उठाते हुए प्रेस क्लब को आवंटित उक्त भूखंड को अपने लिए आवंटित कराने की साजिश अब नाकाम हो गई है।दरअसलए जिला प्रशासन ने सदर अस्पताल के पीछे बोकारो प्रेस क्लब के लिए जमीन का आवंटन किया था। लेकिनए बोकारो प्रेस क्लब के तत्कालीन अध्यक्ष शशांक शेखर एवं महासचिव विजय कुमार झा ने उक्त जमीन को प्रेस क्लब के लिए अनुपयुक्त बताते हुए तत्कालीन उपायुक्त राय महिमापत रे को लिखित आवेदन देकर उसके बदले उपयोगी जमीन आवंटित करने का आग्रह किया। उपायुक्त के आदेश से पुराने आवंटन को रद्द कर बोकारो हवाई अड्डा के सामने 0ण्25 एकड़ जमीन आवंटित की गई।2019 में भूमि.पूजन भी किया गया। परन्तुए कुछ अपरिहार्य कारणों से भवन निर्माण की प्रक्रिया रुक गई। इस बीच जब राजनीतिज्ञों द्वारा उक्त कीमती जमीन पर आलीशान होटल बनाने की नीयत से उसे अपने लिए आवंटित कराने की साजिश का खुलासा हुआ तो पुनः बोकारो प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शशांक शेखर एवं पूर्व महासचिव विजय कुमार झा सक्रिय हुए। इन्होंने उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मिलकर उन्हें सारे दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए प्रेस क्लब की जमीन को अतिक्रमण से बचाने एवं भवन निर्माण करवाने का लिखित अनुरोध किया।शशांक शेखर ने उपायुक्त से वार्ता की और विजय कुमार झा ने डीपीआरओ श्री भारती को भूमि आवंटनए पारित नक्शा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाये । प्रशासन ने जमीन की मापी की और साफ.सफाई कराने की कार्रवाई भी शुरू हो गई।

## पीसी ज्वेलर द्वारा नृत्य कला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया / धनबाद।** धनबाद शहर के शास्त्री नगर स्थित पी सी ज्वेलर मे शुक्रवार को नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन` हुआ । नृत्य प्रतियोगिता में लगभग ४० बच्चे उपस्थित थे सभी बच्चो ने कई गानों पर अपनी नृत्य दिखा सभी बच्चो ने लोगो का मन मोहा` वही नृत्य कला में झरिया , सिंदरी , धनसार , मनईटांड़ , गोविन्दपुर सहित कई क्षेत्रों से बच्चो ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया । बच्चो द्वारा बॉलीवुड जैसे कई गांनो पर एक से एक प्रदर्शन किये` नृत्य कला में शामिल बच्चे पार्थो , रूही , प्रबलिन कौर, ओजस, लवली , अनन्या सहित कई बच्चो ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया । वही पी सी ज्वेलर के प्रकश सेठ ने बताया की हर एक त्योहार में पी सी ज्वेलर के तरफ से अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है , कई क्षेत्रों से लोग प्रतियोगिता में भाग लेते है । पी सी ज्वेलर के मैनेजर मंजीत सिंह व प्रकाश सेठ ने बताया कि पी सी ज्वेलर के द्वारा हर फंक्सन मे बच्चों का उत्साह बढ़ाने हर तरह का कार्यक्रम कराया जाता हैं, बच्चों का मनोबल बढ़ा उनकी भविष्य की उज्जवल कामना करता है। प्रतियोगिता मे मौजूद मैनेजर प्रकाश सेठ, मंजीत सिंह, सेल्स स्टाफ रवि वर्मा, विक्की कुमार, प्रीति कुमारी, शिवम कुमार, चंदन वर्मा, बच्चों के अभिभावक वीरेंद्र सिंह मौजूद थे।

## बीएसएल में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का हुआ उद्घाटन

**बोकारो।** बीएसएल के स्टील गेट के समीप जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम का उदघाटन ईडी ;वर्क्स द्धबी के तिवारी द्वारा सीजीएम अनिल कुमारएशरद गुप्ताएवेद प्रकाशए ए के झाए पी के बैसाखियाए ए बंकिराए बी के सरतापेए जीएम प्रभारी एस गंगोपाध्याय सहित सी एंड एए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकॉमए सी एंड आईटीए सीआईएसएफ व अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम के माध्यम से संयंत्र में बाहर से आने वाली हेवी व्हीकलए संयंत्र के अन्दर चलने वाले डोजरए डंपर तथा लोको के परिचालन पर निगरानी रखी जा सकेगी। इसके अलावे संयंत्र के अन्दर लोको मूवमेंट की निगरानी तथा उसके लाइव स्थिति की जानकारी भी ली जा सकेगी। सीआईएसएफ के पास भी प्लांट के अन्दर वाहनों के परिचालन की सटीक जानकारी उपलब्ध रहेगी जिससे सीआईएसएफ द्वारा निर्धारित समय से अधिक समय तक प्लांट के अंदर रहने वाले वाहनों के लिए अलर्ट रखी जा सकेगी।

## हिंदुत्व को जगाने से ज्यादा धर्मांतरण पर रोक जरूरी: नीरज

**भव्य भगवा शोभायात्रा के साथ हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी ।** हिन्दुत्व को जगाने की भावना के साथ गीता जयंती के उपलक्ष्य पर विहिप बजरंग दल सिन्दरी प्रखंड अध्यक्ष सोनू गिरी के नेतृत्व में भव्य भगवा शोभायात्रा पाथरडीह से हजारों की संख्या में युवाओं के साथ जय श्री राम के नारे के बीच शुक्रवार को कल्पना टॉकीज सिन्दरी पहुँचा। इसके पूर्व पूरे सिन्दरी को भगवा झंडे से पाट दिया गया था। इस मौके पर कल्पना टॉकीज सिन्दरी में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन के मुख्य अतिथि बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कहा कि हिन्दुत्व को जगाने के साथ धर्मांतरण पर रोक जरूरी है और झारखंड में धर्मांतरण चरमसीमा पर है। उन्होंने बजरंगियों में धर्म के प्रति आस्था जागृत करते हुए कहा कि भारत का विभाजन इस देश के शीर्ष नेतृत्व के कारण हुआ और लाखों लोगों का नरसंहार हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक फिर से इस्लामिक देश बनाने का सपना बजरंग दल कभी नहीं होने देगा। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में धनबाद सहित कई जिलों में बाँग्लादेशी लैंड जिहाद कर रहे हैं। इससे झारखंड में सबसे ज्यादा लव जिहाद की घटना घट रही है। उन्होंने माँग की है कि हमारी अस्मिता हमें वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के आंदोलन में गीता जयंती के दिन बाबरी मस्जिद विध्वंस कर हिन्दुओं ने सामूहिकता का परिचय दिया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा का उदाहरण देते हुए कहा कि धर्म और देश या माटी के लिए लड़ने वालों की ही पूजा हिंदू हमेशा करते हैं। महाराणा प्रताप और शिवाजी के राह पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद चल रहा है। कार्यक्रम नेतृत्वकर्ता सोनू गिरी ने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक के बताए रास्तों पर चलते हुए प्रखंड कार्यकर्ता लगातार धर्मांतरण पर रोक लगाने की कोशिश कर रहे हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन सोनू सिंह तथा अध्यक्षता विकास गिरी उर्फ सोनू गिरी ने किया।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर झारखंड प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, जिला संयोजक आनंद महतो, सुषमा गुप्ता, विभाग संयोजक रवि शर्मा, जिला अध्यक्ष द्वारिका तिवारी, सिंटू सिंह, रोहित सिंह, अमन ठाकुर, नीरज गिरी, जितेंद्र कुमार, दीपक सिंह, दुलाल महतो, सागर ठाकुर, विक्की सिंह, जीतू सिंह, मोहन हरी, रंजीत निसाद, अंकित कुमार सिंह, देव कुमार, धीरज दुबे, शुभम कुमार, आकाश कुमार महतो आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### नवीं अनुसूची में ...

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने वर्ष 1993 में इसी तरह का विधेयक विधानसभा से पारित कर उसे नवीं अनुसूची में शामिल कराया गया। इसके बाद से तमिलनाडु में 69 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी वजह से झारखंड सरकार ने भी दोनों विधेयक को नवीं अनुसूची में शामिल कराने की प्रक्रिया शुरू की है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि विधि विभाग से दोनों विधेयकों पर टिप्पणी का पर्याप्त निराकरण करने के बाद ही इसे राज्यपाल के समक्ष भेजा गया है।

**भाजपा विधायकों का हंगामा जारी :** दोनों विधेयक पर सरकार की तरफ से जवाब आने के बावजूद भाजपा विधायक वेल में जमे रहे और सरकार पर गलत जवाब देने का आरोप लगाते रहे। दरअसल विधायक अमित मंडल ने पूछा था कि जब दोनों विधेयक संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल हुए ही नहीं है तो किस आधार प्सीएम खतियानी जोहार यात्रा निकालकर लोगों को कह रहे हैं कि राज्य में दोनों विधेयक लागू हो गया है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि संशोधन की समीक्षा के क्रम में विधि विभाग ने बताया था कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 16 से जुड़े लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता की व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया है कि इस तरह का प्रावधान लोक नियोजन में प्रतिबंधित है। ऐसा करने का अधिकार सिर्फ पार्लियामेंट को है। ऐसे में संसद से पास करा कर इसे नौवीं अनुसूची में शामिल कराने की कवायद की जा रही है। भाजपा विधायक ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री जिस प्रक्रिया का हवाला दे रहे हैं,वह गलत है।

### राजभवन से वापस...

इसी के प्रावधान को वर्तमान सरकार लागू कर रही है, जबकि उस समय इस सरकार ने भारत सरकार के बिल का विरोध किया था। जवाब में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य में बाजार समिति किस हाल में है, यह सभी को पता है। उन्होंने कहा कि जबतक कोई भी संस्थान रेवेन्यू जेनरेट नहीं करता है तबतक वह नहीं टिक सकता है। भारत सरकार से लगातार चिट्ठी आ रही है। केंद्रांश की कटौती की धमकी आ रही है। एक देश एक बाजार को हर हाल में लागू करने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि बाजार समितियों में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किया है। अधिकारियों के भरोसे बाजार समिति को नहीं छोड़ रहे हैं बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जा रहा है।

### नियोजन नीति विपक्ष ...

भाजपा के लोग कहते हैं कि सरना हिन्दू हैं और अभी सिमडेगा, बानो में सरना सम्मेलन, आम सभा कर रहे हैं। केंद्र से सरना कोड पारित नहीं कराया। ये ना तो सरना धर्म के हिमायती हैं ना ही 1932 और ओबीसी आरक्षण के हिमायती हैं। 20 वर्षों में कोई काम नहीं किया। इनके काल में स्थानीय नीति पर राज्य में खून की होली खेली गयी। वहीं जब हम 1932 लेकर आये तो लोग अबीर गुलाल खेल रहे हैं। नियोजन नीति में आदिवासीए दलित ओबीसी के हितों की रक्षा थी। सिर्फ 40 प्रतिशत जनरल को परेशानी थी।

**राज्य सरकार एसआइटी करेगी गठित :** सीएम ने कहा कि जब सरकार बनी थी तो कहा था कि जो भी खनिज संपदा रेल से ढुलाई हो रहा है उसमें बड़े पैमाने पर अवैध काम हो रहा है। जब राज्य सरकार को पता चला तो इसकी रोकथाम के लिए एक सॉफ्टवेयर बनाया। भारत सरकार के साथ मिल कर सॉफ्टवेयर की बात हुई। लेकिन भारत सरकार साथ में नहीं आयी। हमने तो पूछा कि 1000 करोड़ का अवैध खनन हुआ है तो बताइये। राज्य सरकार एसआइटी गठित करने जा रही है। रेल से कितनी अवैध ढुलाई हुई है। उसकी जांच करायेंगे। भारत सरकार को भी जानकारी दी कि हम ऐसा करने जा रहे हैं। अब पता चला है कि भारत सरकार ने अपने सॉफ्टवेयर को बंद कर लिया है। जब हमलोग करने का मन बनाये तो अब भारत सरकार भी तैयार हुई है। ट्रैक्टर गाड़ी से तो अवैध ढुलाव तो होता ही था अब तो ट्रेन से ढुलाई हो रही है। झारखंड को रॉयल्टी के करोड़ों रुपये का नुकसान है। जब मांगते हैं तो कोई जवाब नहीं मिलता। जीएसटी का 5000 करोड़ बकाया है। महंगाई पर अब ये नहीं बोलते है। 400 का गैस 1200, 5 रुपये का प्लेटफार्म टिकट 50 रुपये है। डॉलर का भाव आजादी के बाद सबसे उच्च स्तर पर है।

### टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट...

कहा कि केंद्र और राज्यों को सहयोगात्मक भावना से काम करने की जरूरत है, जैसा कि हमने पिछली बार किया है। राज्यों को निगरानी प्रणाली को मजबूत करने की सलाह दी गयी।

**भारत में चीन जैसी तबाही नहीं होगी :** वायरोलॉजिस्ट डॉ गगनदीप कांग ने शुक्रवार को चीन की तुलना में भारत में कोविड की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण किया और कहा कि भारत ठीक चल रहा है और उसे यात्रा प्रतिबंधों की आवश्यकता नहीं होगी। चीन में स्थिति बहुत ज्यादा खराब होने वाली है, जैसा कि भारत ने अप्रैल-मई 2021 में या जनवरी 2022 में महामारी की दूसरी लहर के दौरान देखा था। उन्होंने तीन प्रमुख कारण बताये जिस वजह से भारत को चीन की तरह कोविड-लहर नहीं दिखाई देगी। डॉ कांग ने कहा कि चीन ऐसे समय में खुल रहा है जब इसकी आबादी में प्राकृतिक संक्रमण के जोखिम का स्तर कम है। चीनी टीकों के अप्रभावी होने पर, डॉ कांग ने कहा कि व कम प्रभावी थे। डॉ कांग ने कहा सर्दियों से समय अन्य वायरस/संक्रमणों के कारण स्वास्थ्यकर्मी सहित बहुत सारे लोग बीमार हो जाते हैं। ऐसे में अस्पताल में कर्मचारियों की कमी और अस्पताल में रोगियों की खराब देखभाल होती है।

**24 घंटे में 12 राज्यों में नये मामले :** देश में पिछले 24 घंटे में दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के नये मामले सामने आये हैं। हिमाचल प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में सक्रिय मामले बढे हैं।

### सैन्य वाहन खाई ...

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने लिखा- उत्तरी सिक्किम में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। देश उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए उनके प्रति कृतज्ञ है। मृतक जवानों के परिवारों को मेरी संवेदनाएं। घायल जवानों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। सेना ने अपने बयान में कहा, 'उत्तरी सिक्किम के जेमा में 23 दिसंबर को सेना का एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 16 जवानों ने अपनी जान गंवा दी है। इसमें कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चैत्तन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था।

### सैम करन ने ...

भारतीय खिलाड़ियों की सूची में मयंक अग्रवाल सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने 8.25 करोड़ में खरीदा। अनकैप्ड खिलाड़ियों में शिवम मावी पर सबसे बड़ी बोली लगी। मावी को गुजरात ने 6 करोड़ रुपये में खरीदा।

**पूरन पर इन टीमों में दिखी टक्करः** पूरन को खरीदने के लिए सबसे पहले चेन्नई सुपर किंग्स व राजस्थान रॉयल्स ने दिलचस्पी दिखायी, लेकिन चेन्नई 3.20 करोड़ की बोली लगाकर पीछे हट गया। फिर दिल्ली कैपिटल्स बीच में कूद गया। दिल्ली व राजस्थान के बीच 7.25 करोड़ तक टक्कर दिखी, लेकिन राजस्थान पीछे हट गया। दिल्ली पूरन को खरीदने के लिए दिलचस्पी दिखा रहा था कि लखनऊ ने अचानक 7.50 की पहली बोली लगाकर दिल्ली को झटका देना शुरू कर दिया। दोनों के बीच लंबी रेस दिखी, फिर अंत में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 16 करोड़ की बोली लगाकर पूरन को अपनी टीम में शामिल कर लिया। पहली बोली न्यूजीलैंड के कैप्टन केन विलियमसन की लगी जिन्हें गुजरात टाइटंस ने बेस प्राइस 2 करोड़ में खरीदा लिया। पहले वे सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा थे।

आइपीएल की 10 टीमों के पास 206.5 करोड़ रुपये हैं। सबसे ज्यादा 42.25 करोड़ सनराइजर्स हैदराबाद के पास हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को 13.25 करोड़ रुपये में खरीदा। ब्रूक पहली बार ऑक्शन में शामिल हुए थे। वहीं, अजिंक्य रहाणे को 50 लाख के आधार मूल्य पर चेन्नई ने खरीदा। 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन को भी कोई खरीदार नहीं मिला। ईशांत शर्मा को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा।

स्पीड न्यूज

## दिल्ली : शैली ओबरॉय होंगी 'आप' की मेयर



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी ने मेयर पद के नाम की घोषणा कर दी है। आप की पटेल नगर से पार्षद चुनी गईं शैली ओबरॉय मेयर होंगी। शुक्रवार को हुई पीएसी की बैठक में शैली का नाम तय किया गया। सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को पीएसी की बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा आले मोहम्मद इकबाल को डिप्टी मेयर पद के लिए चुना गया है। चार स्टैंडिंग कमेटी मेंबर भी चुने गए।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**मुंबई।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में 3 माओवादियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ जारी है।

## पंजाब : बीएसएफ ने पाक ड्रोन को मार गिराया

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर सेक्टर के ओपी पुलमोरन में शुक्रवार सुबह लगभग 7:45 बजे एक पाकिस्तानी ड्रोन घुस गया। बीएसएफ के जवानों को जैसे ही ड्रोन की घुसपैठ का पता लगा तो फायरिंग कर उसे मार गिराया। ड्रोन को जब्त कर लिया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में 13 जगहों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** एनआइए ने शुक्रवार सुबह जम्मू-कश्मीर में 13 जगहों पर छापेमारी की। टीम ने लश्कर-ए-तैयबा और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन और अन्य आतंकवादी समूहों से जुड़े एक टेरर फंडिंग मामले में यह कार्रवाई की।

## इमरान खान की पूर्व पत्नी रेहम खान ने किया तीसरा निकाह

**इस्लामाबाद।** ब्रिटिश-पाकिस्तानी पत्रकार और इमरान खान की दूसरी पत्नी रेहम खान ने फिर निकाह कर लिया है। ट्विटर पर इसका एलान करते हुए रेहम ने 'जस्ट मैरिड' फोटो पोस्ट की। एक और पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'आखिरकार मुझे ऐसा आदमी मिल गया, जिस पर मैं भरोसा कर सकती हूं।'

## पेरिस में गोलीबारी दो लोगों की मौत

**पेरिस।** सेंट्रल पेरिस के सेंट डेनिस मार्केट में शुक्रवार को फायरिंग हुई। घटना में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 की हालत नाजुक है। संदिग्ध हमलावर पकड़ा गया है।

## चीन में वायरस की नयी लहर ने मचाया तांडव, टूटे सभी रिकॉर्ड

# एक दिन में साढ़े 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को हुआ कोरोना

एजेंसी

**बीजिंग।** कोरोना वायरस की नयी लहर ने चीन में तांडव मचा दिया है। सभी बड़े शहर कोरोना महामारी की चपेट में हैं। लोग अस्पताल में बेड को तरस रहे हैं। अस्पतालों और क्लीनिक्स के बाहर लंबी कतारें भी दिखाई दे रही हैं। चीन सरकार पर हमेशा की तरह आंकड़ों को छिपाने के भी आरोप लग रहे हैं। सरकार की एक टॉप अथॉरिटी ने ऐसे आंकड़े पेश किए हैं, जोकि पूरी दुनिया के लिए डराने वाले हैं। अथॉरिटी ने बताया है कि हो सकता हो कि इस हफ्ते एक दिन में 37 मिलियन (तीन करोड़, 70 लाख) कोरोना से संक्रमित मामले सामने आए हों। दुनिया में यह आंकड़ा एक दिन में सर्वाधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की कुल जनसंख्या का करीब 28 फीसदी यानी 248 मिलियन लोग इस महीने



20 तारीख तक कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। यह आंकड़े चीन के नेशनल हेल्थ कमिशन की बुधवार को की गई बैठक में सामने आए हैं। इस बात की जानकारी बैठक में शामिल हुए लोगों ने दी है। अगर यह आंकड़े सही हैं तो जनवरी, 2022 में सामने आए रोजाना के 40 लाख के आंकड़े पीछे छूट गए हैं। चीन की जीरो कोविड पॉलिसी भी सवालों के घेरे में है। अनुमान के अनुसार, चीन के दक्षिण-पश्चिम में सिचुआन प्रांत और राजधानी बीजिंग के आधे से अधिक निवासी संक्रमित हो गए हैं। हालांकि, चीनी की एजेंसी के पास यह आंकड़े कहां से आए, यह अब तक साफ नहीं हो सका है, क्योंकि चीन ने इस महीने की शुरूआत में पीसीआर टेस्टिंग बूथ के नेटवर्क को बंद कर दिया था। महामारी के दौरान अन्य देशों में सटीक संक्रमण दर को हासिल करना मुश्किल हो गया है। इस बीच, सरकार ने बिना लक्षण वाले मामलों की दैनिक संख्या प्रकाशित करना बंद कर दिया है।

**मिड दिसंबर से मिड जनवरी के बीच इस लहर की पीक**

डेटा कंसल्टेंसी मैट्रों डाटा टेक के मुख्य अर्थशास्त्री चेन किन ने ऑनलाइन कीवर्ड्स के आधार पर आशंका जताई है कि मिड दिसंबर से मिड जनवरी के बीच इस लहर का पीक आ सकता है।

मॉडल से पता चलता है कि शेन्जेन, शंघाई और चोंगकिंग के शहरों में सबसे ज्यादा मामले पाए जा रहे हैं। बैठक के मिनटों में इस बात पर ध्यान नहीं दिया गया कि कितने लोग मारे गए हैं। उन्होंने एनएचसी के प्रमुख मा शियाओवेई का हवाला दिया, जिन्होंने कोविड से होने वाली मौतों की गणना करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली नई बहुत संकीर्ण परिभाषा को दोहराया।


## देशभर के अस्पतालों में 27 को होगी मॉक ड्रिल

**नयी दिल्ली।** चीन में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच सरकार ने बचाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। 27 दिसंबर को देश भर के अस्पतालों में कोविड आपातकालीन तैयारियों की जांच करने के लिए एक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया भी मॉक ड्रिल में भाग लेंगे। चीन और अन्य देशों में रिपोर्ट किए गए कोविड मामलों में तेजी को देखते हुए देश में कोरोना से बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।

## सतर्क हुई भारतीय सेना जारी की एडवाइजरी

बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर भारतीय सेना ने भी अलर्ट जारी किया है। सेना ने अपने सभी जवानों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। निर्देश के तहत सभी लक्षण वाले जवानों की कोरोना जांच की जाएगी और पॉजिटिव पाए जाने पर सात दिनों के लिए क्वारंटीन कर दिया जाएगा। मध्यम से गंभीर बीमारी वालों को अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। कर्मियों को मास्क का उपयोग करने, विशेष रूप से बंद और भीड़भाड़ वाले स्थानों में शारीरिक दूरी का अभ्यास करने जैसे सुरक्षात्मक उपाय करने के लिए कहा गया है।

# राज्यसभा में बोली सरकार रामसेतु के पुख्ता सबूत नहीं



>> सैटेलाइट इमेज में आईलैंड-चूना पत्थर दिखे पर कह नहीं सकते कि यही पुल के अवशेष

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रामसेतु को आदम ब्रिज भी कहा जाता है। यह रामेश्वरम के पास पंबन द्वीप से श्रीलंका के उत्तरी तट पर मन्नार द्वीप तक बना हुआ है। सरकार ने संसद में कहा है कि भारत और श्रीलंका के बीच रामसेतु के पुख्ता साक्ष्य नहीं हैं।

विज्ञान एवं प्रोवोधिकी मंत्री जितेंद्र सिंह भाजपा सांसद कार्तिकेय शर्मा के रामसेतु पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा- जिस जगह पर पौराणिक रामसेतु होने का अनुमान जाहिर किया जाता है, वहां की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई हैं। छिछले पानी में आइलैंड और चूना पत्थर दिखाई दे रहे हैं, पर यह दावा नहीं कर सकते हैं कि यही रामसेतु के अवशेष हैं।

**18 हजार साल पुराना इतिहास, हमारी भी सीमाएं हैं**

जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में कहा कि टेक्नोलॉजी के जरिए कुछ हद तक हम सेतु के टुकड़े, आइलैंड और एक तरह के लाइम स्टोन के ढेर की पहचान कर पाए हैं। हम यह नहीं कह सकते हैं कि यह पुल का हिस्सा हैं या उसका अवशेष हैं। उन्होंने कहा- मैं यहां बता दूं कि स्पेस डिपार्टमेंट इस काम में लगा हुआ है।

रामसेतु के बारे में जो सवाल हैं तो मैं बताना चाहूंगा कि इसकी खोज में हमारी कुछ सीमाए हैं। वजह यह है कि इसका इतिहास 18 हजार साल पुराना है और, अगर इतिहास में जाएं तो ये पुल करीब 56 किलोमीटर लंबा था।

## सेंसेक्स 981 अंक टूटा 3 दिनों में निवेशकों के डूबे 13.5 लाख करोड़

**मुंबई।** हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार के बाजार बंद होते समय सेंसेक्स 980.93 अंकों की गिरावट के साथ 59,845.29 अंकों पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 320.55 अंकों की गिरावट के साथ 17,806.80 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। अगर हम पिछले 3 सेशन्स की बात करें तो निवेशकों ने 13.5 लाख करोड़ रुपये का झटका झेला है। इन तीन दिनों में सेंसेक्स 2,000 अंकों से अधिक गिर चुका है, तो निफ्टी में 600 से ज्यादा अंकों की गिरावट आई है।

## पुतिन ने जंग खत्म करने की जतायी इच्छा, बोले- ये संघर्ष अब खत्म हो...



एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गुरुवार को यूक्रेन के साथ चल रहे जंग को खत्म करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध का अंत करना चाहते हैं। पुतिन ने कहा कि हमारा बस एक मकसद है कि यूक्रेन के साथ इस युद्ध को जल्द से जल्द खत्म कर दिया जाए। फरवरी से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को 10 महीने हो चुके हैं।

पुतिन का बयान तब आया है,जब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका दौरे पर हैं।

## सिद्धू मूसेवाला के परिवार की सुरक्षा बढ़ी

**अमृतसर।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के परिवार को धमकी और सुरक्षा एजेंसियों को मिली हमले की इनपुट के बाद मानसा पुलिस ने घर के आसपास सुरक्षा को बढ़ा दिया है। पुलिस ने गांव मूसा को सील कर दिया है और हर आने-जाने वाले की तलाशी ली जा रही है। इस इनपुट के बाद अब पंजाब पुलिस कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहती। सूत्रों के अनुसार, मनसा जिले को मिली इनपुट के बाद मूसेवाला के घर के बाहर 150 के करीब जवान तैनात किए गए हैं, जो 24 घंटे घर व परिवार की निगरानी करेंगे। वहीं घर के बाहर निगरानी के लिए एलएनजी युक्त वाहनों को भी खड़ा कर दिया गया है।

# तय समय से पहले संसद का शीतकालीन सत्र स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र अपने निर्धारित समय से छह दिन पहले शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष की ओर से चीन के साथ सीमा पर तनाव के मुद्दे पर चर्चा की मांग की जा रही थी। लेकिन शीतकालीन सत्र समाप्त कर दिया।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, 17वीं लोकसभा का 10वां सत्र समाप्त हो रहा है, जिसकी शुरूआत 7 दिसंबर को हुई थी। उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान 13 बैठकें हुईं, जिनमें 68 घंटे 42 मिनट कामकाज हुआ। इस सत्र की कार्य उत्पादकता 97 फीसदी रही।

### सभी दलों की सहमति से सत्र स्थगित : जोशी

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में 97 प्रतिशत तथा राज्यसभा में 103 प्रतिशत कामकाज हुआ और दोनों सदनों में नौ विधेयक पारित किये गये। संसदीय कार्य मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शीतकालीन सत्र को आम सहमति के आधार पर ही निर्धारित समय से पहले स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सात दिसंबर से शुरू हुआ यह सत्र 29 दिसम्बर तक 17 बैठकों के लिए निर्धारित किया गया था परंतु आवश्यक सरकारी कार्य पूरा हो जाने और संसद के दोनों की कार्य मंत्रणा समितियों की सिफारिश पर समय से पहले ही शुक्रवार को समाप्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कार्य मंत्रणा समितियों ने क्रिसमस और नये वर्ष के समारोह के लिए भी सभी दलों के संसद सदस्यों की मांग और भावनाओं का संज्ञान लिया।

उन्होंने बताया कि सत्र के नव निर्वाचित सदस्य के रूप में समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव ने शपथ ली। वहीं, राज्यसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि इस दौरान 63 घंटे, 20 मिनट का कामकाज निर्धारित था, जबकि 64 घंटे 50 मिनट अर्थात करीब 102 फीसदी कामकाज हुआ।

धनखड़ ने सत्र के दौरान बतौर सभापति पहली बार सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

## सारण जहरीली शराब कांड में मेन सप्लायर समेत चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**छपरा।** सारण में जहरीली शराब पीने से हुई 74 लोगों की मौत के मामले में बिहार पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने शराब तस्करी करने वाले मेन सप्लायर राजेश सिंह उर्फ डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। राजेश के साथ उसके चार साथी भी गिरफ्तार किए गए हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद इस मामले के तार उत्तर प्रदेश से जुड़ते नजर आ रहे हैं।

जहरीली शराब कांड में गिरफ्तार हुआ राजेश सिंह ही मिलावटी शराब बनवाता था। इसके बाद क्षेत्र में सप्लाई करता था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि राजेश यूपी के विभिन्न शहरों से होम्योपैथिक एवं केमिकल को सारण जिला में ट्रांसपोर्ट एवं अन्य माध्यमों से फर्जी नाम पता पर मंगाता था। यह सामान आने पर वह जहरीली शराब बनवाकर इलाके में तस्करी करता था।

**होम्योपैथी दवा की बोतलें बरामद**

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने सघन अभियान चलाकर इसका खुलासा किया है।

पूरे प्रकरण में मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से होम्योपैथी की दवा की सैकड़ों बोतलें बरामद की गई हैं। सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## रक्सौल : ईंट भट्टे की चिमनी में ब्लास्ट, 6 की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रक्सौल।** बिहार के रक्सौल में ईंट भट्टे की चिमनी ब्लास्ट के बाद 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं 20 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटना स्थल पर अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू में परेशानी हो रही है। घटना रामगढ़वा थाना क्षेत्र के नरिरगिर गांव के पास की है। भट्टे के नीचे कई और लोगों के दबे होने की बात कही जा रही है। जिसके बाद और मजदूरों के मौत की बात सामने आ रही है। हादसे के शिकार हुए एक मृतक की पहचान हुई, मरने वालों में एक चिमनी मालिक मो. इरशाद शामिल हैं। बाकी बाहरी मजदूर बताए जा रहे हैं। उनकी पहचान की जा रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का इलाज के लिए अस्पताल भेजा।



वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

**मचा कोहराम :** घटना के बाद मौके पर हाहाकार मचा हुआ है। पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से दबे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही है। वहीं लापता लोगों को तलाश किया जा रहा है।

**आग लगने के बाद जोरदार धमाका**

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि ईंट भट्ठा में आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ और चिमनी टूटकर नीचे गिर गई. जिसके बाद वहां काम कर रहे कई मजदूर दब गए। अभी 6 लोगों का शव निकाला जा चुका है।

# फिर सामने आया पूनम पांडेय का बोल्ड अवतार


पूनम पांडेय अपने बोल्ड अवतार की वजह से एक बार फिर चर्चा में हैं। बिग बॉस फेम एक्टर प्रतीक सहजपाल के बर्थडे बैश में पूनम ने अपनी कातिल अदाओं से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। सिल्वर कलर के डीप नेक शिमरी टॉप और ग्रीन कलर के पैंट में पूनम का बोल्ड लुक देख फैंस दीवाने हो रहे हैं। पूनम बोल्ड लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस 15' के पॉपुलर कंटेस्टेंट रहे प्रतीक सहजपाल ने मंडे को अपना 29वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। प्रतीक के बर्थडे पार्टी में कई सितारें पहुंचें हुए थें, लेकिन सबकी निगाहें पूनम पांडेय की तरह ही थी। पूनम पांडेय का बोल्ड लुक का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पूनम के लुक से दीवाने हुए फैंस एक्ट्रेस-मॉडल की तारीफ कर रहे हैं। पूनम पांडेय इस मौके पर पैपराजी को जमकर पोज देती हुई खुश नजर आईं। खुले बालों में पूनम की खूबसूरती और अंदाज देख फैंस गॉर्जियस कह रहे हैं। पूनम पांडेय अपने बोल्ड अंदाज के लिए फेमस हैं। पूनम जब कंगना रनौत के शो 'लॉकअप' का हिस्सा बनी थीं तो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई तरह के खुलासे किए थे।



आईपीएल की नीलामी — स्पोर्ट्स

# ग्रीन-पूरन-स्टोक्स हुए मालामाल, मयंक सबसे महंगे भारतीय

**कोच्चि।** आईपीएल के आगामी सीजन के लिए छोटी नीलामी की शुरूआत कोच्चि में शुक्रवार (23 दिसंबर) को हुई। इंग्लैंड के सैम करन ने नीलामी में सारे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। सैम करन के बाद कैमरन ग्रीन पर जमकर बोली लगी। ग्रीन का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। उन्हें मुंबई इंडियंस ने 17 .50 करोड़ रुपये में खरीदा। ग्रीन पहली बार आईपीएल में खेलेंगे। मुंबई ने उन्हें कीरोन पोलार्ड की जगह भरने के लिए टीम में शामिल किया है।





- **कैमरन ग्रीन (17.50 करोड़)**

ऑस्ट्रेलिया के फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के लिए मुंबई इंडियंस ने अपनी टीम के इतिहास की सबसे बड़ी बोली लगाई। साढ़े 17 करोड़ रुपये में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स भी इन पर दांव लगा रही थी।

- **बेन स्टोक्स (16.25)**

शानदार फॉर्म में चल रहे बेन स्टोक्स अब चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ खेलेंगे। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर का बेस प्राइस 2 करोड़ था, लेकिन उन्हें 16.25 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि मिली।

- **निकोलस पूरन (16 करोड़)**

वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन को लखनऊ सुपरजायंट्स ने 16 करोड़ की भारी भरकम कीमत देकर अपने साथ जोड़ा, इससे पहले वह सनराइजर्स हैदराबाद के साथ थे। लंबे समय तक पंजाब किंग्स की ओर से भी दम दिखाया।

- **हैरी ब्रुक (13.25 करोड़)**

1.5 करोड़ के बेस प्राइस वाले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी हैरी ब्रुक को सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ की भारी भरकम कीमत में खरीदा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने भी 5 करोड़ तक बोली लगाई थी, लेकिन बाजी हैदराबाद ने मारी।

- **मयंक अग्रवाल (8.25 करोड़)**

भारत के ओपनर मयंक अग्रवाल पिछले सीजन तक पंजाब किंग्स की कप्तानी करते थे, लेकिन अब सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेंगे। एक करोड़ के बेस प्राइज वाले मयंक को 8.50 करोड़ में हैदराबाद ने अपने साथ जोड़ा।

- **विव्रांत शर्मा (2.6 करोड़)**

जम्मू कश्मीर से आने वाले विव्रांत एक विस्फोटक बल्लेबाज हैं। महज 20 लाख के बेस प्राइज वाले इस अनजान बल्लेबाज को इतने पैसे मिलना वाकई में चौंकाता है।

- **शिवम मावी (6 करोड़)**

भारत के उभरते तेज गेंदबाज शिवम मावी पर एकबार फिर लक्ष्मी मेहरबान हुई है। 40 लाख के बेस प्राइज वाले इस पेसर को गुजरात टाइटंस ने 6 करोड़ की मोटी रकम देकर खरीदा।

- **मुकेश कुमार (साढ़े 5 करोड़)**

बिहार के लाल मुकेश कुमार की तो लॉटरी लग गई। बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले पेसर पर दिल्ली ने बड़ा दांव लगाया।

- **जेसन होल्डर (5.75 करोड़)**

2 करोड़ की बेस प्राइस वाले ऑलराउंडर जेसन होल्डर लखनऊ सुपरजायंट्स से अब राजस्थान रॉयल्स पहुंच गए हैं।

- **हेनरिच क्लासन (5.25 करोड़)**

साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज का बेस प्राइस एक करोड़ था, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद ने सवा 5 करोड़ रुपये का दांव लगाया।

स्पोर्ट्स

## दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश का स्कोर 7/0, भारत के पास 80 रन की बढ़त



स्कोर कार्ड
बांग्लादेश - 227
भारत- 19-0

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश की टीम ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। वह भारत के 314 रन के जवाब में अब भी 80 रन पीछे है। इससे पहले भारतीय टीम ने बांग्लादेश की पहली पारी में बनाए गए 227 रन के जवाब में 314 रन बनाए। भारत की तरफ से रिषभ पंत ने 93 और श्रेयस अय्यर ने 87 रन की शानदार पारी खेल कर भारत को बढ़त दिलाई। एक समय टीम इंडिया 98 रन पर 4 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी, लेकिन रिषभ पंत और श्रेयस अय्यर ने 5वें विकेट के लिए 159 रन जोड़कर मैच में भारत की वापसी करा दी। इन दोनों की पारी के दम पर भारत ने पहली पारी में 314 रन बनाकर 87 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश की तरफ से शाकिब अल हसन और तैजुल इस्लाम ने 4-4 विकेट हासिल किए। इससे पहले खेल की शुरूआत भारत के लिए अच्छी नहीं रही। भारत के स्कोर में 8 रन ही जुड़े थे कि तैजुल इस्लाम ने केएल राहुल के रूप में टीम इंडिया को पहला झटका दिया। राहुल 10 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे विकेट के तौर पर गिल 20 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे विकेट के लिए पुजारा और विराट ने 34 रन की साझेदारी की लेकिन 24 रन के स्कोर पर पुजारा भी आउट हो गए।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !